CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 34°C
न्यूनतम : 21°C

देहरादून, गुरुवार 14 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 276 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 26 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बुजुर्गों, विधवाओं व दिव्यांगों के साथ अन्याय कर रही है मोदी सरकार : खड़गे पेज 2



पैट कमिंस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स



स्त्री को खुद लिखनी होगी अपनी परिभाषा सम्पादकीय



ट्रम्प के रक्षा बजट पर मचा बवाल, ईरान युद्ध पर अमेरिकी संसद में घमासान पेज 12

# हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना जरूरी नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, यह जीवन जीने का तरीका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हिंदू धर्म को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का तरीका है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति के हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई विशेष धार्मिक कर्मकांड करना अनिवार्य नहीं है। यहां तक कि यदि कोई व्यक्ति अपने घर या झोपड़ी में दीपक जलाता है, तो वही उसकी आस्था और धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है। यह टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने की। पीठ धार्मिक स्वतंत्रता, महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश और विभिन्न समुदायों की धार्मिक प्रथाओं से जुड़े मामलों पर सुनवाई कर रही है। इनमें सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश का मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, एमएम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, आगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वराले, आर. महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। सुनवाई के 15वें दिन जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, एक हस्तक्षेपकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डा. जी. मोहन गोपाल ने अदालत के समक्ष कहा कि धार्मिक समुदायों के भीतर से सामाजिक न्याय की मांग उठ रही है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म को पहले एक धार्मिक श्रेणी के रूप में परिभाषित किया गया था और बाद में 1966 में एक फैसले में कहा गया कि हिंदू वह है, जो धर्म और दर्शन से जुड़े सभी मामलों में वेदों को सर्वोच्च मानता है। डा. गोपाल ने अदालत से कहा कि उन्होंने हमसे कभी नहीं पूछा। हममें से किसी ने भी ऐसा नहीं कहा। मुझे वेदों के प्रति सर्वोच्च सम्मान और गहरी श्रद्धा है, लेकिन क्या आज हर वह व्यक्ति जिसे हिंदू माना जाता है, वास्तव में वेदों को धर्म और दर्शन में सर्वोच्च मानता है? इस पर न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इसीलिए हिंदू धर्म को जीवन जीने का तरीका कहा जाता है। किसी हिंदू के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है, ताकि वह हिंदू बना रहे। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति को कर्मकांडों का पालन करना जरूरी नहीं है और किसी की आस्था के रास्ते में कोई बाधा नहीं डाल सकता।



## नीट पेपर रद्द : NTA को बदलने की मांग

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि एनटीए द्वारा नीट यूजी 2026 परीक्षा के आयोजन में व्यवस्थित विफलता हुई है। याचिका में मांग की गई है कि नीट को बदला जाए या उसका पूरी तरह से पुनर्गठन किया जाए। साथ ही, नीट-यूजी 2026 की नई परीक्षा न्यायिक निगरानी में कराई जाए। याचिका में यह मांग की गई है कि वह केंद्र सरकार को एनईटी परीक्षा आयोजित करने के लिए एनटीए को एक अधिक मजबूत, तकनीकी रूप से उन्नत और स्वायत्त निकाय से बदलने का निर्देश दे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुलायम सिंह के छोटे बेटे प्रतीक का निधन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) संरक्षक मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह 38 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह करीब छह बजे प्रतीक यादव को लखनऊ के सिविल अस्पताल लाया गया था, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभी तक मौत के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

### अमूल दूध 2 रुपये प्रति लीटर महंगा

**नई दिल्ली।** डेयरी और एफएमसीजी क्षेत्र से उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। अमूल ने अपनी दूध की कीमतों में इजाफा करने का फैसला किया है, जिसका सीधा असर आम आदमी के मासिक बजट पर पड़ेगा। अमूल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पूरे भारत में दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की मूल्य वृद्धि है, जो देश के सभी बाजारों में समान रूप से लागू की जा रही है।

## CBSE 12वीं के नतीजे घोषित बेटियां फिर अव्वल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया, लेकिन इस बार 12वीं के वार्षिक परिणाम में पिछले साल की तुलना में गिरावट दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष कुल पास प्रतिशत में 3.19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इस बार पंजीकृत 17.80 लाख छात्रों में से 17,68,968 छात्र परीक्षा में बैठे, जिनमें से 15,07,109 छात्र सफल रहे। इस वर्ष का कुल पास प्रतिशत 85.20 फीसदी रहा, जबकि वर्ष 2025 में यह आंकड़ा 88.39 प्रतिशत था। इस प्रकार पिछले साल के मुकाबले परिणामों में स्पष्ट गिरावट देखी गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 12वीं के नतीजों में इस बार भी छात्राओं ने छात्रों के मुकाबले बाजी मारी है। इस वर्ष छात्राओं का कुल पास प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि छात्रों का पास प्रतिशत 82.13 दर्ज किया गया। इस प्रकार, सफलता के मामले में लड़कियां लड़कों से 6.73 प्रतिशत आगे रही हैं। हालांकि, पिछले साल की तुलना में छात्राओं के प्रदर्शन में भी गिरावट आई है।

# उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में होगी स्वैच्छिक चकबंदी

## महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट के 19 पदों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- लघु जल विद्युत परियोजना की नीति में संशोधन पर मुहर
- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 19 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने प्रदेश में चकबंदी को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अलावा कैबिनेट ने कई अन्य विभागों से संबंधित फैसले भी लिए हैं।

कैबिनेट ने चकबंदी को लेकर जो फैसला लिया है उसके मुताबिक पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक चकबंदी होगी। हर जिले में 10 गांव का लक्ष्य रखा गया है। 75 प्रतिशत ग्रामीणों की सहमति जरूरी होगी। डिजिटल माध्यम से चकबंदी होगी। आपत्ति का निस्तारण भी होगा। राजस्व परिषद समीक्षा अधिकारी सेवा नियमावली में संशोधन को मंजूरी। कम्प्यूटर का ज्ञान के बजाय 8000 की टाइपिंग स्पीड, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, विंडोज का भी ज्ञान जरूरी। सगंध पौध केंद्र का नाम परफ्यूमरी अनुसंधान संस्थान होगा। सुप्रीम कोर्ट के तहत दो पद और होंगे। मेडिकल कॉलेज में कमेटी तीन साल के लिए संविदा पर रखती थी। अब सचिव स्तर पर ही होगा। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के ढांचे का पुनर्गठन होगा। 29 से बढ़ाकर 40 पद किए गए। राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में 277 कार्मिक 2009 से लगे हैं, उनको समान कार्य समान वेतन -शेष पृष्ठ दो पर

Shobhit
Institute of Engineering & Technology
Deemed to-be-University
EDUCATION EMPOWERS

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

TIME TO SHINE
WITH SUEducation

UGC 12B Status Granted

37 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

Admission Notice 2026-27

School of Computational Sciences and Engineering
B.Tech. Computer Science & Engineering
Artificial Intelligence & Machine Learning | Data Science | Cyber Security
Cloud Computing | Full Stack Development
M.Tech. Computer Science & Engineering
BCA (Bachelor of Computer Applications)
Artificial Intelligence & Machine Learning | Cyber Security
Internet of Things | Data Science
MCA (Master of Computer Applications)
Cloud Computing | IoT | Network and Information Security
Full Stack Development | Data Science & Machine Learning
M.Sc. Artificial Intelligence | M.Sc. Data Sciences
M.Sc. Cyber Security

School of Biomedical Engineering & Health Sciences
B.Tech. Biomedical Engineering
Clinical & Neural Engineering | Biomaterials & Bio-nanotechnology
Cellular, Tissue & Genetic Engg | Biomedical Signal & Image Processing
Biomedical Electronics & Instrumentation
M.Tech. Biomedical Engineering
B.Sc. (Honors) Biomedical Sciences
M.Sc. Biomedical Sciences | M.Sc. Medical Physics

School of Biotechnology & Life Sciences
B.Tech. Biotechnology
AI & Data Driven Biotechnology | Industrial & Pharmaceutical Biotechnology
Medical Biotechnology | Bio-Entrepreneurship & Regulatory Affairs
M.Tech. Biotechnology
B.Sc. (Honors) Biotechnology | B.Sc. (Honors) Microbiology
B.Sc. (Honors) Nutrition & Dietetics
M.Sc. Biotechnology | M.Sc. Microbiology | M.Sc. Bio-Info
M.Sc. Clinical Research | M.Sc. Food Science & Technology

School of Agriculture & Environmental Sciences
B.Tech. Agriculture Engineering
Geospatial AI & Remote Sensing | Soil & Water Conservation Engg
Farm Machinery & Power Engg | Processing & Food Engg
M.Tech. Agriculture Engineering
B.Sc. (Honors) Agriculture
M.Sc. Horticulture | M.Sc. Agronomy
M.Sc. Environmental Sciences | M.Sc. Geo-Informatics

School of Humanities, Physical & Mathematical Sciences
M.Sc. Mathematics | M.Sc. Geo-Informatics

NICE School of Business Studies (NICE SBS)
BBA (Bachelor of Business Administration)
Digital Marketing | Banking, Finance & Insurance
Global Business & Management
MBA (Master of Business Administration)
Agri-Business & Rural Entrepreneurship | Digital Business & AI
Global Trade & Logistics Management | Fintech, Banking & Insurance
People Management & HR Analytics | Marketing & E-Commerce
Pharmaceutical & Healthcare Management

School of Law & Constitutional Studies
BA LL.B. | B.Com. LL.B. (Honors) | BBA LL.B. (Honors)
LL.B. (3 Years)
LL.M. (2 Years/1 Year)
Constitutional & Administrative Law | Corporate & Commercial Law
Criminal & Security Law | Cyber Law | Intellectual Property Rights

School of Education
B.Ed. (Bachelor of Education)

Centre for Commerce, Economics, and FinTech
B.Com. (Honors) | M.Com.
BA (Honors) Business Economics

Centre for Psychology & Human Behaviour
BA (Honors) Psychology
PG Diploma in Counselling Psychology

Centre for Law & Good Governance
BA (Honors) Government & Administration (4 Years)

Centre for Yoga & Research
PG Diploma in Yoga

Doctoral Studies
The University offers a rigorous and research-oriented Ph.D. program aimed at fostering innovation and advancing knowledge across diverse disciplines.

SUNET
Admission and Scholarship Pathway
Shobhit University National Entrance & Scholarship Test
www.shobhituniversity.ac.in/sunet.php

THE SHOBHIT DIFFERENCE

A Century of Purpose
A hundred years of family legacy empowering lives, communities and the nation through education – since 1924.

70+ Programs. One University
Engineering, AI, Cyber Security, Data Sciences, Fintech, Biomedical Sciences, Agri-Business, Law and more.

Research That Matters
Patents, Ph.D. programs, an MSME Technology Business Incubator and an AICTE IDEA Lab – innovation is part of daily life here.

Your Career Starts Here
Placement training, soft-skills development and strong recruiter engagement every year – the University Training & Placement Cell connects students to opportunities across IT, BFSI, Manufacturing, Life Sciences and Consulting.

Clubs and Societies
More than fifty student clubs and societies. From robotics to theatre, every student finds their stage here. Because leaders are shaped outside the classroom too.

Alumni Across the Globe
Shobhit graduates work in organisations and communities across more than thirty countries.

Connectivity
Travel from Delhi by RRTS and from anywhere in Meerut by Metro – Modipuram Station is just 200 metres from the University gate.



INTERNATIONAL PATHWAYS
MBA Pathway to USA • UK • France

RANKINGS
PROUDLY TOP 5 IN INDIA
In the List of Top 10 Applicants for Patents from Scientific Industrial Research Organisations (DST-SIRO)
Dept. for Promotion of Industry and Internal Trade
Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India

1 Amongst India's Distinguished Law Schools The CSR Law School Survey 2025
27 Amongst TOP B-School of India Times B-School Survey 2026
26 Amongst Top Private and Deemed multidisciplinary University The WEEK-India's Best Universities Ranking Survey 2025
25 Amongst Top Engineering Institutions of India Times Engineering Institute Ranking Survey 2025

SCAN TO APPLY

SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed-to-be University established u/s 3 of UGC Act, 1956]
NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR | www.shobhituniversity.ac.in

Admission Helpline
7617505016 / 9870265521

Delhi Office: Shobhit University Tower, Pocket-B, Mayur Vihar Phase-II, New Delhi-110091 | +91-11-35205500

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनेगा नागपुर हवाई अड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सरकार ने बुधवार को नागपुर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसे सार्वजनिक-नि भागीदारी (पीप. ीपी) के तहत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के तौर पर विकसित किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने नाग. पुर हवाई अड्डे के लिए मिहान इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) को दी गई लीज की अवधि 06 अगस्त 2039 से आगे 30 साल और बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एमआईएल भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी का संयुक्त उपक्रम है।

### शिक्षक वेतन घोटाले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में शिक्षा और समाज कल्याण विभाग को शर्मसार करने वाले 51 लाख रुपये के 'शिक्षक वेतन घोटाले' में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि समाज कल्याण विभाग के मंडलीय उप निदेशक आरके चौरसिया की शिकायत पर दर्ज मामले में आरोपी अधिकारी लंबे समय से फरार चल रहा था। बुधवार सुबह कोतवाली पुलिस ने मुखिबर की सूचना पर कुंवर सिंह उद्यान के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया।

## प्रतीक यादव के निधन से शोक की लहर

### सीएम योगी व अजय राय ने जताया दुख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और भारतीय जनता पार्टी नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के बुधवार को आकस्मिक निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मुख्यमंत्री योगी ने अपने शोक संदेश में कहा कि प्रतीक यादव का आकस्मिक निधन अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। अखिलेश यादव ने अपने चचेरे भाई प्रतीक यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। विनम्र श्रद्धांजलि। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के पुत्र एवं उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है।

इस कठिन समय में मेरी संवे. दनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस अपार दुख्ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भी प्रतीक यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### प्रतीक यादव के निधन पर भावुक हुए अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव के निधन पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बेहद भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि प्रतीक का जाना परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है। किंग जार्ज मेडिकल यूनीवर्सिटी (केएमयू) के शव विच्छेदन गृह (पोस्टमार्टम हाउस) पहुंचे अखिलेश ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रतीक यादव आज हमारे बीच नहीं है, बहुत दुख है। वह नौजवान था। बचपन से ही उसे स्वास्थ्य के प्रति, अपने हेल्थ के प्रति जागरूकता थी और वन में आगे बढ़ना चाहता था। वह बहुत अच्छा लड़का था जो अपने मेहनत से कुछ करना चाहता था।

## बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगों के साथ अन्याय कर रही है सरकार

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजनों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी मासिक पेंशन में वर्षों से कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि महंगाई के कारण गरीब और वंचित वर्ग गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

खड़गे ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सरकार एक ओर देश को मितव्ययिता और त्याग का पाठ पढ़ाती है, वहीं दूसरी ओर बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों की गरिमा छीन रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में मोदी सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन में 'एक पैसे' तक की वृद्धि नहीं की, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती रही है। उन्होंने कहा कि देश नागरिकों की क्रय शक्ति में लगभग 45 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद 200 रुपये की पेंशन का वास्तविक मूल्य करीब 110 रुपये, 300 रुपये की पेंशन का मूल्य 165 रुपये और 500 रुपये की पेंशन का मूल्य लगभग 275 रुपये के बराबर रह गया है।



■ 12 वर्षों से नहीं हुई वृद्धावस्था पेंशन में एक पैसे की वृद्धि: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता के कल्याण पर खर्च बढ़ाने के बजाय विज्ञापनों और अपने प्रचार पर भारी खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि 2014-15 से 2024-25 के बीच सरकार ने विज्ञापनों के माध्यम से सपने प्रचार पर 5,987.46 करोड़ रुपये खर्च किए। खड़गे ने कहा कि करोड़ों बुजुर्ग नागरिक बुनियादी दवाइयों और भोजन तक के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि सरकार खुद के प्रचार, बड़े आयोजनों और चुनावी अभियानों पर फिजूलखर्ची कर रही है।

### देश में राजनीतिक पांखड चरम पर पहुंचा है: तिवारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बुधवार को कहा कि देश में 'राजनीतिक पाखंड चरम पर' पहुंच गया है। तिवारी ने आरोप लगाया कि एक तरफ मंत्री सरकारी फ्लीट कम करने का दिखावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ विधायक हजारों गाड़ियों के काफिले निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के नेता मेट्रो और ट्रेन में फोटो खिंचवाकर सादगी का प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि सरकारी गाड़ियां खाली घूम रही हैं। उन्होंने इसे जनता को गुमराह करने की को. शिश बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए तिवारी ने कहा कि सरकार को अपनी आर्थिक नीति सुधारने की जरूरत है। उन्होंने जोर दिया कि विदेश नीति 'डर और सहम' की नीति नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि अमेरिका के सामने झुकने और इजराइल के प्रति अत्यधिक समर्पण दिखाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होगी।

### युवा कांग्रेस और एनएसयूआई चलाएंगी देशव्यापी आंदोलन

## नीट पेपर लीक की जेपीसी जांच कराई जाए: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

युवा कांग्रेस और कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के पेपर लीक मामले को गंभीर अपराध बताया है और इसकी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग की है।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा एनएसयूआई अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने बुधवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा शासन में गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों का भविष्य अनिश्चित होता जा रहा है और नीट परीक्षा पेपर लीक की ताजा घटना ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। उनका



■ कहा: भाजपा शासन में गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों का भविष्य अनिश्चित होता जा रहा

कहना था कि सरकार दूसरे देशों के बीच चल रहे युद्ध को रोकने जैसी बातें भी करती है लेकिन अपने देश में पेपर लीक जैसे अपराधिक घटनाओं को नहीं रोक पा रही है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में जिम्मेदारी तय कर कोचिंग संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। श्री चिब ने नीट पेपर लीक मामले की जांच जेपीसी से कराने की मांग की और कहा कि इस मामले में सबसे पहले जिम्मेदारी लेते हुए देश के शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा शासन में बार-बार बड़े स्तर पर पेपर लीक की घटनाएं क्यों हो रही हैं। उनका कहना था कि इस मामले में जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और यह स्पष्ट होना चाहिए कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं हो और पेपर लीक जैसे जघन्य अपराध के दोषियों को सख्त सजा मिले। उन्होंने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को प्रतिबंधित करने की मांग करते हुए कहा कि परीक्षाओं का संचालन सरकार को स्वयं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि उनकी सरकार बनने पर पेपर लीक जैसे अपराधों को रोकने के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया जाएगा।

### नीट पेपर लीक पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ बुधवार को यहां जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ता युवा कांग्रेस कार्यालय से रायसीना रोड की ओर मार्च निकाल रहे थे, लेकिन दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिग कर उन्हें रोक दिया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। लाकड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर हस्तक्षेप कर सकते हैं, लेकिन देश में लगातार हो रहे पेपर लीक नहीं रोक पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएटीए बनने के बाद से लगातार परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठे हैं और इससे छात्रों का भरोसा टूटा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 89 पेपर लीक हुए, जबकि नीट परीक्षा चार बार विवादों में रही और 48 बार पुनर्परीक्षाएं करानी पड़ीं।

## प्रवासी श्रमिकों को करना पड़ता है चुनौतियों का सामना: न्यायमूर्ति

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों को अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि उनमें से अधिकतर असंगठित क्षेत्र से संबंधित हैं।

न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन ने बुधवार को 'प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा: सरकार और नि क्षेत्र की साझा जिम्मेदारी' विषय पर अपनी कोर ग्रुप की बैठक में कहा कि प्रवासी श्रमिक असंगठित क्षेत्र से जुड़े होने के कारण सबसे अधिक चुनौतियों का सामना करते हैं। भाषा की बाधाएं, लगातार स्थान परिवर्तन और स्थाई आवास का अभाव उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा करने से रोकता है। उन्होंने कहा कि भारत में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए मजबूत कानून मौजूद हैं, लेकिन उनकी प्रभावी क्रियान्वयन सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि केवल नीतियां बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि अंतरराज्ईय समन्वय, पोर्टेबल सामाजिक सुरक्षा और श्रम कानूनों के सख्त पालन जैसे प्रणालीगत सुधारों की जरूरत है। उन्होंने निर्माण, होटल, व्यापार और घरेलू कार्यों में लगे प्रवासी श्रमिकों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। एनएचआरसी के सदस्य जस्टिस (डॉ.) बिद्युत रंजन सारंगी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को न तो उचित सम्मान मिलता है और न ही समय पर मजदूरी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74608.98
निफ्टी 23501.25

सोना 160977 प्रति 10 ग्राम
चांदी 287720 प्रति किलो

## चार दिन की गिरावट से उबरा शेयर बाजार, सेंसेक्स 50 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार चार दिन की गिरावट से उबरने में कामयाब रहे और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 49.74 अंक (0.07 प्रतिशत) चढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 121.70 अंक यानी 0.52 प्रतिशत ऊपर 23,501.25 अंक पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस पर दोनों प्रमुख सूचकांक पांच सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए थे। वृहत बाजार में ज्यादा ते रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 1.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0. 64 प्रतिशत की बढ़त में रहा। ऑटो, आईटी, बैंकिंग, मीडिया और रियलिटी सेक्टरों में गिरावट रही। धातु शेयर का सूचकांक तीन प्रतिशत से अधिक चढ़ा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांकों में भी अच्छी ते रही। एनएसई में जिन 3,378 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से



1,960 के शेयर हरे निशान में और 1,300 के शेयर लाल निशान में रहे। अन्य 118 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयरों में गिरावट और अन्य 13 में बढ़त रही। एशियन पेंट्स का शेयर 4.48 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टाटा स्टील में 3. 63 प्रतिशत, बीईएल में 2.93, अडानी पोर्ट्स में 2. 79, भारती एयरटेल में 1.78, एलएंडटी में 1.56, इंडिगो में 1.20 आईटीसी में 1.18 और टाइटन में 0. 95 प्रतिशत की रही। ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.07 प्रतिशत टूट गया। पावर ग्रिड में 1.52 फीसदी, इंफोसिस में 1.51, टेक महिंद्रा में 1.25, टीसीएस में 1.21 और सनफार्मा में 1.16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### सोना 9,345 और चांदी 22,853 महंगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी है। बुधवार को जारी इस आदेश के बाद आज यानी 13 मई को सर्राफा बाजार में सोना 9 हजार और चांदी 22 हजार रुपए महंगी हो गई है। 10 ग्राम सोने का भाव 9,345 बढ़कर 1,60,977 रुपए और 1 किलो चांदी का भाव 22,853 बढ़कर 2,87,720 रुपए पर पहुंच गया है। सरकार का मकसद विदेशी खरीद कम करना और देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव को घटाना है। अमे. रिकी-ईरान जंग के बीच सरकार ने ये फैसला लिया है। सरकार ने सोने पर 10 प्रतिशत बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5 प्रतिशत एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस लगाया है।

## मोदी की सेना न खरीदने की अपील से सर्राफा कारोबारी चिंतित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आमजन से बगैर जरुरत एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने की अपील के बाद सर्राफा कारोबार और आभूषण निर्माण से जुड़े कारीगरों में रोजगार को लेकर चिंता बढ़ गई है। कारोबारियों और कारीगरों का कहना है कि यदि सोने की खरीद घटती है, तो इससे लाखों लोगों की रो-रोटी पर संकट खड़ा हो सकता है।

सर्राफा कारोबार से जुड़े ज्वैलर्स राम ने बताया कि सोने के आभूषण तैयार करने वाले कारीगर पूरी तरह इस उद्योग पर निर्भर हैं। यदि लोग सोना खरीदना बंद कर देंगे, तो ज्वैलर्स को नए आभूषणों के ऑर्डर नहीं मिलेंगे और कारीगरों को काम नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि काम बंद होने से मजदूरी नहीं मिलेगी और बड़ी संख्या में कारीगर बेरोजगार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सोने की बिक्री प्रभावित होने पर ज्वैलरी दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन पर भी असर पड़ेगा, जिससे बेरोजगारी और बढ़ सकती है। सहारनपुर सर्राफा कारोबार के आंदोलनों से जुड़े राक. ेश गुप्ता ने कहा कि अधिकांश कारोबारियों ने अपनी पूं और कमाई इसी व्यवसाय में निवेश की हुई है। यदि सोने की बिक्री नहीं होगी, तो कारोबारियों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो जाएगा। उन्होंने सरकार से इस स्थिति का समाधान बताने की मांग की। सर्राफा पंचायत सदस्य विपिन अग्रवाल ने कहा कि पहले से ही सराफा बाजार में लगभग 80 प्रतिशत काम प्रभावित है। सोने की कीमतें इतनी अधिक हो चुकी हैं कि आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गई हैं। उन्होंने कहा कि कारोबार मंदा होने के कारण कर्मचारियों का वेतन देना भी मुश्किल हो रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश उद्योग एवं व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष शीतल टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित में लोगों से अनावश्यक रूप से सोना न खरीदने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने केवल आवश्यकता होने पर ही सोना खरीदने तथा केवल लॉकर में रखने के उद्देश्य से सोना न खरीदने की बात कही है। टंडन ने बताया कि वर्ष 1967 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी विदेशी मुद्रा संकट के समय लोगों से सोना न खरीदने की अपील की थी।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### सोलंकी ने 100 दिनों की भारत जलवायु सत्याग्रह यात्रा की शुरूआत की

**नई दिल्ली।** मुंबई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआई) के पूर्व प्रोफेसर प्रो. चेतन सिंह सोलंकी ने जलवायु परिवर्तन और टिकाऊ वनशैली को लेकर देशव्यापी जन जागरूकता अभियान की शुरुआत करते हुए बुधवार को यहां स्थित महात्मा गांधी के स्मारक राजघाट से 100 दिनों की 'भारत जलवायु सत्याग्रह यात्रा' की शुरुआत की। 'सोलर मैन ऑफ इंडिया' नाम से प्रसिद्ध प्रो. सोलंकी आज यहां राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ यात्रा की शुरुआत की।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड के...** मिलेगा। लैब टेक्नीशियन संवर्ग के ढांचे को पुनर्गठन किया जाएगा। 266 मेडिकल लैब टेक्निकल ऑफिसर के होंगे। महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट के कुल 16 पदों को मंजूरी मिली है। लघु जल विद्युत परियोजना की नीति में संशोधन को मंजूरी दी गई है। डेवलपर की परफार्मेंस सिक्योरिटी शून्य होगी। पहले परियोजना की डीपीआर बनती थी, अब प्री फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनेगी। जब विकासकर्ता को फॉरेस्ट क्लीयरेन्स मिलेगी, तो उसके समय तय होंगे। उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा अधि. नियम के लिए शैक्षिक नियमावली मंजूर। मान्यता के आवदेन की प्रक्रिया, शर्तें, नवीनीकरण, मान्यता समाप्त करने के नियम तय हुए हैं। निर्माण के लिए 10 लाख प्रति पंचायत के बजाय अब 20 लाख मिलेंगे। विधानसभा सत्र के सत्रावसान को मंजूरी दी गई। फॉरेंसिक साइंस में 15 पद सृजित करने को मंजूरी मिली है। यात्रा व्यवसाय पंजीकरण नियमावली में संशोधन को मंजूरी। अब होम स्टे छह के बजाय आठ कमरे तक का होगा। संचालक को वहां रहना होगा। नवीनीकरण स्वत: हो जाएगा। उत्तराखंड राज्य चकबंदी कर्मियों की सेवा नियमावली 2026 को मंजूरी मिली है। यूपीसीएल, यूजेवीएनएल और पिटकुल में पहले निदेशक के चयन की नियमावली बनी थी। जिसमें निदेशक मंडल में नियुक्त शब्द हटाया गया है। अब बाहर का व्यक्ति भी निदेशक बन सकेगा।

## पेपर लीक रोकने को सड़कों पर उतरे जेन-जी: केजरीवाल

नई दिल्ली, वार्ता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि कि पेपर लीक जैसे घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़ेगा।

केजरीवाल ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर बुधवार को देश के युवाओं (जेन-जी) से सीधा वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने जेन का आह्वान करते हुए कहा कि बहुत हुआ पेपर लीक, अब इस घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन-जी को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़ेगा। उन्होंने नेपाल और बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए युवाओं से कहा कि जब वहां जेन अपनी सरकार बदल सकते हैं, तो हमारे देश का जेन पेपर लीक कराने में शामिल मंत्रियों-नेताओं को जेल क्यों नहीं भिजवा सकता? हर बार पेपर लीक की



जांच सीबीआई को सौंप दी जाती है, लेकिन आजतक किसी को सजा नहीं मिली। इस बार भी कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने सवाल किया कि ज्यादातर पेपर लीक भाजपा शासित राज्यों में क्यों होते हैं, क्या इस घिनौने खेल में भाजपा के नेता सीधे तौर पर शामिल हैं? कुछ लोग सिस्टम फेल होने की बात करते हैं, लेकिन वे लोग ऐसा कहकर अनजाने में पेपर लीक में शामिल टॉप पर बैठे व्यक्ति को बचा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि यह देश युवाओं का है। इन नेताओं को इस देश में कोई दिलचस्पी नहीं। इनके बच्चे तो विदेशों में पढ़ते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि देश के एक बड़े नेता ने कभी कहा था कि जरूरत पड़ी, तो झोला उठाकर चला जाऊंगा, लेकिन हम कहां जाएंगे? हमारा परिवार तो इसी देश में रहता है। इसलिए हमें और युवाओं को मिलकर ही इस देश को बचाना होगा। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जांच सीबीआई को सौंप दी गई है, हर बार की तरह इस बार भी सीबीआई ने 10-15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। हर बार की तरह इस बार भी सभी आरोपी तीन से चार महीने में जमानत पर बाहर आ जाएंगे और हर बार की तरह इस बार भी ये सारे जेल से छूटे हुए बदमाश फिर से अगले साल पेपर लीक करने की तैयारी शुरू कर देंगे। केजरीवाल ने कुछ उदाहरण देकर युवाओं को समझाते हुए कहा कि 2014 में जब से देश में मोदी सरकार आई है, तब से लेकर अब तक 93 पेपर लीक हुए हैं।

### ट्रम्प के आगे झुकना बंद कर रूस से तेल खरीदें मोदी: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आगे झुकना बंद कर तत्काल रूस से तेल एवं गैस खरीदना शुरू करना चाहिए। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन कर रूस से गैस लेकर भारत आ रहे एक जहाज को केंद्र सरकार की ओर से वापस लौटाने पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आप, ट्रम्प के आगे झुकना बंद कीजिए और तत्काल रूस से तेल तथा गैस खरीदना शुरू कीजिए। एक तरफ तो आप देश को पेट्रोल, डीजल और गैस बचाने की सलाह दे रहे हैं और दूसरी तरफ रूस तेल-गैस दे रहा है तो लेने से मना कर रहे हैं, क्यों? उन्होंने कहा कि पूरे देश में अफवाह फैली हुई है कि अडानी को बचाने और एपस्टीप फाइल में नाम आने से मोदी बहुत डरे हुए हैं।

## कांग्रेस की ग्रेट निकोबार परियोजना पर ओरांव से हस्तक्षेप की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता तथा पार्टी संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आदिवासी कार्य मंत्री जुएल ओरांव को पत्र लिखकर अंडमान-निकोबार की ग्रेट निकोबार परियोजना में आदिवासी समुदायों के वन अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है।

रमेश ने ओरांव को बुधवार को लिखे पत्र में कहा कि केंद्र सरकार ने ग्रेट निकोबार परियोजना में सभी वैधानिक प्रक्रियाओं के पालन का दावा किया है, लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत आवश्यक ग्राम सभा की सहमति, वन अधिकारों के निपटारे व आदिवासी समुदायों से वैधानिक परामर्श की प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि 13 हजार हेक्टेयर से अधिक वन भूमि हस्तांतरण के



मामले में निकोबारी और शोम्पेन जनजातियों की पारंपरिक भूमि शामिल होने के बावजूद गैर-आदिवासी बस्तियों की ग्राम सभाओं की सहमति को आधार बनाया गया, जो कानून के विपरीत है। इस मामले में एक व्यक्ति द्वारा पूरी जनजाति की सहमति दिखाने पर भी सवाल उठाया है तथा कहा कि बाद में संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस लेने के बावजूद उसे सहमति के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने अपने पत्र में शोम्पेन समुदाय की ओर से कथित सहमति प्रक्रिया और 18 अगस्त 2022 के प्रशासनिक प्रमाणपत्र को भी गलत बताया।

# कैबिनेट में ऊर्जा, स्वास्थ्य व पर्यटन को लेकर बड़े फैसले

**■ धामी कैबिनेट की बैठक में 19 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रीमंडल की बैठक में 19 प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इनमें ऊर्जा बचत, पर्यटन, परिवहन, स्वास्थ्य और ग्रामीण व्यवस्थाओं से जुड़े फैसले शामिल हैं। राज्य सरकार जल्द नई ईवी पॉलिसी लाएगी। एक अधिकारी, एक वाहन फार्मूला लागू होगा। सरक. ारी खरीद में 50 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन अनिवार्य किए गए हैं।

**उत्तराखण्ड राजस्व परिषद, समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी सेवा संशोधन नियमावली, 2026 के संशोधन को मंत्रीमण्डल की मंजूरी**

राजस्व विभाग के अंतर्गत राजस्व परिषद समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी सेवा संशोधन नियमावली 2026 में संशोधन को मंत्रिमंडल की मंजूरी दी है। इसके तहत कंप्यूटर टाइपिंग जो कि एक अधिमानी अहर्ता रखी गई थी। जिसके तहत सिर्फ कंप्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक था। अब इसे क्वांटिफाई करते हुए 8,000 की-डिप्रेशन प्रति घंटा की टाइपिंग स्पीड होगी चाहिए। माइक्रोसोफ्ट ऑफिस का बेसिक ज्ञान , एवं विंडोज एंड इंटरनेट का भी ज्ञान होना जरूरी है।



### ऊर्जा विभाग के तीनों निगमों में निदेशक नियुक्ति नियमावली में संशोधन को सहमति

ऊर्जा विभाग के अंतर्गत तीनों निगमों में निदेशक की नियुक्ति से संबंधित नियमावली में संशोधन करते हुए निदेशक मंडल में नियुक्त शब्द से नियुक्त शब्द को हटाए जाने पर मंत्रीमण्डल द्वारा प्रदान की गई मंजूरी। इस संबंध में पूर्व में नियमावली बनी थी, उसमें यह समस्या उत्पन्न हो रही थी कि इसमें निदेशक के चयन के लिए पूर्व में व्यवस्था रखी गई थी कि निदेशक मंडल में नियुक्त मुख्य अभियंता, महाप्रबंधक और उससे उच्च स्तर के अधिकारी इसमें पात्र होते थे जिसमें से अब निदेशक मंडल में नियुक्त निदेशक मंडल में नियुक्त शब्द को हटाने के प्रस्ताव पर मंत्रिमंडल द्वारा सहमति दी गई है।

### उत्तराखंड पर्यटन यात्रा व्यवसाय पंजीकरण नियमावली संशोधन को मंजूरी

उत्तराखण्ड पर्यटन यात्रा व्यवसाय पंजीकरण नियमावली में संशोधन पर कैबिनेट की मंजूरी। पूर्व में होमस्टे एवं ब्रेड एण्ड ब्रेकफास्ट के लिये अलग-अलग नियमावलियां थी। इन्हें संकलित करते हुए एक नियमावली प्रस्तावित की गई थी जिसे कैबिनेट द्वारा मंजूरी प्रदान करते हुए होमस्टे के तहत कमरों की संख्या को 05 से बढाकर 08 किया गया है। रिन्यूअल की व्यवस्था को सरल बनाते हुए रिन्यूअल फीस को ऑनलाईन भुगतान किये जाने पर ऑटोमैटिक रिन्यूलअल माना जायेगा।

**सगंध पौधा केंद्र का नाम बदले जाने को स्वीकृति**

सेलाकुई स्थित सगंध पौधा केंद्र (कैप) का नाम बदलकर परफ्यूमरी एवं सगंध अनुसंधान एवं विकास संस्थान (परफ्यूमरी एंड एरोमैटिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट) रखे जाने की कैबिनेट ने प्रदान की मंजूरी।

**रजिस्ट्रार न्यायालय एवं केस प्रबंधक का पद सृजित करने को हरी झंडी**

उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के निर्णय के क्रम में न्याय विभाग के अंतर्गत रजिस्ट्रार न्यायालय एवं केस प्रबंधक का पद सृजित किये जाने के लिये मंत्रीमंडल ने दी मंजूरी।

**सचिव स्तर पर कार्मिकों की संविदा पर नियुक्ति को अनुमोदन**

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेजों में कार्मिकों की कमी को दूर किये जाने के लिए संविदा पर संकाय सदस्यों को 03 वर्ष के लिये रखे जाने के लिये अबतक विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री का अनुमोदन अनिवार्य होता था। इन नियमों में संशोधन करते हुए कार्मिकों का चयन सचिव स्तर पर किये जाने का मंत्रीमंडल द्वारा दिया गया अनुमोदन।

**मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में 277 कार्मिकों को समान कार्य-समान वेतन की मंजूरी**

राजकीय मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में कार्यरत संविदा, दैनिक वेतन, नियत वेतन एवं प्रबन्धन समिति आदि के माध्यम से कार्यरत कुल 277 कार्मिकों को समान कार्य-समान वेतन प्रदान किये जाने की कैबिनेट ने प्रदान की मंजूरी।

**स्वास्थ्य विभाग में लैब टैक्नीशियन संवर्ग के ढाँचे को पुनर्गठित किए जाने का फैसला**

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागान्तर्गत लैब टैक्नीशियन संवर्ग के ढाँचे को आईपीएचएस मानकानुसार पुनर्गठित किये जाने का कैबिनेट ने निर्णय लिया है। आईपीएचएस मानकानुसार 03 पदसोपान के अंतर्गत मेडिकल लैब टैक्नोलॉजिस्ट के 266, टैक्निकल ऑफिसर के 54, एवं चीफ टैक्निकल ऑफिसर के 25 पदों, इस प्रकार कुल 345 पदों को मानकानुसार पुनर्गठित किये जाने की मंजूरी।

**महिला स्पोर्टस कॉलेज लोहाघाट में 16 पदों को स्वीकृति**

महिला स्पोर्टस कॉलेज, लोहाघाट चम्पावत के सुचारू संच. ालन के लिए प्रधानाचार्य सहित कुल 16 पदों को सृजित करने का कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय।

**लघु जल विद्युत परियोजना विकास नीति, 2015 में संशोधन को अनुमोदन**

लघु जल विद्युत परियोजना विकास नीति, 2015 के कतिपय प्राविधानों में संशोधन किये जाने का मंत्रीमण्डल ने प्रदान किया अनुमोदन। लघु जलविद्युत परियोजना विकास नीति 2015 में संशोधन करते हुए परफॉर्मेंस सिक्योरिटी को शून्य करने के प्रस्ताव पर मंजूरी। डेवलपर को फॉरेस्ट एनवायरनमेंट क्लीयरेंस मिल जाती है तो तब से वह कितने दिनों में कार्य शुरू करेगा। उसके लिए भी निश्चित समय सीमा तय की जायेगी।

**पंचायत भवन निर्माण की दर में संशोधन को स्वीकृति**

पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत पंचायत भवन विहीन ग्राम पंचायतों में राज्य सैक्टर के अन्तर्गत पंचायत भवन निर्माण के लिए वर्तमान में प्रचलित दर 10 लाख प्रति पंचायत घर को संशोधित करते हुए 20 लाख प्रति पंचायत घर निर्धारित किये जाने पर मंत्रीमण्डल का अनुमोदन।

**विधानसभा के विशेष सत्र के सत्रावसान का अनुमोदन**

उत्तराखण्ड की पंचम विधान सभा के वर्ष 2026 का विशेष सत्र का तत्काल प्रभाव से सत्रावसान किये जाने का मंत्रीमण्डल द्वारा किया गया अनुमोदन।

**विधि विज्ञान प्रयोगशाला में 15 पदों को सृजित करने का अनुमोदन**

गृह विभाग के अंतर्गत विधि विज्ञान प्रयोगशाला विभाग में कुल 15 पदों को सृजित करने का मंत्रीमण्डल ने दिया अनुमोदन। जिनमें 05 वैज्ञानिक अधिकारी, 05 ज्येष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी तथा 05 प्रयोगशाला सहायक होंगे।

### स्वैच्छिक /आंशिक चकबंदी प्रोत्साहन नीति, 2026 को मंजूरी

उत्तराखण्ड राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक /आंशिक चकबंदी प्रोत्साहन नीति, 2026 के प्रख्यापन को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल ने पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक/आंशिक चकबंदी प्रोत्साहन नीति को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत पर्वतीय जिले के लिए टारगेट निर्धारित किए गए है। प्रत्येक पर्वतीय जिले में 10 गाँव का टारगेट रखा है। गांव के 75 प्रतिशत लोगों की सहमति होने पर चकबंदी समिति का गठन किया जाएगा। चकबंदी करने के लिए डिजिटल नक्शों का इस्तेमाल किया जाएगा। चकबंदी के उपरांत आपत्तियों के निस्तारण के लिए भी 120 दिनों की समय सीमा तय की गई है।चकबंदी करने का मुख्य उद्देश्य कृषकों की विभिन्न स्थानों पर बिखरी हुई भूमि को किसी अन्य स्थान पर एक बड़े चक अर्थात खेत में परिवर्तित करना है। चकबंदी प्रकिया के माध्यम से किसानों के खेतों की संख्या कम होने के साथ ही उन्हें कृषि कार्य करने में काफी सरलता होती है। कृषकों के खेतों का आकार बड़ा हो जाने से वह कृषि संसाधनों का समुचित प्रयोग कर पाते है, जिसका सीधा प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ता है। इससे सबसे बड़ा लाभ यह है कि किसानों के बीच विभिन्न प्रकार के आपसी विवाद कम हो जाते हैं।

### चिकित्सा शिक्षा निदेशालय का ढाँचा पुर्नगठित किये जाने पर कैबिनेट की मंजूरी

चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के ढांचे में पूर्व में 29 पद थे जिन्हें बढाते हुए 40 पद किये जाने का मंत्रीमंडल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय का ढांचा पुर्नगठित करते हुए वित्त नियंत्रक का 01, कनिष्ठ अभियंता 01, प्रशासनिक अधिकारी 01, लेखाकार 01, वरिष्ठ सहायक 01, कनिष्ठ सहायक 01 इसके अतिक्ति 04 मल्टी परपज वर्कर, 01 वाहन चालक के पदों का सृजन किया गया है।

### उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता नियम-2026 करने को मंजूरी

उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम को प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किये जाने के लिए उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता नियम-2026 प्रख्यापित किये जाने पर कैबिनेट ने दी मंजूरी। इस नियमावली के माध्यम से राज्य में अल्पसंख्यक मुस्लिम, जैन, ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं सिख समुदाय के शैक्षणिक विकास एवं नवीन संस्थानों की मान्यता, नवीनीकरण और मान्यता की समाप्ति इत्यादि प्रक्रिया को ऑनलाईन माध्यम से प्रबंधित करने का प्रावधान किया गया है।

## ऑपरेशन प्रहार: पुलिस ने दबोचा नकबजनी का फरार आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत दून पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। कोतवाली पटेलनगर पुलिस ने सैनेटरी की दुकान में हुई लाखों की चोरी के मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्त के पास से पुलिस ने चोरी का माल भी बरामद किया है।

बीती 7 मई 2026 को सहारनपुर रोड निवासी कमल भाटिया ने पुलिस को तहरीर दी थी कि मातावाला बाग स्थित उनकी सैनेटरी की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने करीब 3.50 लाख रुपये का सामान साफ कर दिया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी देहरादून के निर्देशन में पुलिस टीम का गठन किया गया था। घटना के दिन ही पुलिस ने एक आरा. ेपी विवेक साहनी उर्फ मोर्टिन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन उसका दूसरा साथी सोनू गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।

पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और सुरागरसी के आधार पर मंगलवार (12 मई) को वांछित अभियुक्त सोनू (18 वर्ष) पुत्र नरेश साहनी को बागडियो वाली गली, सब्जी मंडी पटेलनगर से घेरा. बंदी कर दबोच लिया। आरोपी मूल रूप से बिहार के दरभंगा जिले का रहने वाला है और वर्तमान में न्यू पटेलनगर में रह रहा था।तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी की गई विभिन्न कंपनियों की 30 पानी की टोंटियां बरामद हुई हैं।

# अहम् फैसला: हफ्ते में एक दिन होगा 'नो व्हीकल डे'

**■ सीएम ने कैबिनेट बैठक में लिया ऊर्जा व ईंधन बचत से संबंधित फैसला**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रीमंडल की बैठक में राज्य में ऊर्जा और ईंधन बचत के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कोविड महामारी के बाद, रूस - यूक्रेन संघर्ष और वर्तमान में जारी पश्चिम एशिया के संकट के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला विशेष तौर पर ईंधन, खाद्य पदार्थ और उर्वरकों पर दबाव बढ़ा है। इस वैश्विक संकट के कारण भारत भी बढती ईंधन लागत, आयात निर्भरता और आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्तमान हालात में नागरिकों से छोटे-छोटे व्यवहारिक बदलावों के माध्यम से राष्ट्रीय प्रयासों में सहयोग की अपील की है। जिसका जनसामान्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। इसी क्रम में उत्तराखंड में भी कई अल्पकालिक और दीर्घकालिक सुधार तत्काल प्रभाव से लागू किए जा रहे हैं।

**वर्क फ्रॉम होम**

सरकारी विभागों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधारित बैठकों को बढावा दिया जाएगा। निजी क्षेत्रों में भी वर्क फ्रॉम होम को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही लोगों को सार्वजनिक परिवहन के अधिकतम उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

**एक अधिकारी, एक वाहन**

परिवहन विभाग को सार्वजनिक बसों की सेवा और क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। सरकारी कर्मचारियों को सार्वजनिक परिवहन के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिन अधिकारियों के पास एक से अधिक विभाग हैं, उनके द्वारा एक दिन में अधिकतम एक वाहन का इस्तेमाल किया जाएगा।

**ईवी पॉलिसी**

इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जल्द ही प्रभावी ईवी पॉलिसी लाई जाएगी, नए सरकारी वाहनों के क्रय में 50 प्रतिशत अनिवार्य तौर पर ईवी होंगे। इलेक्ट्रिक वाहनों ( के लिए चार्जिंग स्टेशन / नेटवर्क का प्राथमिकता के आधार पर विस्तार किया जाएगा।

**प्राकृतिक खेती को बढ़ावा**

किसानों को नेचूरल फार्मिंग, जीरो बजट फार्मिंग और बायो-इनपुट का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

उर्वरकों के संतुलित उपयोग और मृदा स्वास्थ्य पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

**सीएम व मंत्रियों की फ्लीट में वाहनों की संख्या होगी आधी**

मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगणों के वाहन फ्लीट में वाहनों की संख्या आधी की जाएगी। सप्ताह में एक दिन नो व्हीकल डे घोषित किया जाएगा।वर्क फ्रॉम होम के तहत घर से ही कार्य करेंगे। जन सामान्य को भी सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' के लिए प्रेरित किया जाएगा। सरकारी एवं निजी भवनों में एसी के प्रयोग को सीमित करने के प्रयास किए जाएंगे।

**सरकारी विदेश यात्राएं सीमित होंगी**

सरकारी विदेशी यात्राओं को सीमित किया जाएगा। विज़िट मय स्टेट अभियान के माध्यम से घरेलू पर्यटन को बढावा दिया जाएगा। राज्य में विरासत, धार्मिक, वेलनेस, ग्रामीण और इको-टूरिज्म सर्किटों के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। राज्य में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहन और सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था की जाएगी। उत्तराखंड इस दिशा में पहले ही पहल कर चुका है।

**खाद्य तेल की खपत घटाना**

आम जनमानस को कम तेल वाले भोजन से होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्कूलों, अस्पतालों और सरकारी कैंटीनों में तेल उपयोग की समीक्षा करते हुए उसके उपयोग में कमी लाए जाने के प्रयास किए जाएंगे। होटल, ढाबा और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को स्वू-व्पस डमदनष अपनाने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

**मेरा भारत, मेरा योगदान**

मेरा भारत, मेरा योगदान जैसे जन-जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। मेड इन स्टेट अभियान के तहत स्थानीय उत्पादों की बिक्री बढ़ाई जाएगी। सरकारी खरीद में मेक इन इंडिया नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। नागरिकों को एक वर्ष तक सोने की खरीद को सीमित करने के लिए जागरुक किया जाएगा।

**स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा**

पीएनजी (पाइपड नैचूरल गैस) कनेक्शनों के संयोजनों को मिशन मोड में चलाया जाएगा। होटल, रेस्टोरेंट और सरकारी आवासों में पीएनजी उपयोग को प्राथमिकता दी जाएगी। पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर को बढ़ावा दिया जाएगा। गोबर गैस को बढ़ावा देने के लिए पंचायती राज विभाग और ग्राम्य विकास विभाग को निर्देशित किया गया। माइनिंग, सोलर और पावर प्रोजेक्ट की मंजूरी प्रदान करने में तेजी लायी जाएगी। मुख्यसचिव की अध्यक्षता में गठित एचपीसी 60 दिन में प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करेगी।

## सीबीआई ने एलयूसीसी चिट फंड घोटाले में सरगना सहित 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**■ अब तक की जांच में उत्तराखंड राज्य में आम जनता के बड़े स्तर पर शोषण का खुलासा हुआ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तराखंड के एलयूसीसी चिट फंड घोटाले में देश के विभिन्न स्थानों से सुशील गोखरू तथा 04 अन्य व्यक्तियों राजेन्द्र सिंह बिष्ट, तरुण कुमार मौर्य, गौरव रोहिल्ला एवं ममता भंडारी को गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय, उत्तराखंड, नैनीताल की पीठ ने वर्ष 2025 में मेसर्स लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी चिट फंड घोटाले से संबंधित सभी एफआईआर सीबीआई को हस्तांतरित करने के आदेश पारित किए थे।एलयूसीसी के विभिन्न पदाधिकारियों एवं अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। अब तक की जांच में उत्तराखंड राज्य में आम जनता के अभूतपूर्व स्तर पर शोषण का खुलासा हुआ है, जिसमें बड़ी संख्या में निवेशकों (लगभग 1 लाख से अधिक) को एलयूसीसी की विभिन्न अनियमित जमा योजनाओं में निवेश करने के लिए प्रलोभन दिया गया था। इन जमाकर्ताओं द्वारा किए गए कुल निवेश/जमा की राशि लगभग 800 करोड़ रुपये आंकी गई है। आंशिक भुगतान किए गए थे, किन्तु धोखाधड़ी की राशि लगभग 400 करोड़ रुपये से अधिक है। इस मामले की जांच दिन प्रतिदिन के आधार पर की जा रही है तथा तकनीकी निगरानी एवं स्रोत सूचनाओं के आधार पर आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने हेतु विशेष टीम गठित की गई है। इस मामले का मुख्य आरा. ेपी समीर अग्रवाल है, जो अपनी पत्नी सानिया अग्रवाल के साथ विदेश फरार हो गया है। सीबीआई ने उनके विरुद्ध नोटिस एवं सर्कुलर जारी किए हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने अपराध से अर्जित धनरा. शि से कई अचल संपत्तियां अर्जित की थीं। गिरफ्तार आरोपियों को सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# अशासकीय विद्यालयों का वेतन शीघ्र जारी होगा: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों को तीन महीने से वेतन नहीं मिलने पर विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह ने विभागीय अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर लंबित वेतन शीघ्र जारी करने के निर्देश दिये, साथ ही उन्होंने भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराने की हिदायत भी अधिकारियों को दी।



**■ विभागीय अधिकारियों को समय पर भुगतान करने की दी हिदायत**

डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी शिक्षक एवं कर्मचारी को अनावश्यक आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े इसके लिये सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी है और सरकार उनके सम्मान एवं सुविधाओं के प्रति प्रतिबद्ध है। डॉ. रावत ने स्पष्ट किया कि अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन भुगतान में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर कर नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित विद्यालयों एवं विभागीय स्तर पर लंबित औपचारिकताओं को तेजी से पूरा कर यथाशीघ्र वेतन निर्गत किया जाए, ताकि शिक्षकों एवं कर्मचारियों को राहत मिल सके। वहीं अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा प्रकरण का संज्ञान लिये जाने तथा शीघ्र वेतन अहरण के निर्देश दिये जाने पर उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि राजकीय शिक्षकों की भांति अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का कर्मचारियों का वेतन समय पर अहरण किया जाय।

### शिक्षा मंत्री ने मोरी में भवन विहीन विद्यालय का लिया संज्ञान, जांच के निर्देश

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने समाचार पत्रों में प्रकाशित उत्तरकाशी जनपद के मोरी विकासखंड स्थित ओसला गांव में विद्यालय भवन न होने संबंधी खबर का गंभीरता से संज्ञान लिया है। समाचारों में दावा किया गया था कि ओसला गांव में विद्यालय का भवन पिछले 15 वर्षों से निर्मित नहीं हो पाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। इस प्रकरण के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक), उत्तरकाशी द्वारा जिलाधिकारी को प्रेषित रिपोर्ट में बताया गया है कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय ओसला में वर्तमान में 24 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं और विद्यालय भवन अच्छी स्थिति में संचालित हो रहा है। वहीं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ओसला में वर्तमान में केवल 1 छात्र अध्ययनरत है। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए दोनों विद्यालयों का संचालन राजकीय प्राथमिक विद्यालय ओसला भवन में किया जा रहा है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ओसला के भवन मरम्मत एवं रंग-रोगन हेतु जिला योजना के अंतर्गत रु0 3.50 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई थी, किन्तु कार्यदायी संस्था द्वारा धनराशि को अपर्याप्त बताया गया। इसके बाद वर्ष 2022-23 में पुन: रु0 1.50 लाख की अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत कर कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तरकाशी को हस्तांतरित की गई। उक्त निर्माण कार्य समय पर पूरा करने को लेकर कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया है।

# दून में नर्सिंग बेरोजगारों का आंदोलन स्थगित

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश में वर्षवार भर्ती की मांग को लेकर पिछले साढ़े पांच महीने से आंदोलन कर रहे नर्सिंग बेरोजगारों ने आखिरकार अपना धरना एक महीने के लिए स्थगित कर दिया है। सरकार की ओर से मिले आश्वासन के बाद कांग्रेस महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला समेत पांच प्रदर्शनकारी करीब 60 घंटे बाद पानी की टंकी से नीचे उतर आए।



**■ 60 घंटे बाद पानी की टंकी से उतरे प्रदर्शनकारी, सरकार के आश्वासन के बाद खत्म हुआ आंदोलन, ज्योति रौतेला समेत 5 लोग सुरक्षित नीचे उतरे**

नर्सिंग एकता मंच उत्तराखंड के बैनर तले नर्सिंग अभ्यर्थी लंबे समय से वर्षवार भर्ती की मांग कर रहे थे। मांगों पर कोई ठोस निर्णय न होने से आंदोलनकारियों ने तीन दिन पहले उग्र आंदोलन शुरू कर दिया था। इसी दौरान कांग्रेस नेत्री ज्योति रौतेला समेत पांच लोग सर्वे चौक स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए थे, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। आंदोलन के दौरान स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब टंकी पर चढ़ी ज्योति रौतेला ने खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया। वहीं नीचे धरने पर बैठे सैकड़ों अभ्यर्थियों ने सड़क जाम कर दी। कई प्रदर्शनकारियों की तबीयत भी बिगड़ गई थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार शाम स्वास्थ्य महा. निदेशक डॉ. सुनीता टम्टा धरनास्थल पहुंचीं। उन्होंने आंदोलनकारियों से लंबी बातचीत की और उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। हालांकि पहले दौर की बातचीत बेनतीजा रही और प्रदर्शनकारी टंकी से नीचे उतरने को तैयार नहीं हुए।

**आंदोलनकारियों का फूल-मालाओं से किया स्वागत**

बुधवार को सरकार की ओर से सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद नर्सिंग अभ्यर्थियों ने आंदोलन एक महीने के लिए स्थगित करने का फैसला लिया। इसके बाद एसडीआरएफ और फायर सर्विस की मदद से ज्योति रौतेला समेत पांचों प्रदर्शनकारियों को सुरक्षित नीचे उतारा गया।

प्रदर्शनकारियों के नीचे उतरते ही मौके पर मौजूद समर्थकों ने 'ज्योति रौतेला जिंदाबाद' के नारे लगाए। सभी आंदोलनकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान ज्योति रौतेला भावुक भी नजर आईं। मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल समेत कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

**स्वास्थ्य मंत्री बोले- मांगों और हिमाचल मॉडल का होगा परीक्षण**

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि नर्सिंग बेरोजगारों द्वारा दिए गए ज्ञापन और हिमाचल प्रदेश के शासनादेश का परीक्षण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैठक में इन सभी बिंदुओं पर चर्चा होगी, हालांकि फिलहाल कैबिनेट बैठक में नर्सिंग अभ्यर्थियों से जुड़ा कोई एजेंडा शामिल नहीं है।

## नर्सिंग बेरोजगारों के आंदोलन समाप्ति का भाजपा ने किया स्वागत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने सरकार से बातचीत के आधार पर नर्सिंग बेरा. ेजगारों के आंदोलन समाप्ति का स्वागत किया है। वहीं कांग्रेस नेत्री द्वारा स्वयं पर पेट्रोल डालकर बेरा. ेजगारों को आत्मदाह के लिए उकसाने की कड़े शब्दों में निंदा की है।



**■ कांग्रेस नेत्री का स्वयं पर पेट्रोल डालकर बेरोजगारों को आत्मदाह के लिए उकसाना निंदनीय: चमोली**

**■ कांग्रेस का आत्मघाती रवैए से आंदोलनकारी युवाओं को भड़काना पूर्णतया अनुचित**

पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता विनोद चमोली ने कहा, सरकार से बातचीत के बाद, नर्सिंग बेरोजगारों का आंदोलन समाप्त करना स्वागत योग्य है। पार्टी को पूर्ण भरोसा है कि शीघ्र मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी युवाओं के हित में इस मुद्दे का पूर्णतया समाधान करेंगे। वहीं आंदोलनकारी युवाओं से आग्रह किया कि भाजपा संगठन और सरकार उनके हितों को लेकर संवेदनशील एवं गंभीर है, सभी को थोड़ा धैर्य रखने की जरूरत है। वहीं उन्होंने कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी का इस आंदोलन में अराजकतापूर्ण भूमिका का निर्वहन करना बहुत चिंताजनक है। उनका अपनी नेत्री को दांव पर लगाकर आंदोलनकारी युवाओं को आत्मदाह के लिए भड़काना किसी भी तरह से उचित नही हैं। कहा, निश्चित तौर पर ये एक आत्मघाती और गैरजिम्मेदाराना कदम है, यहाँ तक है कि इतने दिन से आप टंकी पर चढ़े हुए हैं। उन्होंने प्रश्न उठाया कि आप स्वयं पर पेट्रोल डालकर क्या जताना चाहते हैं? क्या लोगों को ये सन्देश देना चाहते हैं कि अपने काम कराने हैं तो अपने को जला लो पहले, या आत्महत्या कर लो? क्या एक लीडर का और ऐसी एक राष्ट्रीय पार्टी का जो कल सरकार बनाने का दावा करती हो। क्या वो प्रदेश को अराजकता के इस रास्ते पर झोंकना चाहती है?

# श्रीनगर की बेटियों का सीबीएसई 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा बुधवार को घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में श्रीनगर नगर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालयों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालयों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। खास बात यह रही कि इस बार भी बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। नगर निगम क्षेत्र के बिलकेदार स्थित देवभूमि पब्लिक स्कूल के छात्र भार्गव डिमरी ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय परिवार ने छात्र की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं रेनबो पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहद शानदार रहा। विद्यालय के 10 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय की छात्रा गौरी ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। मेघा रावत ने 95.2 प्रतिशत, अरनिका महरा ने 94.2 प्रतिशत, अनिवेशा पंचभैय्या ने 93.2 प्रतिशत, आकृति बुटोला ने 92.6 प्रतिशत, मैत्री रतूड़ी ने 92 प्रतिशत, हैप्पी जोशी और शुभा सती ने 90.8 प्रतिशत तथा सिमरन जोशी ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा बेलकंडी स्थित शैमफार्ड स्कूल का परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। कला वर्ग की छात्रा शुभांगी उनियाल ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया, जबकि सिद्धगी शाह ने 90.2 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यालयों में मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। सफल विद्यार्थियों के घरों में भी उत्सव जैसा माहौल बना रहा और परिजनों ने बच्चों की सफलता पर गर्व जताया।



■ रेनबों विद्यालय के 10 छात्रों ने किए 90 प्रतिशत अंक प्राप्त

## शिवांक नेगी अध्यक्ष तो बंसीधर ध्यानी बने सचिव

**कालागढ़।** कालागढ़ एवं कॉर्बेट टाइगर रिजर्व क्षेत्र से जुड़े जिप्सी संचालकों एवं पर्यटन व्यवसायियों द्वारा कार्बेट कालागढ़ टाइगर रिजर्व जिप्सी वेलफेयर सोसाइटी के गठन की प्रक्रिया प्रारम्भ की । संगठन का उद्देश्य जिप्सी संचालकों के हितों की रक्षा, पर्यटन गतिविधियों को व्यवस्थित करना, स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा सदस्य कल्याण से जुड़े कार्य करना बताया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें शिवांक नेगी को अध्यक्ष, सुरेन्द्र सिंह कुंवर को उपाध्यक्ष, बंसीधर ध्यानी को सचिव, संतोष सिंह रावत को उप सचिव तथा सुशील कोटनाला को लेखाकार नियुक्त किया गया। संगठन से जुड़े सदस्यों ने कहा कि भविष्य में सोसाइटी पर्यटन क्षेत्र में समन्वय, वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं स्थानीय लोगों के हितों के लिए कार्य करेगी।

# केदारनाथ यात्रा: श्रद्धालुओं के साथ खड़ी है रुद्रप्रयाग पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन और सुरक्षा व्यवस्था संभाली जा रही है। वहीं दूसरी ओर पुलिस जवान श्रद्धालुओं की छोटी-बड़ी परेशानियों को भी गंभीरता से सुनकर तत्काल सहायता उपलब्ध करा रहे हैं।

इसी क्रम में उज्जैन (मध्य प्रदेश) के शाजापुर निवासी श्रद्धालु गिरजा शंकर पाटीदार अपनी पत्नी कृष्णा बाई के साथ बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंचे थे। यात्रा के दौरान भारी भीड़ में उनकी पत्नी अचानक उनसे बिछड़ गईं। पत्नी के लापता होने से पाटीदार बेहद घबरा गए और भय के कारण ठीक से बोल भी नहीं पा रहे थे।

ड्यूटी पर तैनात मुख्य आरक्षी मनोज मठपाल ने उनकी व्यथा को समझते हुए पहले उन्हें ढांढस बंधाया और तत्परता दिखाते हुए खोजबीन शुरू की। लगभग एक किलोमीटर दूर से कृष्णा बाई को सुरक्षित ढूंढकर उनके परिजनों से मिलवाया गया। इतना ही नहीं, पुलिस जवान द्वारा उन्हें यात्रा से संबंधित आवश्यक टोकन बनवाने में भी मदद की गई। पुलिस की इस मानवीय पहल और त्वरित कार्रवाई से भावुक हुए पाटीदार ने रुद्रप्रयाग पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया। वहीं आंध्र प्रदेश से केदारनाथ दर्शन के लिए पहुंचे एक श्रद्धालु दम्पत्ति ने भी रुद्रप्रयाग पुलिस की कार्यशैली की खुलकर सराहना की। उन्होंने बताया कि यात्रा मार्ग पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बेहद विनम्रता और धैर्य के साथ उनका मार्गदर्शन किया। दर्शन व्यवस्था, टोकन प्रक्रिया और सुरक्षित आवाजाही को लेकर पुलिस द्वारा हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया गया, जिससे उनकी यात्रा बेहद सुगम और सुरक्षित रही। श्रद्धालुओं ने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और भारी भीड़ के बावजूद पुलिसकर्मी लगातार मुस्कुराकर सेवा दे रहे हैं, जो वास्तव में "अतिथि देवो भवः" की भावना को चरितार्थ करता है। रुद्रप्रयाग पुलिस ने स्पष्ट किया है कि केदारनाथ यात्रा में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा और सहायता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस पूरी संवेदनशीलता और समर्पण के साथ यात्रा को सफल एवं सुरक्षित बनाने में जुटा हुआ है।



# खिर्सू ब्लॉक के गांवों में 6 माह से नहीं पहुंचे गैस सिलेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ ग्रामीणों ने दी हाईवे जाम करने की चेतावनी

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के बछेली, तरूली, चड़ीगांव, श्रीकोट, खण्डाह समेत कई गांवों में पिछले छह माह से एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति न होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र गैस आपूर्ति बहाल करने की मांग की।

ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम प्रधान बछेली कुलदीप सिंह गुसाईं, कोटी कमेड़ा प्रधान रोशनी देवी, श्रीकोट प्रधान देव मियां, चड़ीगांव प्रधान सलोचना देवी तथा असनोली प्रधान हेमंती ने कहा कि लंबे समय से गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण लोगों को खाना बनाने सहित दैनिक कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के करीब 300 से अधिक परिवार इस समस्या से प्रभावित हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार संबंधित विभाग और एजेंसी को अवगत कराने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 17 मई तक गांवों में एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति शुरू नहीं की गई तो ग्रामीण श्रीनगर पौड़ी कोटद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर आंदोलन और चक्का जाम करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान कर नियमित गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# नीट पेपर लीक के विरोध में आइसा का जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) से जुड़े छात्र-छात्राओं ने नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और लगातार सामने आ रही परीक्षा अनियमितताओं के विरोध में बुधवार को गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर गेट के समीप प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी छात्रों ने मांग की कि एनटीए को तत्काल भंग किया जाए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पूरे मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें।छात्र संघ उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल व पूर्व छात्रा प्रतिनिधि प्रियंका खत्री ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक और परीक्षा घोटालों ने लाखों मेहनतकश छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। आर्थिक कठिनाइयों के बीच वर्षों तक तैयारी करने वाले छात्र भ्रष्ट व्यवस्था और लापरवाही के कारण सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। आइसा ने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था को निजीकरण और अव्यवस्था की ओर धकेला जा रहा है, जिसका सबसे ज्यादा नुकसान गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों को उठाना पड़ रहा है। आइसा ने नीट पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू करने की मांग की। प्रदर्शन में अरुणेश मिश्रा, युवराज, पारुल, शोभा, ऋतिक, आनंदी, पलक, आरजू, तनुजा, हिमानी, जिया, शिवम आदि मौजूद रहे।




## एक नजर .......

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

**कोटद्वार।** नगर निगम कोटद्वार सभागार में मेयर शैलेन्द्र रावत की अध्यक्षता में आयोजित विशेष बोर्ड बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक के दौरान विपक्ष द्वारा अधिनियम के विरोध को लेकर कड़ी निंदा व्यक्त की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीति और समाज में समान भागीदारी दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह अधिनियम महिला सशक्तिकरण, सम्मान और आत्मनिर्भरता को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। साथ ही, प्रस्ताव पारित करने में कांग्रेसी पार्षद विपिन डोबरियाल, नईम एहमद, नाजमीन एवं निर्दलीय पार्षद हिमांशु वर्मा, सुखपाल शाह, बीना देवी सहित लगभग सभी विपक्षी पार्षदों ने भी प्रस्ताव के पक्ष में अपनी बात रखी।

नगर निगम बोर्ड ने एक स्वर में कहा कि महिलाओं का सम्मान और उनके अधिकारों की सुरक्षा एक विकसित एवं सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा तथा समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। बैठक के अंत में महिला सशक्तिकरण के समर्थन में प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करते हुए नारी शक्ति के सम्मान और संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई।

### प्रशिक्षुओं के लिए सिनेमा एवं शिक्षा विषय पर सेमिनार का आयोजन

**कोटद्वार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के बीएड विभाग में बीएड प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं के लिए आर्ट एवं ड्रामा के अंतर्गत सिनेमा एवं शिक्षा विषय पर एक कक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सिनेमा समाज का दर्पण होता है तथा भावी शिक्षकों के लिए इसके शैक्षिक उपयोग की समझ अत्यंत आवश्यक है। बीएड विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रमेश सिंह चौहान ने प्रशिक्षुओं को फिल्म समीक्षा की बारीकियों से अवगत कराया और बताया कि किस प्रकार सिनेमा का शैक्षिक दृष्टिकोण से मूल्यांकन किया जा सकता है। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा गुठली लड्डू फिल्म का अवलोकन कर उसकी समीक्षा रिपोर्ट तैयार की गई । कार्यक्रम का संचालन डॉ डीके मौर्य ने किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ सुशील चंद्र बहुगुणा द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर प्रोफेसर वीसी शाह डॉ सुषमा भट्ट, डॉ एसके आर्य सहित अनेक प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

### वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत उत्तरकाशी के किसानों की मेहनत पहुंची सरहद तक

**उत्तरकाशी।** जिले में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत किसानों के लिए एक नई उम्मीद की शुरुआत हो गई है। स्थानीय किसानों द्वारा उगाई गई ताजी और पारंपरिक सब्जियां अब देश की सीमाओं पर तैनात हिमवीरों तक पहुंचेंगी। मंगलवार को आईटीबीपी मातली में आयोजित कार्यक्रम में इस पहल की पहली खेप रवाना की गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की 12वीं और 35वीं बटालियन को सब्जियों की आपूर्ति का शुभारंभ किया। पहली खेप में करीब 32 कुंतल ताजी सब्जियां और फल भेजे गए, जिनकी बाजार कीमत लगभग 1 लाख 30 हजार रुपये बताई गई है। आईटीबीपी और उत्तराखंड औद्योगिक परिषद के बीच हुए एमओयू के तहत भविष्य में आईटीबीपी की कुल आवश्यकता का 25 प्रतिशत हिस्सा स्थानीय किसानों से खरीदा जाएगा। इस कार्य में रेनुका समिति, रेनुका चौमास एफपीओ और भागीरथी अन्नपूर्णा एफपीओ सहयोग कर रहे हैं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का बेहतर बाजार उपलब्ध कराना और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और पलायन रोकने में भी मदद मिलेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आईटीबीपी मातली में आयोजित "नॉलेज एक्सचेंज प्रोग्राम" में भी भाग लिया।

# महिला यात्री को हेलीकॉप्टर से किया एयरलिफ्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ केदारनाथ में बीमार और घायल श्रद्धालुओं के लिए देवदूत बना प्रशासन

**रूद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन को लेकर रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं संवेदनशील नजर आ रहा है। कठिन हिमालयी परिस्थितियों के बीच प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और राहत एजेंसियां श्रद्धालुओं के लिए किसी देवदूत से कम साबित नहीं हो रही हैं।

इसी क्रम में हरियाणा के रेवाड़ी निवासी महिला श्रद्धालु सरिता अग्रवाल के केदारनाथ धाम क्षेत्र में चोटिल होने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया। सूचना प्राप्त होते ही ड्यूटी पर तैनात एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और घायल महिला को प्राथमिक उपचार प्रदान किया। रेस्क्यू टीम ने विषम परिस्थितियों के बावजूद अत्यंत सावधानी और तत्परता के साथ महिला श्रद्धालु को सुरक्षित हेलीपैड तक पहुंचाया। इसके बाद बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्हें हेलीकॉप्टर के माध्यम से एयरलिफ्ट कर अग्रिम उपचार हेतु रवाना किया गया।

प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और राहत एजेंसियों की मुस्तैदी से महिला श्रद्धालु को समय रहते सहायता मिल सकी। चारधाम यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ एवं अन्य आपदा राहत एजेंसियां लगातार 24 घंटे मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को तुरंत राहत और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

यात्रा मार्ग पर लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या के बीच प्रशासन की यह संवेदनशीलता और त्वरित कार्यशैली श्रद्धालुओं के लिए भरोसे का आधार बन रही है।



## फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि लम्बे समय से फरार चल रहा स्कूटी सवार चोर को एनबीडब्ल्यू एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। बताया कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार स्थान बदल रहा था। बताया कि पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी-पतारसी एवं मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक पुत्र हरिप्रसाद निवासी फतेहपुर टांडा जीवनवाला, देहरादून को गिरफ्तार किया गया। बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## पुलिस का 'ऑपरेशन प्रहार', 24 घंटे के भीतर कार चोर गिरफ्तार

**देहरादून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत सेलाकुई पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने फैक्ट्री के बाहर से चोरी हुई मारुति ओमनी वैन को महज 24 घंटे के भीतर बरामद करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है।

मामले के अनुसार, गत 11 मई को ग्राम चलाई, थानो निवासी प्रमोद कुमार तिवारी ने थाना सेलाकुई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी मारुति ओमनी वैन फैक्ट्री परिसर के बाहर से चोरी हो गई है। पुलिस ने तत्काल अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

एसएसपी के सख्त निर्देशों पर गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। सटीक सूचना के आधार पर 12 मई को धूलकोट तिराहे के पास से चेकिंग के दौरान अभियुक्त मोनू उर्फ राहुल राणा (27 वर्ष) को चोरी की गाड़ी के साथ दबोच लिया गया। अभियुक्त मूल रूप से पौड़ी गढ़वाल का रहने वाला है और वर्तमान में राजपुर क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि पकड़ा गया आरोपी आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी थाना डालनवाला और प्रेमनगर में चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई सफेद रंग की ओमनी कार बरामद कर ली है।

# डीएम ने किया सीएचसी सतपुली का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में लापरवाही पर जतायी नाराजगी

**सतपुली।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतपुली का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सीय व्यवस्थाओं एवं अभिलेखों का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में स्थापित सीसीटीवी कैमरे बंद पाए गए। साथ ही संबंधित अधिकारी बायोमैट्रिक उपस्थिति से संबंधित विवरण भी प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरे व बायोमेट्रिक मशीन को तत्काल दुरुस्त करते हुए कर्मचारियों की उपस्थिति व्यवस्था को पारदर्शी एवं नियमित बनाया जाए।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित तीन अन्य कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित एवं विलंब से उपस्थित कार्मिकों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उपस्थित पंजिका को कब्जे में लिया तथा स्वास्थ्य केंद्र का आहरण वितरण प्रभार मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अपने पास रखने को कहा।

जिलाधिकारी ने ओपीडी रजिस्टर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि मरीजों को दिए गए उपचार, चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयों का पूर्ण विवरण अभिलेखों में दर्ज नहीं किया जा रहा था। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक रोगी से संबंधित समस्त चिकित्सकीय विवरण अनिवार्य रूप से रजिस्टर में अंकित किए जाएं, ताकि उपचार प्रक्रिया पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनी रहे।

चिकित्सालय की समग्र व्यवस्थाओं पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर ही मुख्य चिकित्साधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित किया कि वे तत्काल सीएचसी सतपुली पहुंचकर समस्त व्यवस्थाओं एवं अनियमितताओं की विस्तृत जांच करें तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने डिस्पेंसरी, प्रयोगशाला तथा प्रसव कक्ष का भी निरीक्षण किया। प्रसवनहीं कक्ष के निरीक्षण के समय स्वास्थ्य विभाग के कार्मिक हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं एवं एएनसी से संबंधित अद्यतन आंकड़े प्रस्तुत नहीं कर सके।

# हैप्रेक ने विकसित की बच की टिकाऊ खेती की नई तकनीक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** औषधीय एवं संगध पादप की खेती को आधुनिक और टिकाऊ बनाने की दिशा में वैज्ञानिकों ने बड़ी सफलता हासिल की है। गढ़वाल विवि के उच्च शिखरीय पादप कार्यिकी शोध केंद्र (हैप्रेक) के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक महत्वपूर्ण शोध में औषधीय पौधा बच की खेती के लिए हाइड्रोपोनिक्स, एरोपोनिक्स तथा पारंपरिक भू-आधारित खेती प्रणाली (जियोपोनिक्स) का तुलनात्मक अध्ययन किया गया, जिसमें हाइड्रोपोनिक्स प्रणाली सबसे अधिक लाभकारी और पर्यावरण अनुकूल साबित हुई। शोध के निष्कर्ष हाल ही में अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका जर्नल ऑफ क्लीनर प्रोडक्शन में प्रकाशित हुआ हैं। यह जर्नल पर्यावरण विज्ञान, सतत विकास, स्वच्छ उत्पादन तकनीकों तथा जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर विश्व स्तर की अग्रणी पत्रिकाओं में गिना जाता है तथा एल्सेवियर प्रकाशन समूह द्वारा प्रकाशित किया जाता है। इस जर्नल में शोध प्रकाशित होना किसी भी वैज्ञानिक एवं संस्थान के लिए अत्यंत गौरव एवं गुणवत्ता का प्रतीक माना जाता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह अध्ययन भविष्य में औषधीय पौधों की व्यावसायिक खेती के लिए नई दिशा तय कर सकता है। अध्ययन में पाया गया कि हाइड्रोपोनिक्स प्रणाली में बच के पौधों का विकास अन्य प्रणालियों की तुलना में अधिक तेजी से हुआ। पौधों में पत्तियों की संख्या, पत्ती की लंबाई तथा राइजोम (भूमिगत तना) उत्पादन सबसे अधिक दर्ज किया गया। इसके साथ ही आवश्यक औषधीय तेलों की गुणवत्ता और मात्रा भी बेहतर पाई गई। शोध के अनुसार हाइड्रोपोनिक्स प्रणाली में प्रति उत्पादन चक्र लगभग 592.47 हजार अमेरिकी डॉलर का सकल लाभ तथा 490.26 हजार अमेरिकी डॉलर का शुद्ध लाभ दर्ज किया गया, जो एरोपोनिक्स और पारंपरिक खेती दोनों से अधिक रहा। हैप्रेक संस्थान के निदेशक डॉ. विजयकांत पुरोहित एवं पूर्व निदेशक डॉ. एमसी नौटियाल ने बताया कि इस प्रणाली में पोषक तत्वों का उपयोग अधिक दक्षता से होता है, जिससे उत्पादन क्षमता और आर्थिक लाभ दोनों बढ़ते हैं। बताया कि अध्ययन के दौरान एरोपोनिक्स प्रणाली ने जल उपयोग दक्षता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें पानी की खपत काफी कम रही और पौधों की जड़ों का विकास बेहतर पाया गया। हालांकि इस प्रणाली में ऊर्जा की मांग तथा कार्बन उत्सर्जन अपेक्षाकृत अधिक दर्ज किए गए। जियोपोनिक्स प्रणाली में ऊर्जा की आवश्यकता कम रही, लेकिन उत्पादन और पोषक तत्व उपयोग दक्षता सीमित पाई गई। शोध छात्रा डॉ. पल्लवी नौटियाल और हैप्रेक संस्थान की डॉ. विजयलक्ष्मी त्रिवेदी ने बताया कि जलवायु परिवर्तन, घटते भूमि संसाधन व बढ़ती खाद्य एवं औषधीय पौधों की मांग के बीच मिट्टी रहित खेती प्रणालियाँ भविष्य की कृषि के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकती हैं।



■ हाइड्रोपोनिक्स प्रणाली उत्पादन, लाभ और गुणवत्ता में सबसे आगे

■ अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका जर्नल ऑफ क्लीनर प्रोडक्शन में प्रकाशित हुआ शोध


### क्या है जर्नल ऑफ क्लीनर प्रोडक्शन

जर्नल ऑफ क्लीनर प्रोडक्शन एक अंतराष्ट्रीय शोध पत्रिका है। जर्नल ऑफ क्लीनर प्रोडक्शन एल्सवियर द्वारा प्रकाशित एक प्रमुख, सहकर्मी-समीक्षित अंतरराष्ट्रीय अकादमिक शोध पत्रिका है। यह टिकाऊ विकास, पर्यावरण विज्ञान, स्वच्छ उत्पादन तकनीकों और चक्रीय अर्थव्य से संबंधित विषयक शोध प्रकाशित करती है। इसमें सतत उत्पादन, उपभोग, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पर्यावरणीय मूल्यांकन, और नीति विकास से संबंधित लेख शामिल होते हैं। यह क्यू 1 रैंकिंग और उच्च प्रभाव कारक (इंपेक्ट फेक्टर) 10 के साथ पर्यावरण विज्ञान में अग्रणी पत्रिकाओं में से एक है।

## बंदरों ने घर में घुसकर किया महिला पर हमला, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिले में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को जोशियाड़ा क्षेत्र में एक महिला पर करीब एक दर्जन बंदरों ने घर के भीतर ही हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।



घायल महिला श्रीमती भागेश्वरी को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल महिला की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। आए दिन बंदर लोगों के घरों में घुसकर नुकसान पहुंचा रहे हैं और राह चलते लोगों पर भी हमला कर रहे हैं। बावजूद इसके समस्या के समाधान के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।लोगों ने प्रशासन और वन विभाग से बंदरों के बढ़ते आतंक पर जल्द प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है।

# सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम: दून रीजन में 81.42 फीसदी रहा रिजल्ट

■ छात्राओं ने मारी बाजी, छात्राओं का पास प्रतिशत 85.84 फीसदी व छात्रों का रिजल्ट रहा 77.92 प्रतिशत

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार का 12वीं कक्षा की परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया। परिणाम जारी होते ही लाखों छात्रों और अभिभावकों का इंतजार खत्म हो गया। देशभर में कई छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन देहरादून रीजन का प्रदर्शन इस बार उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा। राष्ट्रीय स्तर पर जारी आंकड़ों के मुताबिक, देहरादून रीजन देश के 22 रीजन में 17वें स्थान पर रहा। ऐसे में यह परिणाम शिक्षा व्यवस्था और छात्रों के प्रदर्शन को लेकर कई सवाल भी खड़े कर रहा है। एजुकेशन हब के नाम से मशहूर देहरादून पढ़ाई के मामले में पिछड़ना चिंताजनक कहा जा सकता है।

सीबीएसई ने इस साल 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 10 अप्रैल के बीच आयोजित करवाई थीं।परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्र लंबे समय से रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे। बोर्ड की ओर से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा करने के बाद परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित किए गए।

रिजल्ट जारी होते ही छात्रों ने ऑनलाइन माध्यम से अपने अंक देखे और कई घरों में खुशी का माहौल दिखाई दिया। हालांकि, देहरादून रीजन के आंकड़े सामने आने के बाद ये साफ हो गया कि यह रीजन राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले रीजन में शामिल नहीं हो पाया। देहरादून रीजन का कुल परीक्षा परिणाम 81.42 प्रतिशत रहा है।

### देहरादून रीजन में कुल 97 हजार 12 छात्रों ने 12वीं की परीक्षा में हिस्सा लिया

इस बार देहरादून रीजन के अंतर्गत कुल 1,285 स्कूल परीक्षा प्रक्रिया में शामिल हुए थे।परीक्षाओं को संपन्न कराने के लिए 480 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर हजारों छात्रों ने परीक्षा दी थी। यदि परीक्षार्थियों की संख्या की बात करें तो देहरादून रीजन में कुल 97 हजार 12 छात्रों ने 12वीं की परीक्षा में हिस्सा लिया।

इनमें 54 हजार 172 छात्र यानी बालक शामिल थे, जबकि 42 हजार 840 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं। परिणाम में एक बार फिर छात्राओं ने छात्रों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया।छात्राओं का पास प्रतिशत 85.84 फीसदी रहा, जबकि, छात्रों का रिजल्ट केवल 77.92 प्रतिशत दर्ज किया गया। छात्राओं ने करीब 8 प्रतिशत ज्यादा सफलता हासिल की। यह लगातार देखने को मिल रहा है कि बोर्ड परीक्षाओं में छात्राएं छात्रों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। छात्राओं में पढ़ाई के प्रति अनुशासन और निरंतरता ज्यादा देखने को मिलती है, जिसका असर परीक्षा परिणामों में भी दिखाई देता है। दूसरी ओर छात्रों के अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन को लेकर अभिभावकों और शिक्षकों को गंभीरता से काम करने की जरूरत बताई जा रही है।

**त्रिवेंद्रम रीजन ने किया बेहतर प्रदर्शन:** अगर देशभर के सभी 22 रीजन की तुलना की जाए तो यह प्रदर्शन काफी पीछे माना जा रहा है। खास बात ये है कि दक्षिण भारत के कई रीजन लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। जबकि, देहरादून रीजन अपेक्षाकृत कमजोर स्थिति में दिखाई दिया।राष्ट्रीय स्तर पर त्रिवेंद्रम रीजन ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है, जहां कुल 95.62 प्रतिशत छात्र परीक्षा में सफल रहे। इसके मुकाबले देहरादून रीजन का परिणाम लगभग 14 प्रतिशत कम रहा।

**सीएम धामी ने दी शुभकामनाएं:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (ब्ठैम्) की कक्षा 12वीं परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आपके कठिन परिश्रम, अनुशासन और अटूट आत्मविश्वास का परिणाम है।

# श्चेन स्नेचिंग करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी में स्ट्रीट क्राइम और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ष्ऑपरेशन प्रहारष् के तहत थाना बसंत विहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी देहरादून के कड़े निर्देशों के बाद पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए चौन स्नेचिंग की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से लूटी गई सोने की चेन और वारदात में इस्तेमाल बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है।

जानकारी के मुताबिक, बीती 10 मई को सिद्धार्थ स्टेट निवासी श्रीमती मधु अरोड़ा ने बसंत विहार थाने में तहरीर दी थी कि एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार उनके गले से चेन छीनकर फरार हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल धारा 304(2) ठछै के तहत मुकदमा पंजीकृत किया और जांच के लिए टीम गठित की। थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। बुधवार 13 मई को पुलिस टीम मलिक चौक के पास चेकिंग कर रही थी, तभी बिना नंबर की हीरो होंडा शाइन बाइक पर सवार एक संदिग्ध को रोका गया। पूछताछ और फुटेज से मिलान करने पर युवक की पहचान नजर हसन पुत्र स्व. नूर हसन, निवासी शिवलोक कॉलोनी, नेहरू कॉलोनी के रूप में हुई। पुलिस की सख्ती के आगे अभियुक्त ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह नशे का आदी है और अपनी इसी जरूरत को पूरा करने के लिए उसने बल्लीवाला चौक के पास इस लूट को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# नगर आयुक्त ने किया एबीसी सेंटर का निरीक्षण



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** नगर आयुक्त नमामि बंसल ने केदारपुर स्थित एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेंटर में संचालित व्यवस्थाओं, हॉस्पिटल एवं अन्य संचालित गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया गया।

नगर आयुक्त द्वारा सेंटर में पशुओं के उपचार, देखभाल, स्वच्छता व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं संबंधित व्यवस्थाओं की गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा एबीसी सेंटर परिसर में निर्माणाधीन डॉग कैनल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता, संरचनात्मक मजबूती एवं पशुओं के अनुकूल सुविधाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाये, ताकि पशुओं के सुरक्षित आवास एवं देखभाल हेतु बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

नगर आयुक्त नमामि बंसल द्वारा अधिकारियों को सेंटर में स्वच्छता, पशु चिकित्सा सेवाओं एवं आवश्यक संसाधनों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

### नगर निगम ने चलाया वेंडिंग जोन सत्यापन अभियान

**देहरादून।** नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण एवं अवैध वेंडिंग के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत बुधवार को वार्ड संख्या 40 सीमाद्वार स्थित वेंडिंग जोन का क्षेत्रीय पार्षद की उपस्थिति में स्थलीय सत्यापन किया। सत्यापन के दौरान नगर निगम में पंजीकृत 43 वेंडर्स के सापेक्ष मौके पर कुल 49 वेंडर्स संचालित पाए गए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पाए गए 06 वेंडर्स को मौके पर ही निर्देशित किया गया कि वे 15 मई तक इस स्थल को स्वेच्छा से खाली करना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त नगर निगम की टीम द्वारा लक्ष्मी रोड, पंत रोड, परेड ग्राउंड एवं राजपुर रोड क्षेत्रों में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से रखे गए 02 ट्रक सामान तथा 15 विज्ञापन बोर्ड/होर्डिंग्स को जब्त किया गया। साथ ही नगर निगम द्वारा खसरा संख्या 461, डांडा लखन एवं खसरा संख्या 65, आमवाला तल्ला में तार बाड़ किए जाने के लिए भूमि का चिन्हांकन भी किया गया। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सार्वजनिक स्थलों पर अवैध अतिक्रमण एवं अनधिकृत वेंडिंग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी तथा शहर को व्यवस्थित एवं सुगम बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

# ऋषिकेश में एमडीडीए ने किए आठ अवैध बहुमंजिला भवन सील

## देहरादून संस्कृति लोक कॉलोनी से ऋषिकेश निर्मल बाग तक चली कार्रवाई, पुलिस बल रहा तैनात

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून/ऋषिकेश।** शहर की नियोजित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने बुधवार को ऋषिकेश क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ व्यापक सीलिंग अभियान चलाया। संयुक्त टीम ने पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए आठ अवैध बहुमंजिला भवनों को सील कर दिया। बिना मानचित्र स्वीकृति और नियमों के विपरीत किए जा रहे निर्माणों को पहले नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर एमडीडीए ने सख्त कदम उठाते हुए सीलिंग की कार्रवाई अमल में लाई।

**संस्कृति लोक से शुरुआत:** सीलिंग अभियान की शुरुआत संस्कृति लोक कॉलोनी लेन नंबर-6बी, देहरादून से हुई, जहां



हसन द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को संयुक्त सचिव प्रत्यूष सिंह के आदेश पर सील किया गया। कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता निशांत कुकरेती, जयदीप राणा और सुपरवाइजर की टीम मौके पर मौजूद रही।

**मानविय नगर में कार्रवाई:** इसके बाद एमडीडीए की टीम मानविय नगर लेन नंबर-10, ऋषिकेश पहुंची, जहां कृष्णा द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को सील किया गया। अधिकारियों ने निर्माण कार्य को नियमों के विरुद्ध पाया, जिसके बाद मौके पर कार्रवाई की गई।

**लकड़घाट में भी सीलिंग:** लकड़घाट रोड, श्यामपुर ऋषिकेश में रतूड़ी जी द्वारा किए जा रहे अवैध बहुमंजिला निर्माण पर भी प्राधिकरण ने कार्रवाई करते हुए भवन को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल तैनात रहा।

**निर्मल बाग में सबसे बड़ी कार्रवाई:** निर्मल बाग ब्लॉक-बी गली नंबर-11 विस्थापित क्षेत्र में एमडीडीए ने लगातार कई अवैध बहुमंजिला निर्माणों पर सख्त कार्रवाई की। यहां अनुज, विपिन चौधरी और सूरवीर सिंह बिष्ट द्वारा किए जा रहे निर्माणों को सील किया गया।

**दो भवनों पर अलग कार्रवाई:** इसी क्षेत्र में सगुन शर्मा द्वारा दो अलग-अलग स्थानों पर किए जा रहे अवैध बहुमंजिला निर्माणों को अलग-अलग कार्रवाई करते हुए सील किया गया। इसके अलावा संदीप चौधरी के निर्माण पर भी प्राधिकरण ने कार्रवाई की। यह पूरी कार्रवाई एसडीएम ऋषिकेश के आदेशों पर संपन्न हुई। अभियान में क्षेत्रीय सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंताओं और प्राधिकरण की संयुक्त टीम शामिल रही।

### अवैध निर्माण नहीं होंगे बर्दाश्त : बंशीधर तिवारी

मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि एमडीडीए क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि बिना स्वीकृत मानचित्र और मानकों के विपरीत निर्माण भविष्य में सुरक्षा, यातायात और शहरी व्यवस्था के लिए गंभीर समस्या बनते हैं। उन्होंने लोगों से निर्माण कार्य शुरू करने से पहले प्राधिकरण से आवश्यक अनुमति लेने की अपील की।

### लगातार हो रही मॉनिटरिंग : मोहन सिंह बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और अवैध निर्माणों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि नोटिस के बावजूद संतोषजनक जवाब न देने वालों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## सीएम पुष्कर धामी के नेतृत्व में नया कीर्तिमान रचने को बढ़ी चारधाम यात्रा

# दर्शनार्थियों की संख्या पहुंची 12.60 लाख के पार

■ केदारनाथ में 22 दिनों में 05 लाख 23 हजार से अधिक भक्तों ने किए दर्शन ■ बुधवार को एक दिन में 80 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन ■ मुख्यमंत्री धामी के कुशल यात्रा प्रबंधन ने जीता श्रद्धालुओं का विश्वास


शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड की सुप्रसिद्ध चारधाम यात्रा इस वर्ष नया कीर्तिमान बनाने की ओर अग्रसर है। 25 दिनों में ही दर्शनार्थियों की संख्या 12 लाख 60 हजार के आंकड़े को पार कर चुकी है। केदारनाथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। 22 दिनों में ही 05 लाख 23 हजार से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ धाम में शीश नवा चुके हैं। उच्च हिमालयी क्षेत्र की यात्रा होने से प्रदेश सरकार यहां मौसम के मिजाज पर भी पूरी नजर रखे हुए है। मुख्यमंत्री धामी ने शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मौसम प्रतिकूल होने पर हर एक श्रद्धालु की सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए।

चारों धामों में आस्था और विश्वास का जबरदस्त उल्लास देखने को मिल रहा है। यात्रा का विगत 19 अप्रैल को श्रीगणेश हुआ था और आज 13 मई तक 12 लाख 60 हजार 478 श्रद्धालु चारधाम दर्शन कर चुके हैं। इनमें केदारनाथ में 5,23,582, बद्रीनाथ में 3,24,081, गंगोत्री में 2,05,425 और यमुनोत्री धाम में 2,07,390 तीर्थयात्री पहुंचे हैं। आज बुधवार को चारों धामों में 80 हजार 401से श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। केदारनाथ में सर्वाधिक 32,423 तीर्थयात्री पहुंचे। जबकि बद्रीनाथ में 21,260, यमुनोत्री में 13,403 और गंगोत्री धाम में 13,315 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

केदारनाथ धाम की यात्रा मुश्किलभरी होने के बावजूद यहां श्रद्धालुओं की संख्या लगातार नया रिकॉर्ड बना रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बनाए जाने से केदार यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में भारी उत्साह है।

बीते चार वर्षों (वर्ष 2022 से 2025 तक) के आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो 69 लाख 45 हजार 487 श्रद्धालु केदारनाथ धाम की यात्रा पर आ चुके हैं। इनमें 2022 में 15,64,248, 2023 में 19,58,863, 2024 में 16,53,581 और 2025 में 17,68,795 तीर्थयात्री पहुंचे हैं।



चारधाम यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्रद्धाल सुगमता से दर्शन कर सकें, इसके लिए स्लॉट प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण प्रणाली को प्रभावी बनाया गया है। रियल टाइम डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्य होने के बाद धाम दिव्य और भव्य रूप में नजर आ रहा है। पैदल यात्रा मार्ग को बेहतर बनाए जाने से श्रद्धालुओं की राह आसान हुई है। सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा के लिए सरकार ने हरसंभव कदम उठाए हैं। मौसम पर नजर रखने के लिए विशेष निगरानी तंत्र बनाया गया है। हर परिस्थिति से निपटने के लिए सरकार तैयार है।

**-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड**

# विक्रम शर्मा हत्याकांड: 1 लाख का इनामी गिरफ्तार

■ यशराज था हत्या की साजिश रचने और शूटरों को फंडिंग मुहैया कराने का आरोपी

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी के बहुचर्चित विक्रम शर्मा हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। देहरादून पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने सहारनपुर से एक लाख रुपये के इनामी अभियुक्त यशराज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। झारखंड निवासी यह आरोपी हत्या की साजिश रचने और शूटरों को पूरी फंडिंग मुहैया कराने का मुख्य आरोपी था।

13 फरवरी 2026 को डालनवाला स्थित सिल्वर सिटी जिम के बाहर अज्ञात हमलावरों ने विक्रम शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

पुलिस जांच में सामने आया कि झारखंड के जमशेदपुर निवासी यशराज सिंह (23 वर्ष) ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस हत्याकांड की पटकथा लिखी थी। आरोपियों ने इससे पहले विक्रम को दिल्ली और नोएडा में भी मारने की कोशिश की थी, लेकिन भीड़भाड़ की वजह से वे सफल नहीं हो पाए थे। देहरादून में विक्रम की दिनचर्या की रेकी करने के बाद जिम के बाहर उसकी हत्या की गई।

पकड़े गए अभियुक्त यशराज ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने ही मुख्य शूटर आकाश प्रसाद को रांची से दिल्ली भेजने के लिए हवाई टिकट और रास्ते के खर्च के लिए अपने पेटीएम से भुगतान किया था। इतना ही नहीं, वारदात के दौरान शूटरों के हरिद्वार में रुकने, खाने और किराए पर ली गई स्कूटी व मोटरसाइकिल का भुगतान भी यशराज और उसके पिता राजकुमार द्वारा यूपीआई के माध्यम से किया गया था।

### पश्चिम बंगाल में छिपा था आरोपी

हत्याकांड के बाद यशराज गिरफ्तारी से बचने के लिए खड़गपुर (पश्चिम बंगाल) में अपनी बुआ के घर जाकर छिप गया था। वह अपने पिता के वकील से मिलने हरिद्वार आया था और वहीं से वकीलों से सलाह लेने के लिए सहारनपुर पहुंचा, जहां पुलिस ने उसे धर दबोचा। इस मामले में पुलिस पूर्व में यशराज के पिता समेत दो अन्य अभियुक्तों को जेल भेज चुकी है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए टीमें दबिश दे रही हैं।

# स्वैच्छिक/आंशिक चकबंदी प्रोत्साहन नीति, 2026: पर्वतीय क्षेत्रों में होगा कृषि विकास

■ पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि विकास और पलायन रोकने के लिए कैबिनेट ने लिया बड़ा फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राज्य मंत्रिमंडल ने राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। पर्वतीय क्षेत्रों में बिखरी जोतों को एकीकृत करने और कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक/आंशिक चकबंदी प्रोत्साहन नीति- 2026 को लागू करने की स्वीकृति दी गई है। यह नीति पर्वतीय जनपदों के काश्तकारों के आर्थिक उत्थान और कृषि विकास के लिए एक व्यापक दूरदर्शी नीति साबित होगी। इस नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए सरकार द्वारा कड़े दिशा-निर्देश और लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

**05 वर्षों में 275 गांवों का कायाकल्प:** नीति के तहत प्रदेश के 11 पर्वतीय जनपदों में प्रतिवर्ष प्रति जनपद 05 गांवों में चकबंदी कार्य पूर्ण किया जाएगा। इस प्रकार आगामी 05 वर्षों में कुल 275 गांवों को स्वैच्छिक/आंशिक चकबंदी से आच्छादित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

**पात्रता एवं कड़ी शर्तें:** चकबंदी के लिए केवल उन्हीं गांवों का चयन किया जाएगा जो किसी भी प्रकार के भू-विवाद से पूर्णतः मुक्त हों। इसके साथ ही संबंधित चकबंदी क्षेत्र का न्यूनतम कुल भूमि क्षेत्रफल 10.00 हेक्टेयर होना आवश्यक है। कम क्षेत्रफल होने की दशा में न्यूनतम 25 खाताधारकों की लिखित सहमति अनिवार्य होगी।

**आपसी सहमति से चकों का निर्माण:** इस नीति के अंतर्गत भू-स्वामियों द्वारा आपसी सहमति से चक निर्माण का कार्य किया जाएगा। काश्तकारों द्वारा स्वयं चकबंदी योजना तैयार कर संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

**प्रोत्साहन राशि का लाभ:** नीति के तहत काश्तकारों/कृषकों को विशेष प्रोत्साहन और लाभ की व्यवस्था की गई है। यह लाभ काश्तकारों को स्वैच्छिक/आंशिक चकबंदी योजना के पूर्ण होने के उपरांत ही देय होगा।

**आवेदन की प्रक्रिया:** योजना का लाभ उठाने के लिए इच्छुक किसान/खाताधारक अपना आवेदन पत्र बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) अथवा सहायक कलेक्टर (परगनाधिकारी) को प्रस्तुत कर सकते हैं।

**त्रि-स्तरीय निगरानी तंत्र:** नीति के पारदर्शी संचालन, अनुश्रवण एवं समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर एक उच्चाधिकार समिति, राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति तथा जनपद स्तर पर क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है।

**03 वर्ष बाद नीति की समीक्षा:** नीति के व्यावहारिक अनुभवों और सुझावों के आधार पर लागू होने के 03 वर्ष के पश्चात् इसमें आवश्यक संशोधन और सुधार किए जाएंगे।

यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नः U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्स: 0135-2763507 वैबसाइटः www.ujvnl.com

सं0 410 दिनांक 13.05.2026

निविदा सूचना

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, (जानपद), यूजेवीएन लिमिटेड, कालागढ़ इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है। निविदा संख्या :02/EE(Civil)/Kalagarh/Pauri Garhwal/2026-27 & 03/EE (Civil)/Kalagarh/Pauri Garhwal/2026-27
कार्य का नाम :1."हाइडिल कॉलोनी कालागढ़ में अप्रोच, सड़क, एप्रैन, नालियों और अन्य कार्यो का अनुरक्षण का कार्य"
2. "रामगंगा पावर हाउस कालागढ़ और आस-पास की इमारतों की अंदर व बाहरी पेन्टिंग का कार्य"
अनुमानित लागतः ₹ 24,89,762.50 (GST अतिरिक्त) एवं ₹ 17,18,122.98 (GST अतिरिक्त)।
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः 14.05.2026,17:00 बजे से।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 05.06.2026, 15:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
अधिशासी अभियन्ता, (जानपद),
" बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# यूपीईएस व एसजीआरआर विवि ने मिलाया हाथ



■ एआई-संचालित स्वास्थ्य शिक्षा और अनुसंधान को आगे बढ़ाने का संकल्प

शाह टाइम्स प्रमुख

**देहरादून।** यूपीईएस और गुरु राम राय विश्वविद्यालय (एसजीआरआरयू) ने अंतर्विषयक शिक्षा, स्वास्थ्य अनुसंधान, नवाचार और उद्योग-उन्मुख शिक्षण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य दोनों संस्थानों की विशेषज्ञता, संसाधनों और अधोसंरचना का लाभ उठाकर एक मजबूत शैक्षणिक और अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है, जिससे छात्रों के सीखने के परिणाम, ट्रांसलेशनल रिसर्च और स्वास्थ्य सेवा नवाचार को बढ़ावा मिल सके।

इस सहयोग के माध्यम से दोनों संस्थानों के छात्र और फैकल्टी सदस्य साझा शैक्षणिक विशेषज्ञता, प्रयोगशाला अधोसंरचना, क्लिनिकल सुविधाओं और अनुभवात्मक शिक्षण अवसरों का लाभ उठा सकेंगे। यह एमओयू संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, फैकल्टी और छात्र विनिमय कार्यक्रमों, इंटर्नशिप, क्लिनिकल प्रशिक्षण, संयुक्त कार्यशालाओं एवं सेमिनारों तथा अनुसंधान उद्देश्यों के लिए स्वास्थ्य सेवा आँकड़ों तक पहुँच को प्रोत्साहित करेगा।

इस अवसर पर यूपीईएस के कुल. पति डॉ. सुनील राय ने कहा, स्वास्थ्य सेवा का भविष्य तकनीक, कंप्यूटर साइंस, एआई, अनुसंधान और मरीज-केंद्रित नवाचार के संगम में निहित है।

एसजीआरआरयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) के. प्रतापन ने कहा, एसजीआरआरयू और यूपीईएस के बीच यह सहयोग शैक्षणिक और स्वास्थ्य क्षेत्र में सार्थक तालमेल स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एमओयू हस्ताक्षर समारोह के दौरान दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी, फैकल्टी सदस्य और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

BRIDCUL (ब्रिडकुल)
ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड (उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड
इकाई कार्यालयः अवस्थापना भवन, राजकीय आई0टी0आई0 निरंजनपुर के सामने, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून- 248001
टैलीफैक्स- 0135-2522941, ई-मेल - pmbridcul.ddn@gmail.com CIN No. U45203UR2008SGCO32591

Ref No: - 266/BRIDCUL-233/26 E-Tender Dated: 12/05/2026
NIT No. (BRIDCUL/PU-SRINAGAR/2026-27)
On behalf of Hon'ble Governor of Uttarakhand, E-Tenders are invited by MD, BRIDCUL from Contractors Empanelled with BRIDCUL in Civil work Category-III (Upto 2 Crore):-

| S. No. | Name of work | Estimated Cost with GST (In Lac) | Bid Security/ EMD (In Lac.) | Cost of Tender Document | Document Download Start Date | Bid Submission End Date | Date of Technical Bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Slip & Boulder Clearance work for Satpuli-Kandakhal-Sisildi Service Road to NH 534 & SH 51 (Length 32 KM) under Chobattakhal/ Lansdowne Constituency under CRIF Project at District Pauri Garwhal | 25.40 | 0.76 | ₹ 5000/- + 18% GST | 13.05.2026 | 26.05.2026 | 26.05.2026 |

The details of e-tender of above work can be obtained directly from website https://www.uktenders.gov.in. Changes if any will be intimated only through our website https://www.uktenders.gov.in.
Project Manager
BRIDCUL

# रंगीन मत्स्य पालन से किसानों की आय बढ़ाने की पहल, डीएम ने मत्स्य क्लस्टर का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जनपद हरिद्वार में किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रंगीन मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बुधवार को ग्राम पंचायत भगतनपुर आबिदपुर स्थित चंद्रभागी मत्स्य सेवा केंद्र में स्थापित रंगीन मत्स्य क्लस्टर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत जनपद में मीडियम स्केल ऑर्नामेंटल रियरिंग यूनिट और बैकयार्ड ऑर्नामेंटल रियरिंग यूनिट संचालित की जा रही हैं। इन इकाइयों के माध्यम से किसानों को रंगीन मछलियों के पालन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी आमदनी को दोगुना करना है। जिलाधिकारी ने क्लस्टर में कार्य कर रहे प्रगतिशील किसानों से बातचीत कर उनके अनुभव और समस्याओं की जानकारी भी ली। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों की आवश्यकताओं और मांगों को ध्यान में रखते हुए जिला योजना के अंतर्गत आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि मत्स्य पालन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि यह जनपद का पहला ऐसा मत्स्य क्लस्टर है, जहां संगठित रूप से रंगीन मछलियों का पालन किया जा रहा है। इस पहल से न केवल किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी, बल्कि क्षेत्र में छोटे व्यवसायों और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। स्थानीय दुकानदारों को भी इससे सीधा लाभ मिलेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जिलाधिकारी ने किसानों की सराहना करते हुए कहा कि वे कड़ी मेहनत और लगन से इस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। उनके प्रयास अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बनेंगे और अधिक से अधिक लोग इस क्षेत्र में आगे आएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में रंगीन मत्स्य पालन जनपद में एक सफल व्यवसाय के रूप में स्थापित होगा। इस अवसर पर सहायक निदेशक मत्स्य श्रीमती गरिमा मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत इस क्लस्टर में कुल 8 किसानों को शामिल किया गया है, जिनमें 4 महिलाएं और 4 पुरुष किसान हैं। यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में प्रदेश के केवल दो जनपद हरिद्वार और उधमसिंहनगर में ही रंगीन मत्स्य पालन किया जा रहा है। इस क्लस्टर में चार प्रमुख प्रजातियों की मछलियों का पालन किया जा रहा है, जिनमें गोल्डन फिश, ब्लैक शार्क, कोई कार्प और कबूतो कोई शामिल हैं। इन मछलियों की बाजार में अच्छी मांग है, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त हो रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चंद्रभागी मत्स्य सेवा केंद्र में संचालित व्यवस्थाओं का विस्तार से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नवाचारों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है, ताकि पारंपरिक कृषि के साथ-साथ अन्य आय के स्रोत भी विकसित किए जा सकें।

कार्यक्रम के दौरान श्रीमती काजल टोलिया, पंकज अग्रवाल, संदीप सिंह पंचवाल, प्रकाश सिंह पंचवाल, सीनियर इंस्पेक्टर मत्स्य जयप्रकाश, रेनू बेरिया सहित कई किसान और अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को किसानों के लिए लाभकारी बताते हुए इसे और विस्तार देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# कांग्रेस बैठक में संगठन विस्तार और रणनीति पर मंथन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मायापुर स्थित यूनियन भवन में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन विस्तार और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की अनदेखी से जनता परेशान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय कर आमजन की आवाज बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर पार्टी जनता के बीच मजबूत विकल्प के रूप में उभरेगी।



महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और मुरली मनोहर ने कहा कि कांग्रेस लगातार जनता के मुद्दों को उठाने का काम कर रही है। पूर्व विधायक रामयश सिंह और एससी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष तीर्थपाल रवि ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने पर जोर दिया। वरिष्ठ नेता राजबीर सिंह चौहान और महेश प्रताप राणा ने कहा कि युवा और आमजन भाजपा सरकार की नीतियों से निराश हैं। पार्षद हिमांशु गुप्ता और सोहित सेठी ने जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रखने की बात कही।

महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा और महानगर अध्यक्ष लता जोशी ने महिलाओं से जुड़े मुद्दों, महंगाई और सुरक्षा के सवाल पर कांग्रेस की आवाज बुलंद करने की बात कही। बैठक में करतार सिंह खारी, महावीर वशिष्ठ, तुषार कपिल, विक्रम शाह, तरुण व्यास, दीपक पांडेय, ऋषभ वशिष्ठ, शुभम जोशी, करन सिंह राणा, वीरेंद्र श्रमिक, उज्जवल वालिया, मोहित अरियाल, नमन अग्रवाल, विजय प्रजापति, मनीष गुप्ता, आशीष प्रधान, रणवीर शर्मा, आशु श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबर

### घर में घुसा चोर, युवती पर हमला कर नकदी व मोबाइल लेकर फरार

**हरिद्वार।** न्यू हरिद्वार क्षेत्र में देर रात एक घर में घुसकर चोरी और हमला किए जाने की घटना सामने आई है। बदमाश घर के कमरों के दरवाजे बाहर से बंद कर नकदी और मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। विरोध करने पर उसने घर में मौजूद युवती पर हमला भी किया। जानकारी के अनुसार न्यू हरिद्वार निवासी राम किशन भारद्वाज के घर में मंगलवार देर रात चोरी की वारदात हुई। उनकी पत्नी तनु भारद्वाज ने पुलिस को बताया कि परिवार के सदस्य अलग-अलग कमरों में सो रहे थे। इसी दौरान एक चोर घर में घुस आया। आरोप है कि उसने पहले तीन कमरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए, ताकि कोई बाहर न निकल सके। इसके बाद घर से तीन मोबाइल फोन और करीब 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। बताया गया कि घर के हॉल में सो रही युवती की आंख खुलने पर उसने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। इस पर आरोपी ने युवती पर हमला कर खुद को छुड़ाया और मौके से फरार हो गया। आरोप है कि घर के मंदिर में रखा सामान भी चोरी कर लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। रेल चौकी प्रभारी समीम पांडे ने बताया कि संदिग्ध की तलाश की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### जमीन विवाद में युवती से मारपीट और छेड़छाड़, पांच पर मुकदमा

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर युवती के साथ मारपीट और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने घर में घुसकर युवती के साथ अभद्रता की और जमीन अपने नाम कराने का दबाव बनाया। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पुल जटवाड़ा स्थित वाल्मीकि बस्ती निवासी युवती ने शिकायत देकर बताया कि वह अपनी मां और मौसी के साथ ननिहाल में रहती है। युवती का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले आत्माराम, राम कुमार, श्याम कुमार, निधि और एक महिला रिश्तेदार ननिहाल की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। आरोप है कि छह मई की शाम सभी आरोपी उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की गई। युवती ने आरोप लगाया कि दो आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए कपड़े फाड़ने का प्रयास किया, जबकि अन्य लोगों ने चप्पलों से हमला किया। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने जमीन अपने नाम करने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### छात्र पर लोहे की रॉड से हमला, तीन युवकों पर केस

**हरिद्वार।** शिवालिक नगर मार्ग पर एक छात्र पर बाइक सवार युवकों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रास्ता रोककर छात्र के साथ लोहे की रॉड से मारपीट की गई। पुलिस ने नामजद समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बहादराबाद निवासी छात्र नवनीत कुमार ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार रात शिवालिक नगर की ओर जा रहे थे। आरोप है कि ओम ढाबा के पास तीन बाइक सवार युवकों ने उन्हें रोक लिया और हमला कर दिया। हमलावरों ने लोहे की रॉड से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। तहरीर में दो आरोपियों की पहचान दिव्यम और केशव निवासी आर्य नगर ज्वालापुर के रूप में की गई है, जबकि तीसरे युवक की पहचान नहीं हो सकी है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। एसएसआई नंद किशोर ग्वाड़ी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश की बात सामने आई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को लेकर कनखल पुलिस सतर्क, गोष्ठी में सुनी समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड पुलिस के तहत कोतवाली कनखल में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा एवं समस्याओं के समाधान को लेकर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के कई वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए और पुलिस अधिकारियों से सीधे संवाद किया। गोष्ठी का संचालन एसएसआई अनुज सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। साथ ही अकेले रहने वाले बुजुर्गों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए पुलिस की ओर से विशेष सतर्कता बरतने की बात कही गई। एसएसआई अनुज सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी से बचाव के लिए जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि साइबर ठग अक्सर वरिष्ठ नागरिकों को अपना निशाना बनाते हैं, इसलिए किसी भी अनजान कॉल, लिंक या बैंक संबंधी जानकारी साझा करने से बचना चाहिए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील भी की गई। गोष्ठी में ऐसे वरिष्ठ नागरिकों का विवरण भी एकत्र किया गया जो अकेले रहते हैं। उनके मोबाइल नंबर नोट किए गए तथा घरेलू सहायकों और नौकरों का पुलिस सत्यापन कराने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा चेतक कर्मियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्र में अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों के घर नियमित रूप से जाकर उनका हालचाल लें और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ नागरिकों ने पुलिस के सहयोगात्मक एवं संवेदनशील रवैये की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस ने बताया कि इस प्रकार की गोष्ठियां प्रत्येक माह आयोजित की जाएंगी ताकि वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का समय रहते समाधान हो सके।



# एमसीएस बाल विद्यापीठ की नैना त्रिपाठी ने किया स्कूल टॉप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बुधवार को घोषित किए गए सीबीएसई बोर्ड की इंटर की परीक्षा के नतीजों में कनखल स्थित एमसीएस बाल विद्यापीठ स्कूल की कला वर्ग की छात्रा नैना त्रिपाठी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। नैना की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और उनके परिजनों में हर्ष का माहौल है। नैना त्रिपाठी ने बताया कि उनकी इच्छा भविष्य में जज बनने की है। उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता और शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है। नैना ने बताया कि नियमित पढ़ाई, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। नैना त्रिपाठी के पिता चंद्रमोहन त्रिपाठी पेशे से वकील हैं, जबकि उनकी माता लता त्रिपाठी गृहिणी हैं। बेटी की सफलता पर परिवार में उत्साह का माहौल है। चंद्रमोहन त्रिपाठी ने कहा कि नैना बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रही है और हमेशा कुछ अलग करने का लक्ष्य रखती है।



# चारधाम यात्रा पर रवाना हुई आह्वान अखाड़े की छड़ी यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री शंभू पंच दशनाम आह्वान अखाड़े की 1221वीं छड़ी यात्रा बुधवार को हरकी पैड़ी पर ब्रह्मकुंड में स्नान कर चारधाम भ्रमण पर रवाना हो गयी। श्री शंभू पंच दशनाम आह्वान अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरूण गिरी ने बताया कि आदिगुरू शंकराचार्य ने नागा सन्यासियों के साथ त्रिवेणी घाट स्थित गौरीशंकर मंदिर से छड़ी यात्रा निकाली गयी थी। विश्व शांति की कामना को लेकर गौरीशंकर मंदिर से 10 मई को छड़ी यात्रा का शुभारंभ किया गया। यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ धाम के दर्शन करने के बाद यात्रा 7 जून को वापस ऋषिकेश में आकर संपन्न होगी। स्वामी अरूण गिरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के तेल व अन्य संसाधन बचाने के आह्वान पर यात्रा में पांच बसों के स्थान पर केवल एक बस ले जायी जा रही है। संतों की संख्या भी सीमित की गयी है। श्रीमहंत गोपाल गिरी ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य समाज में धर्म जागरण करने के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है। इस अवसर पर साध्वी तुलसी माता, श्रीमहंत रवि गिरी, महंत भूपेंद्र गिरी, महंत थानापति किशन गिरी, महंत कपिल मुनि, महन्त छन्नू गिरी, महंत जमलिया रणघोण गिरी, महंत घनश्याम गिरी, स्वामी पारस गिरी, स्वामी सेवानाथ, महंत जनक गिरी, महंत हरदेव गिरी, महंत शांतानंद गिरी, महंत आकाश गिरी, महंत प्रशांत पुरी सहित बड़ी संख्या में संत महंत व श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मदरसा दारूल उलूम रशिदिया में बैठक आयोजित

# मदरसा शिक्षा को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम : मौलाना आरिफ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ईदगाह रोड़ ज्वालापुर स्थित मदरसा दारुल उलूम रशिदिया में मदरसों को लेकर बैठक आयोजित की गई। मदरसा प्रबंधक मौलाना आरिफ ने कहा कि मदरसा शिक्षा को लेकर भ्रम फैलाकर मदरसों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ धार्मिक शिक्षा भी जरूरी है। मदरसों में धार्मिक शिक्षा प्राप्त कर बच्चे हाफिज, कारी और मौलवी मौलाना बनकर मस्जिदों और मदरसों में तालीम देते हैं और धार्मिक शिक्षा का प्रचार करते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग मदरसों के नाम पर मॉडर्न शिक्षा देकर मिड डे मील एवं अन्य सुविधाएं हासिल कर घपला रहे हैं, उनकी जांच होनी चाहिए। मौलाना आरिफ ने कहा कि वर्षों से मदरसे देश में संचालित हैं। देश की आजादी के आंदोलन में भी मदरसों में पढ़ाने वाले शिक्षकों एवं युवाओं का विशेष योगदान है। देश को आजादी दिलाने में अनेकों बलिदान दिए गए। उन्होंने कहा कि मदरसों में देश के प्रति कर्तव्यों को भी सिखाया जाता है। मदरसों में पढ़ने एवं पढाघ्ने वालों ने सरकार के खिलाफ कभी कोई काम नहीं किया है। मदरसों में सच्ची निष्ठा, ईमानदारी, धर्म के प्रति समर्पित भावना का पाठ पढ़ाया जाता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि मदरसा शिक्षा एवं मॉडर्न शिक्षा में अंतर को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि मदरसे सरकार से कोई मदद नहीं ले रहे हैं। चंदे के पैसे से मदरसों में शिक्षा देने का काम किया जा रहा है। वर्ष भर का ऑडिट भी किया जाता है। किसी भी प्रकार का घपला नहीं होता है। इसलिए सरकार द्वारा गठित किए जा रहे प्राधिकरण या बोर्ड की कोई आवश्यकता नहीं है। मास्टर साजिद हसन ने कहा कि गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को मदरसों में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि बिना सोचे समझे मदरसों की शिक्षा को बदनाम ना करें। इस दौरान मास्टर इसरार, मास्टर रिजवान, कारी बसीर, मास्टर साजिद हसन, कारी असद आदि मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से पलटा विक्रम टेंपो, चालक गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शांतिकुंज फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से विक्रम टेंपो पलट गया। हादसे में चालक समेत कई यात्री घायल हो गए। चालक का देहरादून के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। ऋषिकेश निवासी गौतम गुलाटी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता अजय गुलाटी 27 अप्रैल को यात्रियों को लेकर विक्रम टेंपो से हरिद्वार आ रहे थे। आरोप है कि सप्तऋषि पुलिस चौकी फ्लाईओवर के पास पीछे से आ रही अर्टिगा कार ने तेज रफ्तार और लापरवाही से टेंपो में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टेंपो सड़क पर पलट गया। हादसे में कई यात्रियों को चोटें आईं, जबकि चालक अजय गुलाटी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए देहरादून के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर कुंदन सिंह राणा ने बताया कि अज्ञात कार चालक और वाहन स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### डंपर की टक्कर से कंपनी कर्मचारी की मौत, चालक पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरकी पैड़ी बाईपास पुल पर डंपर की टक्कर से बाइक सवार कंपनी कर्मचारी की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया था। भूपतवाला निवासी प्रिंस शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता पंकज शर्मा सिडकुल स्थित एक कंपनी में कार्यरत थे। नौ मई की सुबह ड्यूटी खत्म कर वह बाइक से घर लौट रहे थे। आरोप है कि सीसीआर टावर के पास पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने ओवरटेक करते समय बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पंकज शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर कुंदन सिंह राणा ने बताया कि अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## केयर कॉलेज विवाद पर प्रबंधन की सफाई

# कहा जीएनएम कोर्स पूरी तरह वैध

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** क्षेत्र के रोहालकी किशनपुर स्थित केयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में पिछले कई दिनों से चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच कॉलेज प्रबंधन ने अपनी ओर से विस्तृत सफाई जारी की है। प्रबंधन ने दावा किया कि संस्थान पिछले 14 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है और यहां से पढ़कर निकले छात्र देश-विदेश में सेवाएं दे रहे हैं। प्रबंधन के अनुसार कॉलेज के छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों के साथ विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं। कॉलेज का कहना है कि संस्थान की शिक्षण व्यवस्था और प्रायोगिक प्रशिक्षण के कारण हर वर्ष विभिन्न राज्यों से छात्र यहां प्रवेश लेते हैं। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व और बाहरी राज्यों के कुछ छात्रों को यह कहकर भ्रमित कर रहे हैं कि कॉलेज का जीएनएम कोर्स Indian Nursing Council से मान्यता प्राप्त नहीं है। प्रबंधन ने इसे भ्रामक बताते हुए कहा कि GNM कोर्स की मान्यता राज्य सरकार द्वारा दी जाती है। कॉलेज के मुताबिक संस्थान उत्तराखंड सरकार, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखंड स्टेट मेडिकल फैकल्टी और उत्तराखंड स्टेट नर्सिंग काउंसिल की अनुमति से संचालित हो रहा है। वर्ष 2025-26 के GNM कोर्स को भी आवश्यक सरकारी स्वीकृतियां प्राप्त हैं।

कॉलेज प्रबंधन ने दावा किया कि सर्वोच्च न्यायालय, नैनीताल हाईकोर्ट और INC के निर्देशों के अनुसार GNM डिप्लोमा कोर्स के लिए राज्य सरकार की स्वीकृति पर्याप्त मानी जाती है। ऐसे में राज्य सरकार से अनुमोदित संस्थानों से पढ़ने वाले छात्र सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के पात्र होते हैं। प्रबंधन ने यह भी कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा संचालित कुछ सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में भी GNM पाठ्यक्रम INC से रिकॉग्नाइज नहीं है, बावजूद इसके वहां से पढ़े छात्र वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों और अभिभावकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि GNM कोर्स पूरी तरह नियमानुसार संचालित है और भविष्य में कोर्स की वैधता को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। कॉलेज ने छात्रों से पढ़ाई पर ध्यान देने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की है। हालांकि, कॉलेज परिसर में जारी विरोध प्रदर्शन और छात्रों के आरोपों के बीच अब प्रशासन और संबंधित विभागों की आगामी कार्रवाई पर सभी की नजर बनी हुई है।

### श्री जगद्गुरू उदासीन आश्रम में शिव महापुराण कथा शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जस्साराम रोड स्थित श्री जगद्गुरू उदासीन आश्रम के 55वें वार्षिकोत्सव पर श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व बिरला घाट से आश्रम तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महंत स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि ने कहा कि गंगा के तटों पर संतों के सानिध्य में कथा श्रवण करने से कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने का अवसर सौभाग्य प्राप्त होता है। कथा व्यास पंडित लक्ष्मी नारायण शास्त्री ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए विभिन्न प्रसंग सुनाए। इस अवसर पर मुख्य यजमान कान्ता दुग्गल, नितिन दुग्गल, तरुण तुग्गल, चीतेश दुग्गल सहित कई संत-महंत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दो बाईक की आमने सामने की भिड़त में युवक की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र में 3 मई को दो बाईक की आमने सामने की भिड़त में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में म्रतक के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मुस्तकीम पुत्र हनीफ निवासी हसन बाग, लण्ढौरा कोतवाली मंगलोर ने तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र जाकिर 3 मई की शाम को ज्वालापुर से लकड़ी का काम खत्म करके अपने साथी मोनिश पुत्र कुर्बान निवासी ग्राम गाघारोना के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इक्कड़ गांव के नजदीक सामने से आ रहे बाइक सवार युवक ने गलत दिशा में आकर उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे जाकिर व मोनीश गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलो को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सको ने जाखिर को मृत घोषित कर दिया। मोनीश उसका इलाज जारी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया।

पथरी थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।


**सूचना**

मेरे व्यवहारी छाया रानी पत्नी बाबिल कुमार की सम्पत्ति का पुराना बैनामा जो की श्यामों पत्नी मामचंद के हक मे किया था जो बही नं0-1 जिल्द नं0-2318 पृष्ठ नं0-267 से 288, क्रमांक नं0-10387 दिनांक 05/09/2012 पर पंजीकृत है जो कही खो गये है व यदि किसी को यह दस्तावेज मिलता है या किसी को कोई आपत्ति हो, तो कृप्या सम्पर्क करे। वीरेन्द्र सिंह एडवोकेट, चैंबर नंबर 27, तहसील रूड़की, जनपद हरिद्वार, मो० नं० 9412073170.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी ग्राम शेखपुरी (आजाद नगर चौक), रुड़की स्थित संपत्ति (खसरा नं. 78च, क्षेत्रफल 2224 वर्गफुट) के निम्नलिखित दो मूल दस्तावेज खो गए हैं। वसीयतनामा : दिनांक 09/06/2009 को उप निबंधक कार्यालय रूड़की में पंजीकृत (बही नं. 3, जिल्द 6, पृष्ठ 221-226, द. नं. 152)। विक्रय पत्र : दिनांक 31/08/2016 को उप निबंधक कार्यालय रूड़की में पंजीकृत (बही नं. 1, जिल्द 3274, पृष्ठ 17-64, द.नं. 8555)। इस संबंध में पुलिस में गुमशुदगी दर्ज करा दी गई है। ये दस्तावेज कहीं भी बंधक या गिरवी नहीं रखे गए हैं। यदि किसी को इस पर कोई आपत्ति या दावा हो, तो 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें, अन्यथा इसके बाद कोई दावा मान्य नहीं होगा। अनुभव कुमार अग्रवाल व मोहित अग्रवाल पुत्रगण श्री रजनीश अग्रवाल, निवासी हाउस नं. 28, यादवपुरी, रामनगर, रुड़की। जिला हरिद्वार, संपर्क : 9837766035



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com


# विधायक निधि से बन रही सड़क की गुणवत्ता पर उठे सवाल?

## शिकायत के बाद निर्माण स्थल पहुंचे बीडीओ मानस मित्तल की जांच, दिए आवश्यक निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम के वार्ड 44 त्रिमूर्ति नगर में विधायक निधि से बनाई जा रही सड़क के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री और पुरानी ईंटों के इस्तेमाल की शिकायत सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। बुधवार को बीडीओ बहादराबाद मानस मित्तल ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्थानीय लोगों का आरोप था कि सीसी सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। साथ ही नाली निर्माण में नई ईंटों के बजाय पुरानी और कमजोर ईंटों का प्रयोग किया जा रहा था, जिससे निर्माण कार्य की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे थे। मामले की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी से की गई थी।



मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर बीडीओ मानस मित्तल जांच के लिए निर्माण स्थल पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा ठेकेदार को मानकों के अनुरूप कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने की मांग की।

## संतों व भक्तों के सानिध्य में मनाया स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती का अवतरण दिवस

# विद्वान संत हैं स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती : डा. निशंक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सन्यास मार्ग कनखल स्थित श्री रामेश्वरानंद आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती का 53वां अवतरण दिवस संतों और भक्तों के सानिध्य में मनाया गया। संतों और अतिथीयों ने स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती को पगड़ी और फूलमाला पहनाकर अवतरण दिवस की शुभकामनाएं दी। स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती को अवतरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती विद्वान संत हैं। भक्तों का धर्म और अध्यात्म का ज्ञान प्रदान करने में उनका अमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि संत महापुरूषों का जीवन निर्मल जल के समान होता है और संतों के सानिध्य में ही भक्तों का कल्याण होता है। म.मं. स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन की रक्षा और मानव कल्याण में योगदान ही उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि संत समाज के आशीर्वाद से आश्रम की सेवा परंपरा का विस्तार करते हुए अनेक प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। जिनका लाभ बाहर से आने वाले श्रद्धालु भक्तों और जरूरतमंद लोगों को मिल रहा है। महंत देवानंद सरस्वती ने कहा कि त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति म.मं. स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती समाज का आध्यात्मिक मार्गदर्शन करने में उल्लेखनीय योगदान कर रहे हैं। अनिल पुरी, नरेश शर्मा, विश्वास सक्सेना, डा.विशाल गर्ग, मनोज गौतम आदि ने फूलमाला पहनाकर सभी संतों का स्वागत किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि, मेयर किरण जैसल, पालिका चेयरमैन राजीव शर्मा, महंत सूरजदास, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी ज्योर्तिमयानंद, पदम प्रसाद सुवेदी, अमित वालिया, उज्जवल पंडित आदि मौजूद रहे।



## कोटिकनासर में 17 को लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** तहसील चकराता के दूरस्थ क्षेत्र कोटिकनासर में 17 मई को जौनसार बावर डॉक्टर एसोसिएशन के तत्वावधान में निशुल्क एकदिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराना है। आयोजकों ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहेंगे, जो मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श देंगे।

साथ ही जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया जाएगा। शिविर में कई प्रकार की स्वास्थ्य जांचें भी मुफ्त में की जाएंगी, जिससे ग्रामीणों को समय रहते बीमारियों की जानकारी मिल सके और उचित उपचार प्राप्त हो सके। शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ. यशवीर तोमर, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. यशपाल तोमर व डॉ. प्रियंका, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, पैथोलॉजिस्ट डॉ. राजेंद्र शर्मा, जनरल सर्जन डॉ. नरेंद्र चौहान, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र राय, एनेस्थेटिक विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप चौहान, डॉ. खजान सिंह चौहान, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. केशर सिंह चौहान, डॉ. अमर राय, डॉ. अखंड पी सिंह, डॉ. दिनेश चौहान, डॉ. मंजू राणा, डॉ. मयंक, मनोचिकित्सक डॉ. विनय शर्मा, ऑर्थोपेडिशियन डॉ. अरविंद राणा, डेंटिस्ट डॉ. विजय चौहान, डॉ. अभिमन्यु राठौर तथा न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. विक्रम अपनी सेवाएं देंगे। इसके अतिरिक्त सहयोगी चिकित्सकों के रूप में डॉ. रामानंद जोशी, डॉ. प्रदीप उनियाल, डॉ. नरेंद्र राणा एवं डॉ. विपिन तोमर भी शिविर में मौजूद रहेंगे।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विधि शर्मा पछवादून में रही टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय विकासनगर की छात्रा विधि शर्मा ने कला वर्ग में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पछवादून में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एक बार फिर सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सेपियंस विद्यालय विकासनगर ने अपना दबदबा कायम रखा।




सेपियंस विद्यालय विकासनगर ने बोर्ड परीक्षा में अपना दमखम दिखाते हुए पछवादून टॉपर देकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सेपियंस विद्यालय विकासनगर की विधि शर्मा ने कला वर्ग में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अदिति एवं दिशा पंवार ने कला वर्ग में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा तेजस्वी ने कला वर्ग में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल कर सेपियंस विद्यालय का नाम रोशन किया।

85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में साक्षी 93.2, सौम्या 90.8, आहना 90.8, सेलिना 90.6, सेजल 90, वंश 88.8, दिव्यांशी 88.8, वृंदा 88.6, हर्ष 88.6, भव्या 88, रिशिका 88, वेदांश सैनी 87.2, नैतिक 87.4, अंशिका 87, अवनी 87, सोनाली 89.2, शना गुल 86.4, समीक्षा 85.8, प्रियांशु 85, उजमा 85, प्रियम 85.6, अनिका 86.2, प्राची 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विषयवार अधिकतम अंक प्राप्त करने वाली में विधि शर्मा रही। उन्होंने अंग्रेजी में 98 अंक हासिल किए। राजनीति विज्ञान में दिशा पंवार, इतिहास में विधि शर्मा ने 100 अंक हासिल किए। कला में 13 विदयार्थियों ने 100 से अधिक अंक प्राप्त किये।

बेहतरीन परिणाम के लिए विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी सपरा, विद्यालय सचिव रवि कांत सपरा, विद्यालय प्रबंधक रशिता सपरा, सेपियंस विद्यालय विकासनगर प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल, नंदी बिष्ट, अश्विनी कुमार, बेबी राठौर, सुमालती उनियाल ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं का आभार प्रकट किया।




## ब्राइट ऐन्जल्स स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



### जिज्ञासा व उनेजा खान ने विद्यालय का नाम किया गौरवान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में सीबीएसई के अंतर्गत ब्राइट ऐन्जल्स स्कूल जीवनगढ़ विकासनगर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया।

विद्यालय की छात्रा जिज्ञासा व उनेजा खान ने आर्ट्स वर्ग में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम पछवादून में गौरवान्वित किया। विद्यालय के कुल 9 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 21 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय के निदेशक, प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नर्सिंग अफसरो की मांगों पर सरकार गंभीर नहीं: विक्रम

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** परेड ग्राउंड में चल रहे नर्सिंग अधिकारियों के धरने में प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रचंड बहुमत वाली सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और युवाओं के हितों की लगातार अनदेखी कर रही है। नेगी ने कहा कि प्रदेश के युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं और अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं, लेकिन सरकार उनकी सुध लेने को तैयार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कुंभकरणी नींद में सोई हुई है और बेरोजगार युवाओं के दुख-दर्द से उसका कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलन की मूल भावना रोजगार से जुड़ी थी, लेकिन वर्तमान सरकार उस भावना को लगातार नजरअंदाज कर रही है। ऐसे में सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। विधायक ने कहा कि सरकार को आंदोलनरत नर्सिंग अधिकारियों की मांगों का तत्काल समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के अड़ियल रवैये के विरोध में महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला परेड ग्राउंड में पानी की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन कर रही हैं। यदि जल्द मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो इसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी। धरने में प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजेंद्र शाह, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष जसविंद्र सिंह गोगी, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा कृशाली, यशपाल चौहान, अखिलेश उनियाल, विजय गुसाईं, आशी रावत, मुन्नी देवी, लक्ष्मी देवी और सुनीत राठौर समेत कई लोग मौजूद रहे।



प्रतापनगर विधायक नेगी परेड ग्राउंड पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया

### विद्यार्थियों ने विद्यालय की प्रतिष्ठा को कायम रखा

**विकासनगर।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। एनफील्ड के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की गौरवशाली परंपरा एवं प्रतिष्ठा को कायम रखा।

विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम लगभग 98 प्रतिशत रहा, जिसमें 82 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की, जबकि अन्य विद्यार्थियों ने भी संतोषजनक अंक हासिल किए। प्रधानाचार्य ओपी चुग ने कहा कि इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को जाता है। विद्यालय प्रबंधन तथा विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों उनके अभिभावकों को बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गई।

## खत द्वार के भण्डाराथात में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

### विधायक प्रीतम सिंह ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विधानसभा क्षेत्र चकराता के खत द्वार अंतर्गत भण्डाराथात में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस सीईसी सदस्य प्रीतम सिंह पहुंचे। इस दौरान विधायक प्रीतम सिंह एवं जिला पंचायत देहरादून के उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह का ग्रामीणों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों और फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।



कार्यक्रम से पूर्व विधायक प्रीतम सिंह ने विधायक निधि से भण्डाराथात में कराए गए खेल मैदान के सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण भी किया। सम्मेलन के दौरान कई लोगों ने भाजपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि जौनसार बावर के लोग राजनीतिक रूप से जागरूक और परिपक्व हैं तथा उन्होंने हमेशा सही नेतृत्व को चुनने का कार्य किया है। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा विकास विरोधी सोच के साथ काम कर रही है और राज्य व देश की वर्तमान स्थिति जनता के सामने है। उन्होंने कहा कि आज चकराता पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है, जिसका श्रेय कांग्रेस सरकारों द्वारा किए गए आधारभूत ढांचे के विकास को जाता है।

प्रीतम सिंह ने कहा कि जो लोग चकराता को "स्विट्जरलैंड" बनाने की बातें करते थे, वे आज क्षेत्र छोड़ चुके हैं, लेकिन कांग्रेस हमेशा जनजातीय क्षेत्र के लोगों के साथ खड़ी रही है और आगे भी रहेगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा केवल सपने दिखाने का काम करती है। जनता से किए गए वादे पूरे नहीं हुए और आज आम लोग महंगाई व अन्य समस्याओं से परेशान हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, कार्यक्रम संयोजक एवं कांग्रेस खत द्वार अध्यक्ष रमेश नेगी, ब्लॉक प्रमुख आशा वर्मा, ज्येष्ठ प्रमुख फतेह सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य दीवान सिंह तोमर, केशर सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमर सिंह, शूरवीर सिंह, प्रधान मिंडाल विक्रम नेगी, महेंद्र सिंह चौहान, पूर्व कैंट सदस्य कमल रावत, आनंद सिंह, दिनेश चांदना, सूरज तोमर, भागीराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मोतीलाल नेहरू मार्ग की खराब स्थिति पर जोशी ने जतायी नाराजगी

### कैबिनेट मंत्री ने की मसूरी विधानसभा क्षेत्र के मोटर मार्ग कार्यों की समीक्षा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज अपने कैंप कार्यालय में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मोटर मार्ग निर्माण से संबंधित विभिन्न प्रस्तावित एवं संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने क्यारा-धनौल्टी मार्ग, गढ़-बुरांसखण्डा मार्ग, मोटीधार-मसराना, लोहारीगढ़, कोठियाना, छोटी छमरौली से डोमकोट, विलासपुर कांडली, अनारवाला-मालसी सहित देहरादून के विभिन्न वार्डो की सड़क की स्थिति एवं प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने गजियावाला, अमन विहार एवं धोरण पुल की स्थिति की जानकारी भी ली। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित सड़क निर्माण एवं सुधारीकरण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी के मोतीलाल नेहरू मार्ग की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए तत्काल मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वह स्वयं 16 मई को मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करेंगे, इसलिए उससे पूर्व मार्ग की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। मंत्री ने मसूरी मॉल रोड के सुधारीकरण कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश देते हुए जोहड़ी अनारवाला क्षेत्र में चल रहे सड़क सुधारीकरण कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

इस अवसर पर लोनिवि के प्रमुख अभियंता राजेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता ओपी सिंह, ईई राजेश कुमार, मण्डल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, समीर पुण्डीर, अनुज कौशल, विष्णु गुप्ता, संजय नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

## सीनियर गर्ल्स बास्केट बॉल में आईपीएस ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जिम्प पायनियर स्कूल में सीबीएसई सहोदय पछवादून विकासनगर देहरादून सीनियर गर्ल्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देहरादून एवं विकासनगर क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों की छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया।



### जिम्प पायनियर स्कूल में बास्केट बॉल टूर्नामेंट का आयोजन

टूर्नामेंट का शुभारंभ सहोदय पछवादून विकासनगर के चेयरमैन एवं शिवालिक अकादमी के चेयरमैन सोम दत्त त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस अवसर पर ब्रिस्टल स्कूल के प्रधानाचार्य परवेश भट्ट तथा सहोदय पछवादून विकासनगर के चीफ पैट्रन एवं ब्राइट एंजल्स स्कूल के चेयरमैन कर्नल कादिर हुसैन उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में इंडियन पब्लिक स्कूल राजावाला प्रथम, जिम्प पायनियर स्कूल द्वितीय द सेपियंस स्कूल विकासनगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ जगदीश पाण्डे ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं एकता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## 22 दिनों में 5.23 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा केदार के दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** भगवान केदारनाथ धाम की यात्रा इस वर्ष आस्था, व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भागीदारी के चलते नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

22 अप्रैल से प्रारंभ हुई पवित्र यात्रा ने मात्र 22 दिनों में ही ऐतिहासिक आंकड़ा पार करते हुए 5 लाख 23 हजार 582 श्रद्धालुओं के दर्शन का रिकॉर्ड दर्ज किया है। हर दिन हजारों की संख्या में देश-विदेश से भक्त बाबा केदार के दरबार में पहुंच रहे हैं, जिससे संपूर्ण केदारघाटी भक्तिमय माहौल में डूबी हुई है।

यात्रा के शुरुआती दौर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने के बावजूद व्यवस्थाएं पूरी तरह नियंत्रण में हैं। जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, आपदा प्रबंधन और विभिन्न सेवा एजेंसियों के समन्वित प्रयासों ने यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और श्रद्धालु अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा स्वयं यात्रा व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। यात्रा मार्ग, पार्किंग, ट्रैफिक संचालन, स्वास्थ्य सुविधाएं, सफाई व्यवस्था और धाम क्षेत्र की व्यवस्थाओं पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है। अधिकारियों की नियमित फील्ड विजिट और त्वरित निर्णयों का सकारात्मक असर यात्रा संचालन में साफ दिखाई दे रहा है। प्रशासन द्वारा गौरीकुंड से केदारनाथ धाम तक पैदल यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। जगह-जगह विश्राम स्थल, पेयजल, भोजन, चिकित्सा सहायता, मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयां, सुरक्षा बल और आपदा राहत टीमें तैनात की गई हैं। वहीं धाम क्षेत्र में साफ-सफाई, आवास, विद्युत व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है। विशेष बात यह है कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और ऊंचाई वाले क्षेत्र में भी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित और सुचारु बनाए रखा गया है, जिसकी श्रद्धालु खुलकर सराहना कर रहे हैं।

### श्रद्धालुओं ने की व्यवस्थाओं की सराहना

रूद्रप्रयाग। पंजाब के रोपड़ से पहुंचे श्रद्धालु दिवाकर ने कहा कि बाबा केदारनाथ के दर्शन अत्यंत सहजता और व्यवस्थित तरीके से हुए। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाएं उत्कृष्ट हैं और धाम में साफ-सफाई से लेकर सुरक्षा तक हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अहमदाबाद से आई श्रद्धालु माही ने कहा कि धाम पहुंचकर उन्हें अत्यंत सुखद अनुभव हुआ। उन्होंने कहा कि यहां की व्यवस्थाएं उनकी अपेक्षाओं से कहीं बेहतर हैं और प्रशासन हर स्तर पर यात्रियों की सहायता के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है। वहीं अहमदाबाद निवासी कुणाल चावला ने कहा कि इतनी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जिस स्तर की व्यवस्थाएं प्रशासन द्वारा की गई हैं, वह वास्तव में सराहनीय और प्रेरणादायक हैं।

### रिकॉर्ड आस्था, शानदार व्यवस्थाएं और प्रशासनिक सतर्कता से नई ऊंचाइयों पर पहुंची केदारनाथ यात्रा

## सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल ने किया शानदार प्रदर्शन

### 97.2% अंकों के साथ आरव मित्तल बने स्कूल टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं (एआईएसएससीई) के परीक्षा परिणामों में सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल ने 85.2 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है।

इस वर्ष तीनों संकायों में से ह्यूमनिटीज (मानविकी) का प्रदर्शन सबसे बेहतरीन रहा, जिसका कुल औसत 88.6 प्रतिशत रहा। इसके बाद कॉमर्स स्ट्रीम ने 85.74 प्रतिशत और साइंस स्ट्रीम ने 82.1 प्रतिशत का औसत स्कोर हासिल किया। छात्र आरव मित्तल ने 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ न केवल अपनी स्ट्रीम, बल्कि पूरे स्कूल में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

इसी स्ट्रीम में गुल चौधरी 95.8 प्रतिशत के साथ दूसरे और करन बिरानी 95 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। ह्यूमनिटीज स्ट्रीम: अंगशान लिया डब्ल्यू. कोन्याक और तायर रीकम ने 94.8 प्रतिशत अंक पाकर संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। इनके बाद ऋषि कुमार (92.2%) और मिराइका जैन (90.4%) ने बाजी मारी। साइंस स्ट्रीम: विज्ञान वर्ग में खुशी नंगलिया 91.2 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर रहीं।

वहीं स्टैंजिन स्टोबजोर ने 90.8 प्रतिशत और भावेश मखारिया ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा साबित की। कई विषयों में मिले परफेक्ट 100 अंक इस वर्ष स्कूल के छात्रों ने कई विषयों में शत-प्रतिशत (100) अंक हासिल किए हैं। एकाउंटेंसी, इकोनॉमिक्स, साइकोलॉजी और पेंटिंग में छात्रों ने पूरे 100 अंक बटोरे। इसके अलावा इंग्लिश में 99, हिस्ट्री व म्यूजिक में 98 और फिजिकल एजुकेशन में 97 अंक हाईएस्ट रहे।

## कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे: डीएम ने आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत पात्र बच्चों को योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय सभागार में 'संवाद कार्यक्रम' आयोजित किया गया। मंगलवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के निर्देशों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया , जिसमें विकासखंड भटवाड़ी के अपवंचित और कमजोर वर्ग के बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया।



कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना प्रशासन और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम का लाभ हर पात्र बच्चे तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे।

इस अवसर पर विकासखंड भटवाड़ी के 23 आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, ट्रैक सूट, जूते, छाता, टिफिन, वाटर बोतल और आर्ट किट सहित अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के आयोजन में सिंचाई विभाग जोशियाड़ा और उत्तराखंड पेयजल निर्माण निगम चंबा का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल, जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र अमोली, खंड शिक्षा अधिकारी हर्षा रावत समेत बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई का प्रदर्शन, फूंका पुतला

**बागेश्वर।** बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों से कथित अवैध शुल्क वसूली के विरोध में विश्वविद्यालय प्रशासन और परीक्षा नियंत्रक का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि छात्रों से 500 रुपये का अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर इस तरह अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है।

**PUBLIC NOTICE**

I, No 15423575F Nk (Amb Asst) Sandeep presently serving with 414 Field Hospital Dehradun Garhi Cantt PIN 248001 Uttarakhand.I have changed my name from Sandeep to Sandeep Choudhary, both the names pertain to one and the same person. It should be updated.

**PUBLIC NOTICE**

I, No 15433243L Hav (Nur Asst) Kapil Dev presently residing at MH Dehradun.In my Army Documents my Daughter's name is wrongly entered as Miss Tanushka kuntal whereas correct Name is Tanushka Kuntal as per Aadhar card. It should be updated.

**PUBLIC NOTICE**

I, No. JC-784056 F Nb Sub Shiv Pratap Singh presently residing at ASRI (HQ UK Sub Area) Garhi Cantt Dehradun. In my Army Documents my wife's name is wrongly entered as Prite Kumari whereas correct Name is Km Priti as per Aadhar card. It should be update.

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद् डोईवाला देहरादून**

पत्रांक: 196/कर अनुभाग/ ई-निविदा/2026-27 दिनांक : 13.05.2026

**ई-निविदा सूचना**
**( तृतीय प्रकाशन )**

नगर पालिका परिषद डोईवाला के स्वामित्व के कैफिटेरिया/कैन्टीन स्थित वार्ड सं.-2, आर्यनगर, मौजा भानियावाला प्रीमियम नीलामी हेतु इच्छुक निविदादाताओं से ई-निविदा के माध्यम से Two Bid System के अन्तर्गत ऑनलाईन ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा के सम्बन्ध मे समस्त शर्ते एवं सूचनायें https://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 16.05.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 01.06.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। निविदा विवरण निम्नवत है :-

| क्र. सं. | स्थल का नाम | न्यूनतम प्रीमियम धनराशि | जमानत धनराशि | कैफिटेरिया/कैन्टीन किराया प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड सं.-2 आर्यनगर मौजा भानियावाला निकट नई तहसील डोईवाला। | रू. 52,09,500/- | रू. 1,05,000/- | रू. 57,024/- + जी०एस०टी० (As applicable) |

( एम.एल. शाह )
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद् डोईवाला

( नरेन्द्र सिंह नेगी )
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् डोईवाला

**कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय आश्रम पद्धति उ.मा. विद्यालय हरिपुर, कालसी देहरादून**

पत्रांक : C-70/रा.आ.प.वि./नीलामी सूचना/2026-27 दिनांक 13.05.2026

**विज्ञप्ति**

राजकीय आश्रम पद्धति उ.मा. विद्यालय हरिपुर कालसी देहरादून में
नीलामी- सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड सरकार के अधीन निदेशालय, जनजाति कल्याण उत्तराखण्ड, देहरादून के द्वारा संचालित संस्था, राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरिपुर, कालसी, देहरादून में निष्प्रयोज्य हो चुके सामानों की जिस स्थान पर है जिस स्थिति में है, के आधार पर प्रधानाचार्य राजकीय आश्रम पद्धति उ.मा. विद्यालय, हरिपुर, कालसी की अध्यक्षता में दिनांक 19.05.2026 को प्रातः 10:00 बजे नीलामी की जायेगी। इच्छुक बोली दाता कार्यालय कार्य दिवस में आकर उक्त के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

प्रधानाचार्य
राजकीय आश्रम पद्धति उ.मा. विद्यालय
हरिपुर, कालसी, देहरादून

# सुनवाई में प्रमुखता से उठे पेयजल व सड़कों के मुद्दे

■ अधिकारियों को दिए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश
■ 58 शिकायतों पर हुई सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** उपतहसील पावकी देवी में 'तहसील दिवस' का आयोजन अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज गूलर दोगी में किया गया। तहसील दिवस में आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



उपतहसील पावकी देवी में 'तहसील दिवस' का आयोजन अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज गूलर दोगी में किया गया। तहसील दिवस में आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

तहसील दिवस के दौरान कुल 58 शिकायतें एवं समस्याएं प्राप्त हुईं, जिनमें अधिकांश शिकायतें पेयजल एवं सड़क संबंधी थीं। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश कुलिवाल द्वारा ग्राम भांगला घाटी से हैलिपैड (बगीद) में रोड कटान से हुई क्षति, मार्गों के निर्माण, क्षतिग्रस्त प्रतिक्षालय का नवनिर्माण एवं भैरव मंदिर की सुरक्षा दीवार व रास्ता निर्माण से अवगत कराया।

घेराधार ग्रामवासियों द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज घेराधार में कुछ अध्यापकों एवं लिपिकीय स्टाफ के अत्यधिक अनुपस्थित रहने पर तथा परीक्षाओं में नकल पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की गई।

सतेंद्र सिंह पुंडीर द्वारा ग्रामसभा लोयल के कुड़िया तोंक में उत्तराखंड जल निगम मुनिकी रेती द्वारा टैंक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किए जाने की स्थिति से अवगत कराया गया।

ग्राम पंचायत चमेली की प्रधान नीलम द्वारा चमेली पेयजल योजना के अंतर्गत पाइपलाइन की देखरेख की मांग की गई। जगमोहन सिंह, ग्राम प्रधान घिगुड द्वारा बरसात में बाढ़ जैसी स्थिति के कारण आपातकालीन सैंड बनवाने की मांग की गई। सिलकणी के ग्राम प्रधान सुमन द्वारा सिलकणी की सड़क डामरीकरण, ग्राम पंचायत क्यारा में सिंचाई गूल की मरम्मत आदि से अवगत कराया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आशीष, जिला पंचायतीराज अधिकारी एम.एम. खान, मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# केदारनाथ यात्रा में सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं, 409 वाहन चालकों पर परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई

■ डीएम विशाल मिश्रा के निर्देश पर सघन चेकिंग अभियान जारी,
■ 11.03 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क वसूला गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और दुर्घटनामुक्त बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ मैदान में डटा हुआ है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देशों पर परिवहन विभाग द्वारा यात्रा मार्गों पर लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) रुद्रप्रयाग धर्मेंद्र सिंह बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा अवधि के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में अप्रैल माह में व्यापक स्तर पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत 409 वाहन चालकों के चालान किए गए, जबकि कुल 11.03 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क वसूला गया।

उन्होंने बताया कि कार्रवाई उन वाहनों पर की गई जो बिना ग्रीन कार्ड, ट्रिप कार्ड, निर्धारित यूनिफॉर्म, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, फायर एक्सटेंग्यूसर, मेडिकल किट तथा अन्य अनिवार्य सुरक्षा मानकों के बिना संचालित पाए गए। विभागीय टीमों ने यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों और चेकिंग प्वाइंट्स पर लगातार निगरानी रखते हुए नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की।

एआरटीओ धर्मेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि केदारनाथ यात्रा देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ी हुई है। ऐसे में यात्रा मार्गों पर संचालित प्रत्येक वाहन का सुरक्षित, फिट एवं मानक अनुरूप होना बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाली किसी भी लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और आगे भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

उन्होंने वाहन स्वामियों एवं चालकों से अपील करते हुए कहा कि सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखें तथा परिवहन नियमों और सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करें, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित और सुगम बनी रहे।

## एक नजर .......

### दो गैर जमानती वारंटियों को किया गिरफ्तार

**नई टिहरी:** एसएसपी श्रीमती श्वेता चौबे द्वारा ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत वांछित अपराधियों व वारंटियों की धरपकड़ के लिए समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। एसएसपी टिहरी के निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के अंतर्गत कोतवाली मुनिकीरेती एवं कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस द्वारा अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 2 गैर जमानती वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। थाना मुनिकीरेती पुलिस ने वर्षों से फरार चल रहे वारंटी कृष्ण चन्द निवासी ग्राम उडरी डुण्डा थाना कोतवाली उत्तरकाशी जनपद उत्तरकाशी को जनपद उत्तरकाशी से गिरफ्तार किया गया। कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस टीम ने स्कूटी चोरी प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे गैर जमानती वारंटी दीपक निवासी फतेहपुर टांडा जीवनवाला, जनपद देहरादून को कीर्तिनगर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी बचने हेतु लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस टीम ने सुरागरसी-पतारसी एवं मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### जंगली जानवरों के आतंक से पौखाल के लोग परेशान, कार्यवाही की मांग

**नई टिहरी:** टिहरी जिले के मोलनो पौखाल में बंदरों व जंगली सुअरों के बढते आतंक से ग्रामीण परेशान है। पिछले लंबे समय से बंदरों व जंगली सुअरों का लगातार आतंक बढ रहा है। जंगली जानवर एक ओर ग्रामीणों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं वहीं बंदर कई बार लोगों पर हमले का चुक है। जंगली जानवरों के आतंक से मोलनो पौखाल के लोग भयभीत हैं। खासकर बंदरों का आए दिन आतंक बढता जा रहा है। बंदरों को भगाने पर वह काटने को दौडते हैं जिससे लोगों में भय व्याप्त है। वहीं जंगली सुअर भी झुंड में आकर ग्रामीणों की फसलों को रौंद रहे हैं जिससे ग्रामीण परेशान हैं। मोलनो पौखाल के पूर्व प्रधान शीशपाल सिंह गुसांई का कहना है कि क्षेघ्त्र में बंदरों व सुअरों का लगातार आतंक बढ रहा है। रात में जहां सुअर ग्रामीणों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं वहीं बंदर भी घरों के आंगन से कई बार सामान उठाकर ले जाते है। बंदरों को भगाने पर वे काटने को दौडते हैं। बंदरों के डर से छोटे बच्चों का इधर-उधर जाना मुश्किल हो रखा है। उन्होंने विभाग से मांग की है कि जंगली जानवरों से निजात दिलाए जाने के लिए ठोस कार्यवाही की जाए।

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा पोर्टल एक दिन के लिए खोले जाने की मांग

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में छात्र हितों से जुड़ी मांगों पर कार्यवाही न होने पर छात्रों ने जमकर प्रदर्शन किया। बुधवार को छात्र संघ पदाधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। छात्र कुलपति से विभिन्न छात्रहितों से जुड़ी मांगों पर वार्ता की मांग को लेकर प्रशासनिक भवन पहुंचे थे। छात्रसंघ अध्यक्ष महिपाल बिष्ट और सचिव अनुरोध पुरोहित के नेतृत्व में छात्रों ने स्थाई परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति के बाद ओएसडी परीक्षा को हटाने, स्मार्ट कक्षाओं के संचालन, सीबीसीएस के दौरान परीक्षा से वंचित छात्रों को अंतिम अवसर देने और पीएचडी प्रवेश परीक्षा पोर्टल एक दिन के लिए खोलने की मांग उठाई। छात्र कुलपति से सामूहिक वार्ता की मांग पर अड़े रहे, जबकि प्रशासन की ओर से केवल छात्रसंघ पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया गया। इस दौरान छात्रों ने कुलपति के वाहन को सचिवालय गेट पर रोक दिया। बाद में कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह निजी वाहन से रवाना हुए। इसी दौरान अन्य वाहन को रो. कने को लेकर छात्रसंघ पदाधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की हो गई।

# केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं का गहनता से किया संयुक्त निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा-2026 को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालु हितैषी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देशानुसार सोनप्रयाग सेक्टर क्षेत्र में यात्रा व्यवस्थाओं का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात प्रबंधन, पार्किंग संचालन, भीड़ नियंत्रण, शटल सेवा, सफाई व्यवस्था तथा यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का गहन जायजा लिया गया।

बुधवार सुबह से प्रारंभ हुए निरीक्षण में मुनकटिया से लेकर सोनप्रयाग पार्किंग, शटल पार्किंग एवं सीतापुर पार्किंग क्षेत्र तक



■ सोनप्रयाग सेक्टर में व्यवस्थायें मिली संतोषजनक

व्यवस्थाओं का स्थलीय अवलोकन किया गया। निरीक्षण में तहसीलदार ऊखीमठ रमेश रावत, यात्रा मजिस्ट्रेट सोनप्रयाग शंकर सिंह एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट डॉ. धनेंद्र वशिष्ठ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड तक संचा. लित शटल सेवा सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित हो रही है। श्रद्धालु कतारबद्ध तरीके से सुरक्षित आवागमन कर रहे हैं तथा यात्रा मार्ग पर कहीं भी जाम अथवा अव्यवस्था जैसी स्थिति देखने को नहीं मिली। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताते हुए ड्यूटी में तैनात कार्मिकों की कार्यशैली की सराहना की। यात्रा मार्ग पर सफाई व्यवस्था सामान्य रूप से संतोषजनक पाई गई तथा स्थापित सार्वजनिक शौचालय भी सुचारू रूप से संचालित मिले। हालांकि सोनप्रयाग एवं सीतापुर पार्किंग क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था अपेक्षाकृत कमजोर पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रा अवधि के दौरान सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त यात्रियों, विशेषकर बुजुर्ग एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्हीलचेयर संचालन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाए जाने पर भी विशेष जोर दिया गया। इस संबंध में जिला पंचायत कार्यालय में दिनेश नौटियाल एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के साथ बैठक आयोजित कर व्हीलचेयर संचालकों के सत्यापन, लाइसेंस निर्गमन तथा निर्धारित किराया सूची के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा नाम MYANK है जिसको बदलकर मैंने अपना नाम MAYANK GUPTA कर लिया है भविष्य में मुझे MAYANK GUPTA S/o RAJ KUMAR GUPTA के नाम से जाना जाये। निवासी: एच.न-604 पूर्वावली, रेलवे स्टेशन मार्ग, रुड़की, हरिद्वार, उत्तराखंड-247667.

# मणिगुह में श्रीमद्भागवत कथा से भक्तिमय हुआ समूचा क्षेत्र

■ भगवान कार्तिकेय मंदिर में सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़
■ भजन-कीर्तन से गूंज रहा गांव

**ऊखीमठ/रूद्रप्रयाग।** विकासखंड अगस्तमुनि की ग्राम पंचायत मणिगुह स्थित प्राचीन भगवान कार्तिकेय मंदिर परिसर इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है।

श्री कार्तिकेय क्वारिका कीर्तन मण्डली एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन एवं ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ अर्जित



कर रहे हैं। कथा आयोजन से पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण व्याप्त है। व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक आचार्य नीरज भट्ट द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का संगीतमय, सरस एवं भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। कथा के माध्यम से वे भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्त प्रहलाद, ध्रुव चरित्र, गोवर्धन लीला तथा धर्म, सत्य और मानव कल्याण के संदेशों को अत्यंत सरल एवं प्रेरणादायी शैली में श्रद्धालुओं तक पहुंचा रहे हैं। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन में भावविभोर होकर झूमते नजर आ रहे हैं।

आचार्य नीरज भट्ट ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को संस्कार, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं से जोड़ने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कथा आयोजन के दौरान प्रतिदिन प्रात:काल पूजा-अर्चना, हवन एवं वेद मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हो रहा है। लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, अनिल भट्ट, शम्भू प्रसाद भट्ट, अरविंद भट्ट, आशुतोष भट्ट एवं श्रवण भट्ट द्वारा उच्चारित वेद ऋचाओं से पूरा गांव भक्तिरस में डूबा हुआ है।

# घेराधार विद्यालय में शिक्षकों की अनुपस्थिति की शिकायत पर एडीएम ने लिया संज्ञान

■ दूरस्थ विद्यालयों के नियमित एवं ऑनलाइन निरीक्षण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** पावकी देवी उपतहसील में आयोजित तहसील दिवस के दौरान घेराधार ग्रामवासियों की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज घेराधार में कुछ अध्यापकों एवं लिपिकीय स्टाफ के अधिकतर अनुपस्थित रहने की शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने दूरस्थ विद्यालयों में ऑनलाइन निरीक्षण के निर्देश दिए।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी से विद्यालय की उपस्थिति पंजिका की तत्काल फोटो उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। प्राप्त अभिलेखों का अवलोकन करने पर पाया गया कि शिक्षकगण की अनुपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई। अपर जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जहां से इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त होती हैं, वहां ऑनलाइन माध्यम से भी निरीक्षण एवं उपस्थिति सत्यापन की कार्यवाही की जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था सुचारू एवं पारदर्शी बनी रहे। उन्होंने कहा कि यदि कोई शिक्षक या कर्मचारी बिना अवकाश के अनुपस्थित पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कडी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय नगीना**
वाद संख्या-T
202613160400316
**लोकेश कुमार आदि बनाम आर्य विद्या परिषद कालाखेड़ी आदि**

1. लोकेश कुमार पुत्र स्व. श्री खूब सिंह निवासी ग्राम कालाखेड़ी, पर. व तह. नगीना।
2. उत्पल कुमार पुत्र स्व. श्री खूब सिंह नि. ग्राम कालाखेड़ी पर. व तह. नगीना।
3. अलकेश कुमार पुत्र स्व. श्री खूब सिंह निवासी ग्राम कालाखेड़ी, पर. व तह. नगीना।
4. अनुभव कुमार उर्फ अनुभव राजपूत पुत्र स्व. श्री खूब सिंह निवासी ग्राम, कालाखेड़ी, पर. व तह. नगीना **-वादीगण**

**बनाम**

उपसचिव श्री विक्रान्त कौशिक पुत्र श्री विजयेन्द्र कुमार निवासी क्लीमेन्ट टाउन देहरादून, उत्तराखण्ड **-प्रतिवादी**
धारा:-144 यू.पी.आर.सी. 2006
मौजा:- कालाखेड़ी
परगना:-नगीना

आपके विरूद्ध संस्थित वाद सं.-T 202613160400316 धारा 144 यू.पी.आर. 2006 मौजा कालाखेड़ी, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर के अभिलेखों में नाम दर्ज कराने हेतु दाखिल किया गया है। अत: आप (पदाधिकारी एवं सदस्य-आर्य विद्या परिषद कालाखेड़ी) एतद्द्वारा स्वयं उपस्थित होने अथवा प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा न्यायालय उपजिलाधिकारी, नगीना में दिनांक 21 मास 5 वर्ष 2026 को समय 10 बजे इसका उत्तर देने के लिए सम्मलित किये जाते हैं, जिसमें असफल होने पर वाद/प्रार्थना पत्र एक पक्षीय निस्तारित कर दिया जायेगा।

**नियत दिनांक: 21.05.2026**
**पेशकार**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी नगीना, बिजनौर (उ.प्र.)**

# गंगा नदी में फंसे युवक को पुलिस ने बचाया

**नई टिहरी:** टिहरी पुलिस की तत्परता से युवक की जान बच पाई है। गंगा नदी के बीच फंसे युवक को पुलिस ने बचाया। पुलिस की इस तत्परता की सभी ने सराहना की। बुधवार दोपहर को एक व्यक्ति स्वर्ग आश्रम घाट में गंगा नदी में तैरते हुए नदी के तेज बहाव में आचान बीच धारा तक पहुंच गया। गंगा नदी की अत्यधिक चौडाई व तेज बहाव देखकर वह घबरा गया तथा सहायता के लिए जोर से आवाज लगाने लगा। युवक को नदी की धारा में फंसा देख मौके पर तैनात थाना मुनिकीरेती पुलिस कर्मियों ने तत्काल सूझबूझ एवं तत्परता दिखाते हुए नदी किनारे पहुंचे और मोटर बोट की सहायता से नदी में उतरकर उक्त व्यक्ति का सकुशल रेस्क्यू का बचा लिया। इस अभियान में हेड कांस्टेबल सुभाष ध्यानी, हेड कांस्टेबल रवि राणा, राजेंद्र सिंह, गोताखोर पुष्कर रावत, पीयूष चौहान आदि मौजूद थे। टिहरी पुलिस द्वारा लगातार गंगा घाटों एवं नदी क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखते हुए श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुरक्षा हेतु सतर्क निगरानी की जा रही है। टिहरी पुलिस आमजन से अपील करती है कि गंगा नदी में तैराकी करते समय अत्यधिक सावधानी बरतें तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करें।

# चारधाम रूट पर औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, अनियमितताओं पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** चारधाम यात्रा मार्ग पर औषधि प्रतिष्ठानों में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल के निर्देशानुसार चम्बा स्थित विभिन्न मेडिकल स्टोर एवं औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेखों, भंडारण व्यवस्था, सीसीटीवी प्रणाली तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों का गहन परीक्षण किया



गया। इस दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में निर्धारित मानकों एवं नियमों का उल्लंघन पाया गया, जिसके फलस्वरूप संबंधित फर्मों को नोटिस जारी करते हुए आवश्यक अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर एक औषधि प्रतिष्ठान के लाइसेंस को निलंबन हेतु संस्तुति की गई। इसके अतिरिक्त निरीक्षण अभियान के दौरान कुल 05 औषधि नमूने परीक्षण एवं विश्लेषण हेतु संग्रहित किए गए।

औषधि निरीक्षण टीम द्वारा स्पष्ट किया गया कि चारधाम यात्रा मार्ग पर संचालित औषधि प्रतिष्ठानों की नियमित निगरानी एवं निरीक्षण की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि आमजन एवं यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित औषधियां उपलब्ध हो सकें। इस निरीक्षण में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक सी.पी. नेगी एवं औषधि निरीक्षक ऋषभ धामा उपस्थित रहे।

# प्राधिकरण सचिव ने किया जिला कारागार रुद्रप्रयाग का निरीक्षण

■ बंदियों की सुविधाओं और विधिक सहायता व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के मार्ग-दर्शन तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला न्यायाधीश रुद्रप्रयाग के निर्देशन में बुधवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पायल सिंह ने जिला कारागार रुद्रप्रयाग का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं एवं विधिक सहायता व्यवस्थाओं का गहनता से



जायजा लिया।

सचिव ने कारागार परिसर का निरीक्षण करते हुए बंदियों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता, उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से मामलों के त्वरित एवं सरल निस्तारण की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान बंदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का भी परीक्षण किया गया। सचिव महोदया ने कारागार प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों को पौष्टिक भोजन, स्वच्छ पेयजल और आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाएं तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्याय की समान पहुंच सुनिश्चित करना है। कारागार में निरुद्ध व्यक्तियों को भी विधिक सहायता एवं न्यायिक प्रक्रिया से संबंधित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राधिकरण की प्राथमिकताओं में शामिल है। महिला बंदियों की सुरक्षा, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए सचिव ने कारागार प्रशासन को समय-समय पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए, ताकि बंदियों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सेवाओं की समुचित जानकारी मिलती रहे। निरीक्षण के दौरान कारागार प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श भी किया गया। व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।

# एडीएम ने किया राजकीय आईटीआई मुनिकीरेती का आकस्मिक निरीक्षण

■ निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ रहा उपस्थित, अधिकारी के सामने कई मांगे रखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी द्वारा कल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) मुनिकीरेती का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया। निरीक्षण के समय कक्षाओं का संचालन नहीं हो रहा था, जिसपर प्रधानाचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि संस्थान का निर्धारित समय पूर्ण हो चुका है। संस्थान में वर्तमान में सिलाई-कढ़ाई एवं इलेक्ट्रिकल ट्रेड संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें कुल 29 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि वर्तमान में संस्थान उत्तरप्रदेश उपभोक्ता संघ के जर्जर भवन में संचालित किया जा रहा है।

इस पर उन्होंने संस्थान हेतु स्थायी भूमि एवं भवन उपलब्ध कराए जाने की मांग रखी। साथ ही छात्रों के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था हेतु टीएचडीसी सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों से सीएसआर मद के अंतर्गत सहयोग उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया गया।

जिस पर अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी द्वारा संबंधित विषयों पर आवश्यक पत्रावली तैयार करने के निर्देश दिए गए।

# मुंबई के खिलाफ अहम मुकाबले में पंजाब की प्लेऑफ उम्मीदें दांव पर

**धर्मशाला, वार्ता।** पंजाब किंग्स गुरुवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने अहम आईपीएल 2026 मुकाबले में उतरेगी। इस मैच में पंजाब के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें दांव पर लगी हैं, क्योंकि उनका सामना एक ऐसी टीम से है जो टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है, लेकिन जो दूसरी टीमों का खेल बिगाड़ने की क्षमता रखती है। पंजाब ने इस सीजन की शुरुआत जबरदस्त अंदाज में की थी और अपने पहले सात मैचों में कोई मैच नहीं हारा था, लेकिन अहम मोड़ पर आकर टीम अचानक लड़खड़ा गई है। लगातार चार हार ने टीम की लय तोड़ दी है, जिससे वह पॉइंट्स टेबल में 13 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर खिसक गई है। पूरे सीजन में मजबूत नेट रन रेट और धमाकेदार बल्लेबा के बावजूद, गेंदबा में तालमेल की कमी टीम के लिए एक बड़ी चिंता बनकर उभरी है। हालांकि, उनकी बल्लेबाजी अब भी इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक





बल्लेबाजियों में से एक है। टीम ने इस सीजन में कई बार 200 रन का आंकड़ा पार किया है, जिसका श्रेय उनके निडर टॉप ऑर्डर को जाता है। ओपनर प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने टीम को तेज शुरुआत दी है, जबकि कूपर कोनोली और कप्तान श्रेयस अय्यर जैसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी है। श्रेयस अय्यर खास तौर पर बेहतरीन फॉर्म में हैं, उन्होंने एक तरफ पारी को संभाला है, तो दूसरी तरफ तेज स्ट्राइक रेट भी बनाए रखा है। गेंदबा की बात करें तो, हाल के मैचों में पंजाब की मुश्किलें साफ नजर आई हैं। अर्शदीप सिंह, जो टीम के सबसे भरोसेमंद विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं, उनके प्रयासों के बावजूद टीम के गेंदबाज बड़े स्कोर का बचाव करने में बार-बार नाकाम रहे हैं। सहायक गेंदबाजों ने अहम मौकों पर खूब रन लुटाए हैं, जिससे दबाव वाले हालात में टीम की गेंदबा में गहराई और नियंत्रण की कमी साफ जाहिर हुई है। दूसरी ओर, मुंबई की टीम बिना किसी प्लेऑफ दबाव के धर्मशाला पहुंची है, लेकिन उनके लिए अपनी साख दांव पर लगी है। पांच बार की चैंपियन यह टीम अभी पॉइंट्स टेबल में छह पॉइंट्स के साथ नौवें स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। हालांकि, उनके हालिया प्रदर्शन से पता चलता है कि वे अब भी एक खतरनाक टीम हैं और विरोधी टीमों की योजनाओं को बिगाड़ने की क्षमता रखती हैं।

### खुशाल सेंटर ने यंगस्टर क्लब को 9 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने पूसा यंगस्टर क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में बुधवार को 9 विकेट से रौंद दिया। टॉस तने के बाद, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पूसा यंगस्टर क्रिकेट क्लब ने 36 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए, जिसमें अभिोक रायकवार 67द्ध72ऋ और शिवम नागर 33द्ध40ऋ का अहम योगदान रहा। वहीं, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर के गेंदबाजों में संपर्क गुप्ता ने 34 रन देकर 3 विकेट, गणेश भगत ने 9 रन देकर 2 विकेट और यथार्थ सिंह ने 27 रन देकर 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने 17-1 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। इसमें माधव खुशिक 80(43) और इब्राहिम 84(60) की शानदार पारियों की मदद से टीम ने 9 विकेट से मैच त लिया।

## पैट कमिंस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना




**अहमदाबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। हैदराबाद की टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 56वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध था-जो न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित है, इसलिए कमिस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। हैदराबाद को इस मुकाबले में गुजरात के हाथों 82 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा।

**खेल विशेष**

### ईस्ट बंगाल बना IWL 2025-26 का चैंपियन

**कोलकाता, वार्ता।** ईस्ट बंगाल एफसी ने इंडियन वीमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2025-26 का खिताब शानदार अंदाज में अपने नाम किया। नीता फुटबॉल एकेडमी के खिलाफ 2-0 की त के साथ, उन्होंने दो मैच बाकी रहते ही अपना खिताब बरकरार रखा। इससे पहले दिन में, गोकुलम केरल एफसी ने श्रीभूमि एफसी के खिलाफ 1-0 से त हासिल की, जबकि सेतु एफसी और सेसा फुटबॉल एकेडमी के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। मैचडे 12 के खत्म होने के बाद, चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी 33 अंकों के साथ तालिका में शीर्ा पर है। सेतु एफसी 23 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि किकस्टार्ट एफसी कर्नाटक 19 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। नीता फुटबॉल एकेडमी और गो. कुलम केरल एफसी तालिका के मध्य में 16-16 अंकों के साथ बराबरी पर हैं। सेसा फुटबॉल एकेडमी तीन अंकों के साथ आठवें स्थान पर है।

### डार्डेरी ने रोमांचक मैच में ज्वेरेव को अपसेट किया

**रोम, वार्ता।** लुसियानो डार्डेरी ने मंगलवार को इटेलियन ओपन में इस सीजन की सबसे शानदार वापसी वाली त में से एक हासिल की, जहां उन्होंने रोम में दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराने के रास्ते में चार मैच पॉइंट बचाए। डार्डेरी दूसरे सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 5/6, 7/8, 8/9 और 9/10 के स्कोर पर मैच पॉइंट बचाए, और आखिरकार अपने दूसरे सेट पॉइंट पर सेट बराबर कर लिया। इटली की जोशीली भीड़ के सामने, डार्डेरी ने तीसरे सेट में जोरदार खेल दिखाते हुए 1-6, 7-6(10), 6-0 से त दर्ज की, जिससे इटली की राजधानी में जश्न का माहौल बन गया।

### ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के लिए सोफी मोलिनक्स की अगुवाई वाली अपनी टीम में मुख्य तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को जगह नहीं दी है। ब्राउन टूर्नामेंट के पिछले दो संस्करण में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए खेल चुकी हैं, लेकिन चयनकर्ताओं ने उनकी जगह कम अनुभवी बाएं हाथ की गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को टी-20 विश्व. कप के लिए टीम में चुना है। ब्राउन की जगह हैमिल्टन को शामिल करना चौकाने वाली बात है। हाल ही में चोटों की चिंताओं के बावजूद बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स को टीम की कप्तानी के लिए चुना गया है। हैमिल्टन ने पिछले साल अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी और तब से उन्होंने सभी फॉर्मेट में सीनियर टीम के लिए डेब्यू किया है।

## नेहरा के प्लान को गिल अमल में लाते हैं: संजय

**अहमदाबाद, वार्ता।** नई गेंद से कगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज। तेज गेंदबा में बदलाव के लिए प्रसिद्ध कृणा और जेसन होल्डर। मुख्य स्पिनर के तौर पर राशिद खान। यह एक ऑल स्टार टेस्ट ग्प जैसी लगती है।

इन तेज गेंदबाजों के साथ किसी भी कप्तान (शुभमन गिल) को शानदार एहसास होगा। ऐसा अंबाती रायुडू ने गुजरात टाइंटस (टी) की सनराइजर्स हैदराबाद (एस आरएच) के खिलाफ बड़ी त के बाद मजाकिया लहजे में कहा। पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर ने टी के अंक तालिका में पहले स्थान पर जाने के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो पर कहा कि मेरे हिंसाब से आपको आशाी नेहरा को क्रेडिट देना होगा क्योंकि जो गेंदबाज उनके अंडर खेलते हैं उनके ऊपर उनका काफी प्रभाव है। सिराज जैसे कई गेंदबाज हैं जो 2017-18 में करियर की शुरुआत में उनके अंडर खेले हैं। उस समय वह वो सिराज नहीं थे जो आज हैं। लेकिन वह टी में अपने समय का कगिसो रबाडा के साथ आनंद ले रहे हैं। 2019 और 2020 सीजन में (दिल्ली कैपिटल्स के साथ, 25 और 30 विकेट) उनके शानदार सीजन को नहीं भूलना चाहिए, लेकिन इसके बाद उनकी फॉर्म में गिरावट आई थी। उन्होंने कहा,किसी तरह वह (नेहरा) उनका बेस्ट निकाल ले रहे हैं। मो. हित (शर्मा, 2023 में) एक और उदाहरण हैं जिन्होंने उनके अंडर बेहद शानदार काम किया है। मोहम्मद शमी (2023 में) भी। इस सीजन होल्डर भी। मुझे लगता है उनका (नेहरा का) ध्यान केवल ए है।

### यूपी टी-20 लीग का चौथा संस्करण 14 अगस्त से ग्रीनपार्क में

**कानपुर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने यूपी टी-20 लीग का चौथा संस्करण 14 अगस्त से छह सितम्बर के बीच कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पर खेला जाएगा। यूपी टी 20 लीग के चेयरमैन संजय कपूर ने बुधवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में लीग के सीजन-4 के विस्तृत रोडमैप की घोाणा कर दी । इस बार लीग का मुख्य फोकस कंसोलिडेशन एंड डिलीवरी पर रहेगा, जिसके माध्यम से प्रतियोगिता को नए स्तर पर ले जाने की तैयारी की गई है। लीग में प्रदेश भर की छह फेंचाइ टीमें भाग लेंगी। इस सीजन में संरचित रिटेंशन नीति लागू की गई है, जिसके तहत प्रत्येक फेंचाइ न्यूनतम छह और अधिकतम 12 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकेगी, ताकि टीम संतुलन और निरंतरता बनी रहे।

## तमिलनाडु व उत्तराखंड में भी होगा हॉकी इंडिया लेवल-1 कोचिंग कोर्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने देश में जमीनी स्तर पर तकनीकी मानको को बेहतर बनाने के मकसद से हॉकी इंडिया लेवल -1 कोचिंग कोर्स कार्यक्रम में का विस्तार करते हुए तमिलनाडु और उत्तराखंड को भी इसमें शामिल किया है।

यह कोर्स मई और जून 2026 में कोयंबटूर (तमिलनाडु) और हरिद्वार (उत्तराखंड) में कई बैच में चलाया जाएगा। कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन 13 मई को शुरू होगा और 17 मई को खत्म होगा।अपनी शुरुआत से लेकर, 2019 से 2026 तक हुए हॉकी इंडिया कोा. चंग एजुकेशन पाथवे कोर्स ने देश भर में 600 से अधिक कोच को आधिकारिक तौर प्रमाणित किया




है। पूर्व कप्तान और कोच रानी रामपाल ने कहा कि एक खिलाड़ी से कोच बनना एक अलग सफर है, और हॉकी इंडिया कोचिंग एजुकेशन पाथवे इस प्रोसेस में बहुत जरूरी रहा है। जिन्हें इस कार्यक्रम से भी फायदा हुआ और जो एफआईएच एकेडमी लेवल 3 सर्टिफाइड कोच हैं। फॉर्मल लेवल पर आगे बढ़ने से मुझे आधुनिक कोचिंग के तरीकों, तकनीकी योजना और एथलीट प्रबंधन की बहुत गहरी और ज्यादा स्ट्रक्चर्ड समझ मिली। उन्होंने कहा कि हमारे घरेलू इकोसिस्टम के लिए, यह फेमवर्क सच में एक गेम-चेंजर है। यह पक्का करता है कि देश भर के कोच एक ही टेक्निकल भााा बोलें। सब-जूनियर टीम के साथ अपने रोल में, मैं खुद देखती हूं कि डेवलपमेंट के स्टेज पर इन एडवांस्ड इंटरनेशनल कॉन्सेप्ट को लागू करने से हमारे युवा एथलीट की ग्रोथ सीधे तौर पर कैसे तेज होती है और उन्हें सबसे ऊंचे लेवल के लिए तैयार करती है।

## सिनर ने सबसे लंबी मास्टर्स 1000 की स्ट्रीक में जोकोविच की बराबरी की

**रोम, वार्ता।** दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर ने मंगलवार को इटेलियन ओपन के पुरुों के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिए अपने हमवतन खिलाड़ी एंड्रिया पेलेग्रिनो को सीधे सेटों में हराया। इस त के साथ उन्होंने नोवाक जोकोविच के लगातार 31 एटीपी मास्टर्स 1000 त के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। सिनर ने शुरुआती सेट के दौरान बेसलाइन से लगातार दबाव बनाए रखा।

उन्होंने अपनी गहराई और निरंतरता का इस्तेमाल करते हुए जल्दी ही एक 'ब्रेक' हासिल कर लिया और सेट को 6-2 से अपने नाम कर लिया। पेलेग्रिनो ने दूसरे सेट में अपने खेल का स्तर बढ़ाया। वे बेसलाइन के अंदर आकर ज्यादा आक्रामक तरीके से खेलने लगे और सिनर को कई जोरदार




रैलियों में उलझा दिया। शुरुआती दौर में दोनों के बीच कड़ा मुक. ाबला हुआ, लेकिन सातवें गेम में सिनर ने अपने प्रतिद्वंद्वी की गलतियों का फायदा उठाते हुए निर्णायक 'ब्रेक' हासिल कर लिया। इसके बाद शीर्ा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने मैच को 6-3 से त लिया।

सिनर ने कहा कि मुझे लगा कि आज हम दोनों के बीच एक अच्छा मैच हुआ, जो शारीरिक रूप से भी काफी जोरदार था। उन्होंने आगे कहा कि वे अपने खेल में छोटी-छोटी चीजें जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इस त के साथ, सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 31 मैच तने के उस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली, जिसे जोकोविच ने 2011 में बनाया था। इसके अलावा, उन्होंने टूर-स्तर पर अपनी लगातार त की स्ट्रीक को बढ़ाकर 26 मैचों तक पहुंचा दिया, जो उनके करियर की सबसे लंबी स्ट्रीक के बराबर है। पुरुष एकल के चौथे दौर के अन्य मैचों में, इटली के 18वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी ने दूसरे सेट में चार 'मैच पॉइंट' बचाते हुए।

## ऑरेंज कैप के लिए सुदर्शन दे रहे क्लासन को टक्कर

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस (टी) के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 61 रनों की पारी खेलते हुए 17वें ओवर में आउट होने तक वह ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली थी। लेकिन एसआरएच के हाइनरिक क्लासन 14 रन बनाकर आउट हुए और ऑरेंज कैप पर कुछ ही देर में दुबारा कब्जा कर लिया। मंगलवार को एसआरएच के हाइनरिक क्लासन ने लक्ष्य करते हुए अपनी पारी की शुरुआत सुदर्शन के 501 रनों से केवल सात रन पीछे रहते हुए की थी। भले ही क्लासन बड़ी पारी नहीं खेल सके और केवल 14 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन उन्होंने ऑरेंज कैप हासिल किया। 508 रन के साथ फिलहाल वह शीर्ा पर हैं।

क्लासन और सुदर्शन इस सीजन 500 रनों का आंकड़ा पार करने वाले दो बल्लेबाज हैं और उनके पीछे एसआरएच के



अभिोक शर्मा (481 रन), केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स, 477), और गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल (467 रन) हैं। वहीं पर्पप कैप की बात की जाए तो 2016 और 2017 में पर्पल कैप हासिल करने वाले भुवनेश्वर कुमार इस बार कगिसो रबाडा शीर्ा पर साथ दे रहे हैं। रबाडा इस सीजन पावरप्ले में अदभुत फॉर्म में हैं और एसआरएच के खिलाफ उन्होंने अभिोक, किशन और स्मरण के विकेट निकाले।

## आयशा का रिकॉर्ड तेज शतक

**कराची, वार्ता।** आयशा जफर (नाबाद 102) की रिकॉर्ड शतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 153 रनों से शिकस्त दी। इस त के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों 1-0 से बढ़त बना ली है। मंगलवार रात खेले गए मुक. ाबले में आयशा जफर ने अपनी दो छक्के और 15 चौके लगाए और पाकिस्तान महिला के लिए रिकॉर्ड त में तीसरा सबसे तेज महिला टी-20 शतक बनाया।

उनकी नाबाद 47 गेंदों में 102 रनों की पारी के दम पर पाकिस्तान ने पांच विकेट पर 237 रन का स्कोर बनाया। यह पहली बार था जब उन्होंने इस प्रारुप में 200 का आंकड़ा पार किया। जवाब में बल्लेबा करने उतरी जिम्ब्बावे की टीम पाकिस्तानी गेंदबा आक्रमण के आगे 84 रन पर ढ़ेर हो गई। जिम्ब्बावे की ओर से नताशा मटोम्बा (24), एडेल जिमुनु (18) और बिलवड बिजा (10) ही दहाई अंक तक पहुंच सके। पाकिस्तान ने 153 रनों से बड़ी त दर्ज की। यह टी-20 में रनों के हिंसाब से उनकी अब तक की सबसे बड़ी त थी। 31 साल की जफर ने लगभग दो साल बाद मार्च में टीम में वापसी की थी।

**सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा**

पत्रांक सं: सा0/स्टोर/2026-27/1260
दिनांक: 13-05-2026

**निविदा सूचना रद्दी बिक्री 2026-27**

विश्वविद्यालय के परीक्षा सम्बन्धी प्रयुक्त उत्तर-पुस्तिका तथा अप्रयुक्त खराब उत्तर-पुस्तिका एवं विभिन्न प्रकार की रद्दी बिक्री कार्य हेतु दिनांक: 28-05-2026 के सायं 04:00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से मुहर बन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वैबसाईड www.ssju.ac.in से प्राप्त की जा सकती हैं।

कुलसचिव

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTTHIN2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ्वाल।**

पत्रांक : 165/ई-निविदा/न0पा0प0/2023-24/नरेन्द्रनगर/ दिनांक : 13 मई 2026

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उतराखण्ड की ओर से अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर, टिहरी गढवाल द्वारा निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा के माध्यम से ऑन-लाईन सिंगल-बिड सिस्टम में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें दिनांक 15 मई, 2026 से http://www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी.एस.टी.(रू.) | निविदा की वैधता अवधि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | सिविल कार्यों की वांछित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | देव भूमि रजत जयन्ती पार्क | 43.59 लाख | 1,22,000 | 3,000 + 18 % GST | 120 दिवस | 06 माह | पालिका के पंजीकृत एवं उतराखण्ड लोक निर्माण विभाग में "डी" श्रेणी एवं उच्चतर में पंजीकृत ठेकेदार। |

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नरेन्द्रनगर, टि0 ग0।

# शानदार रहा दून पब्लिक स्कूल का बारहवीं का रिजल्ट

## प्रतिष्ठा व मैत्री ने 98 फीसदी अंक के साथ स्कूल टॉप कर किया परिवार व स्कूल का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सीबीएसई बोर्ड बारहवीं का परिणाम में दून पब्लिक स्कूल ग्रीन पार्क कालोनी का परिणाम शानदार रहा। स्कूल के छात्र प्रतिष्ठा व मैत्री ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप करने के साथ अपने परिवार व स्कूल का नाम रोशन किया है। वहीं शालिनी, अनुभव ने 97 फीसद व राजेश ने 96 वियोज नायक, देव सिंह, नैतिक ने 95 फीसद अंक हासिल किये तो सैजल ठाकुर ने 94 फीसद व अरिसा बेग, नबिया व शंक व कोवियो शर्मा, पूनंदा, रचित ने 92 फीसद अंक हासिल किये। वहीं सिफा ने 91 तो मनीष ने 91.7, कृष ने 91.5 व अर्जुन व वैभव ने 91 फीसद अंक हासिल कर स्कूल व अपने परिवार का नाम रोशन किया है।

स्कूल के प्राधानाचार्य गौरव शर्मा ने छात्रों की इस उपलिब्ध पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि स्कूल में शिक्षा को लेकर बेहतर वातावरण बनाया गया है। छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। मैनेजिंग डायरेक्टर जहीर अहमद ने सभी होनहार छात्रों को बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की दुआ करते हुए कहा कि स्कूल में बेहतर तालीम के लिए हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। छात्रों को शिक्षा को बेहतर माहौल व खेल के लिए भी प्रेरित किया जाता है। स्कूल के स्टाफ व प्रधानाचार्य लगातार छात्रों को बेहतर पढाई के लिए उत्साहित करने के साथ अच्छा पढाई का माहौल देने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार बारहवीं में प्रतिष्ठा व मैत्री ने 98 फीसद अंक प्राप्त कर अपना व स्कूल का नाम रोशन किया है जो बधाई के पात्र है। वहीं उन्होंने ओर छात्रों व स्कूल के स्टाफ को बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हुए बधाई दी।



स्कूल के होनहार छात्रों के साथ प्रबंधक जहीर अहमद व प्रधानाचार्य गौरव शर्मा व अन्य स्टाफ





# ऑपरेशन प्रहार के तहत एसएसपी के नेतृत्व में जनपद पुलिस का नशा तस्करों पर कडा एक्शन

## मंगलौर पुलिस व एसओजी ने 78 लाख की स्मैक के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** एसएसपी नवनीत सिंह के नेतृत्व में हरिद्वार पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों और नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जारहे ऑपरेशन प्रहार के तहत मंगलौर कोतवाली पुलिस व एसओजी रुड़की को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है चेकिंग के दौरान संयुक्त टीम ने एक 5000 के इनामी नशा तस्कर को दबोच कर उसके पास से करीब 260 ग्राम अवैध इसमें बरामद की है जिसकी बजरी कीमत करीब 78 लख रुपए बताई जा रही है इस बड़े नशा तस्कर को दबोचने वाली वाली पुलिस टीम की एसएसपी ने पीठ थप-थपाई है। एसपी देहात शेखर चन्द्र सुचाल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 13 मई की शाम को जब एस ओ जी रुड़की व मंगलौर कोतवाली पुलिस टीम मंगलौर क्षेत्र में संदिग्धों की धरपकड़ के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल सवार पुलिस को देखकर कन्नी काटने लगा। सतर्क पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया तलाशी के दौरान उसके पास से 260 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।ष्पकड़ी गई स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 78 लाख आंकी गई है। आरोपी की पहचान हसीन उर्फ तोता (निवासी लक्सर) के रूप में हुई है। जिस पर पूर्व में 5000 का इनाम घोषित था।पुलिस टीम ने आरोपी से मोटरसाइकिल भी बरामद की है जिस पर सवार होकर वह नशा सप्लाई करने के लिए जा रहा था। कप्तान नवनीत सिंह की अगुवाई में हरिद्वार पुलिस जिले के शहरी व देहाती इलाकों में नशा तस्करों में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला कर उनकी कमर तोड़ रही है रही है । एसओजी रुड़की व मंगलौर पुलिस की नशा तस्करों के खिलाफ इस बड़ी कार्यवाही ने क्षेत्र के ड्रग सिंडिकेट की कमर तोड़ दी है। इतनी बड़ी तादाद में पकड़ी गई स्मैक को लेकर नशा तश्करो में हड़कम्प मचा हुआ है ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक भगवान सिंह महर, उप-निरीक्षक अशोक सिरस्वाल, और सीआईयू रुड़की के अश्वनी यादव, मनमोहन भंडारी, राहुल नेगी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।



**❖हसीन उर्फ तोता से 260 ग्राम अवैध स्मैक हुई बरामद**



## भगवानपुर पुलिस ने 14.80 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत जनपद पुलिस का नशा तस्करों पर कड़ा एक्शन जारी है भगवानपुर पुलिस ने भी 14.80 ग्राम अवैध हीरोइन के साथ एक नशा तस्कर को दबोचकर कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के दिशा निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर हरिद्वार के कुशल नेत्तृव में मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा ताबातोड कार्यवाही करते हुये दिनांक 13/05/2026 को दौराने चौंकिग आरोपित शहजाद पुत्र इशाक निवासी ग्राम सिकरोडा थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार को हल्लू मजरा चौक से कुछ आगे खेतो की ओर जाने वाले चक रोड के पास चौराहा से 14.80 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ पकडा गया। आरोपित के विरुद्ध थाना हाजा पर एनडीपीएस अधि नियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस टीम में उ0नि0 सुनील पन्त, हे0का0 मनीष व का0 राहुल कुमार आदि शामिल रहे।



## राशन डीलर के खिलाफ ग्रामीणों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र सेठपुर गांव के ग्रामीणों ने राशन डीलर के खिलाफ तहसील मुख्यालय पर जमकर हंगामा किया। प्रधान प्रतिनिधि की अगुवाई में पहुंचे उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि पिछले महीने का राशन अब तक नहीं बांटा गया है ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव की राशन की दुकान दूसरे गांव के डीलर से अटैच है। राशन डीलर अंबरीश कुमार ने पिछले महीने का राशन वितरण नहीं किया और न ही सही तरीके से चार्ज छोड़ा। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है इस बाबत खाद्य पूर्ति अधिकारी से लेकर प्रशासनिक अधिकारियो तक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन किसी भी गरीब आदमी की सुनवाई नहीं हो रही। राशन नहीं मिलने से हम परेशान हैंग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो जिला मुख्यालय पर राशन डीलर के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल दूसरे डीलर से राशन बंटवाने की मांग की हैलक्सर तहसील में हंगामे के बाद अधिकारियों ने जल्द जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मोनू ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि अगर हमारी व गांव वालों की बात को नहीं सुना गया तो हम उच्च अधिकारियों का सहारा लेंगेमुनेश देवी उपभोक्ता ने भी राशन डीलर पर राशन सही तरीके से वितरण नहीं करने का आरोप लगाया है।

## एपीएस-1 में कक्षा 12 के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नम्बर 1 रुड़की में कक्षा 12 सत्र 2025-26 के मानविकी शाखा (ह्यूमैनिटीज) के छात्र/छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सराहनीय परिणाम प्राप्त किए। जिसमें कु0 मांडवी सती, कु0 रिया सोलंकी और संस्कार वशिष्ठ ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कु0 माण्डवी सती ने राजनीति शास्त्र में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने का गौरव भी हासिल किया। उसके लिए प्रधानाचार्या सुश्री ऋतु डोगरा ने सभी को शुभकामनाएं दी।

## एपीएस-1 में 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी। रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नम्बर 1 रुड़की में कक्षा 12 सत्र 2025-26 के मानविकी शाखा (ह्यूमैनिटीज) के छात्र/छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सराहनीय परिणाम प्राप्त किए। जिसमें कु0 मांडवी सती, कु0 रिया सोलंकी और संस्कार वशिष्ठ ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कु0 माण्डवी सती ने राजनीति शास्त्र में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने का गौरव भी हासिल किया। उसके लिए प्रधानाचार्या सुश्री ऋतु डोगरा ने सभी को शुभकामनाएं दी।



## लकड़ी से भरा लोडर पकड़ा

**झबरेड़ा।** धर्मपुर गांव से बिना अनुमति के आम के पेड़ों पर आरी चल गई। आरोप है कि ठेकेदार ने मनमानी कर आम के पेड़ रातोंरात काटकर थाना क्षेत्र से बाहर भिजवा दिए। वन विभाग, उद्यान विभाग और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी जुटाई है। मामले के बाद पुलिस अलर्ट हो गई और लकड़ी से लदे लोडर को पकड़ लिया। झबरेड़ा थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में एक किसान के खेत में आम के हरे-भरे पेड़ खड़े थे। मंगलवार रात को एक ठेकेदार ने बिना अनुमति के ही सात पेड़ काटकर गायब कर दिए। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस और वन विभाग की टीम को दी।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एआरटीओ ऑफिस से जारी डी.एल. सं. Uk17 20200002480 में गलती से मेरा नाम अनुज कुमार (ANUJ KUMAR) दर्ज हो गया है जो गलत है जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम अनुज (ANUJ) दर्ज है इसलिए ड्राइविंग लाइसेंस में भी मेरा सही नाम अनुज(ANUJ)दर्ज किया जाए।
ANUJ S/O DHARAM PAL R/O-174A kUNJA ROAD IQBALPUR BEHEDEKI SAIDABAD HARIDWAR UK

### संबंध विच्छेद-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र इंतजार उर्फ मोनू व उसकी पत्नी चांदी का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने इंतजार व चांदी को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
नफीसा पत्नी स्व. असरफ नि. ग्राम करौन्दी, भगवानपुर हरिद्वार।

## बाबा हरदेव को अर्पित समर्पण दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** जब किसी महान आत्मा का जीवन मानवता के कल्याण हेतु पूर्णत: समर्पित हो जाता है, तब उसकी स्मृतियाँ केवल इतिहास का अध्याय नहीं रहतीं, बल्कि युगों-युगों तक जनमानस के लिए प्रेरणा का दिव्य स्रोत बन जाती हैं। ऐसे ही मानवता, प्रेम, विनम्रता और आध्यात्मिक जागृति के अद्वितीय प्रतीक युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति को समर्पित 'समर्पण दिवस' का भावपूर्ण आयोजन किया गया। उनके दिव्य नेतृत्व में संत निरंकारी मिशन ने समाज सेवा को आध्यात्मिकता का अभिन्न अंग बनाते हुए रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य सेवाएँ, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं की ऊर्जा को आध्यात्मिक दिशा देने जैसे अनेक लोककल्याणकारी कार्यों द्वारा समाज में सकारात्मक परिवर्तन की सशक्त धारा प्रवाहित की।

## नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की धारदार हथियार से हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर से सटे भंगेड़ी गांव के पास स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती मरीज की धारदार हथियार से हत्या कर दी। उसके गले से पर धारधार हथियार के निशान मिले। युवक का शव नशा मुक्ति केंद्र के बाथरूम से बरामद हुआ है पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

लक्सर कोतवाली क्षेत्र के बसेड़ी गांव निवासी आशीष (39) नशे का आदी था। उसके परिवार के लोगों ने तीन माह पहले उसे नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। मंगलवार की रात आशीष की धारदार हथियार से हत्या कर दी। उसका शव मंगलवार रात को बाथरूम के अंदर पड़ा हुआ मिला है। गले पर धारदार हथियार के निशान भी मिले। हत्या की सूचना से हड़कम्प मच गया। संचालक ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया है। मृतक के परिजनों ने नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती एक मरीज पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एसपी देहात ने शेखर चन्द्र सुयाल ने बताया कि जांच की जा रही है।

## कार खाई में गिरी, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** ग्राम बंजारेवाला निवासी संजू कुमार अपनी कार से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी पुल के पास मोड़ पर पहुंची वहां शाइनिंग रिफ्लेक्टर, चेतावनी संकेतक और अप्रोच पर सुरक्षा इंतजाम न होने के कारण चालक मोड़ का सही अंदाजा नहीं लग सका। वाहन अनियंत्रित होकर नीचे खाई में जा गिरा। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। संजीव कुमार के कंधे की हड्डी टूट गई। आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर घायल को बाहर निकाला और उपचार के लिए भेजा। ग्रामीणों का कहना है कि इस मोड़ पर पहले भी कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं लेकिन संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई। रात के समय मोड़ पर रिफ्लेक्टर और चेतावनी संकेत न होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की कि पुल के अप्रोच पर मजबूत सुरक्षा इंतजाम किए जाए और मोड़ पर शाइनिंग रिफ्लेक्टर व चेतावनी बोर्ड तत्काल लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## चंद्रशेखर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने बिखेरी चमक

# सीबीएसई कक्षा 12वीं में अनन्या ने किया टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही रामनगर स्थित चंद्रशेखर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उत्सव का माहौल छा गया। विद्यालय के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष के परिणामों में अनन्या शर्मा (वाणिज्य विभाग) ने 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनके पीछे मेधावी छात्रों की एक लंबी सूची रही, जिन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यार्थी का नाम, प्राप्तांक प्रतिशत- अनन्या शर्मा 90% टीशा सिंह88% मोहम्मद अहमद87.8% नलिनी गोयल86.6%अंश अग्रवाल 84.4% आयुषी पाल83.80% आरव सैनी 83.40% नंदिनी अरोड़ा 82.8% इसके अतिरिक्त रिया (79.52%), इंद्रजीत अहलावत (79.4%), इशिका कर्णवाल (79.20%), निशि गोयल (79.20%) और आस्था सिंह (78%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता की श्रेणी में अपनी जगह बनाई। विद्यालय की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए अध्यक्ष राखी चंद्रा, डायरेक्टर अभिषेक चंद्रा एवं प्रधानाचार्या पूनम चंद्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की अटूट मेहनत, शिक्षकों के निस्वार्थ समर्पण और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का मधुर परिणाम है। हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे छात्र भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे। अभिषेक चंद्रा ने बताया कि 90% से अधिक और विशिष्ट अंक प्राप्त करने वाले इन होनहारों ने न केवल अपने परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि विद्यालय के गौरवशाली इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं।



## आनंद स्वरूप विद्या मंदिर के अभिनव ने 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ किया स्कूल टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आनन्द स्वरुप आर्य सरस्वती विद्या मन्दिर के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा, जिसने रुड़की के शैक्षणिक हलकों में विद्यालय की श्रेष्ठता को पुन: सिद्ध कर दिया है। विद्यालय के विभिन्न वर्गों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें कला वर्ग के अभिनव प्रताप सिंह ने पूरे स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। कला वर्ग में अभिनव प्रताप सिंह (98.4%) प्रथम स्थान, कॉमर्स वर्ग में नीति चौधरी (95.8%) प्रथम स्थान, विज्ञान वर्ग में अंशिका तोमर (91.4%) प्रथम स्थान, मेधावी छात्रों का शानदार प्रदर्शन-कुल 81 विद्यार्थी ससम्मान उत्तीर्ण हुए। जिनमें से 12 छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। अभिनव प्रताप सिंह 98.4%, पूर्वी शर्मा, 97.8%, रिया 96.2%, नीति चौधरी 95.8%, परिधि 95.2%, अर्नव त्यागी 94.6%, अंजलि सिंह पंवार 92.8%, तनिष्का 92.6%, अभय92.2%, अंशिका तोमर 91.4%, मानवी चौहान 91.2%,हंसिका90.4%, अंक हासिल किए। सफलता से हर्षित विद्यालय के प्रबंधक डॉ. रजत अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य अमरदीप सिंह ने संयुक्त रूप से सभी मेधावियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता शिक्षकों के अथक परिश्रम और विद्यार्थियों के कड़े अनुशासन का प्रतिफल है। हमारे छात्र न केवल शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट हैं, बल्कि उत्तम संस्कारों के साथ देश-विदेश में नगर का नाम रोशन करने के लिए संकल्पित हैं।

**❖99 फीसद रहा स्कूल का परीक्षा परिणाम**

**❖95.8 फीसद के साथ नीति चौधरी रहा सैकेंड टापर**



# ट्रम्प का चीन दौरा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच गए हैं। पूरी दुनिया की नजर उनकी इस यात्रा पर टिकी है, जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि उनकी यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका-इस्राईल ईरान के साथ सीधे युद्ध में उलझे हुए हैं और इस युद्ध ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया हुआ है। जो देश इस युद्ध में सीधे शरीक भी नहीं हैं, वे भी इसकी आंच से बुरी तरह झुलस रहे हैं। जानने वाले लोगों का मानना है कि जिस तरह का रुख ईरान को लेकर चीन का अब तक रहा है, उसको देखते हुए इस यात्रा से कोई बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं है, लेकिन असल बात जब ही पता चलेगी, जब डोनाल्ड ट्रम्प व जिनपिंग आपस में बातचीत करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि ट्रम्प चीन के माध्यम से ईरान को इस बात पर राजी करने का प्रयास करेंगे कि ईरान के पास जो यूरेनियम का संवर्धन है, वह उसको अमेरिका को सौंप दे। साथ ही ईरान ने होर्मुज स्टेट बंद किया हुआ है, उसको खोलने का दबाव भी चीन ईरान पर बनाए। हालांकि यह काम इतना आसान भी नहीं लगता, क्योंकि होर्मुज पर अब तक चीन ईरान का समर्थन करता रहा है और इस जलमार्ग के बंद होने के लिए अमे. रिका पर दोष मढ़ता रहा है। चीन ईरान के तेल का इस समय बड़ा ग्राहक है और संयुक्त राष्ट्र में भी उसको लेकर जो प्रस्ताव आते रहे हैं, उसका विटो करता रहा है। इसके अलावा भी ट्रम्प का टैरिफ प्लान भी चीन के लिए समस्या खड़ी करता रहा है। उसको लेकर भी बात स्वाभाविक रूप से होगी ही, लेकिन असल मुद्दा पश्चिमी एशिया के हालात ही रहने की उम्मीद है। देखने वाली बात तो यह भी होगी कि चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ट्रम्प की बात को कहां तक मानते हैं और अपनी बात को वह उनसे कितना मनवा पाते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस समय दुनिया वास्तव में बारूद के ढेर पर बैठी हुई है और ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज को लेकर इस समय खाड़ी में तनाव अपने चरम पर है। अमेरिका के जिस तरह के तेवर हैं, उससे तो यही लगता है कि जारी युद्ध विराम कभी भी टूट सकता है। वैसे भी जो प्रस्ताव अमेरिका व ईरान ने एक-दूसरे को दिए हैं, उससे दोनों ही पक्ष सहमत होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। ईरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर अपना परमाणु कार्यक्रम नहीं रोकेगा और न ही होर्मुज स्टेट से अपने कंट्रोल में किसी तरह की कमी आने देगा और ये दोनों ही कारण दोनों पक्षों के लिए बेहद मुख्य हैं। अमेरिका की भी जिद है कि वह ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार नहीं बनाने देगा, अब देखते हैं कि ट्रम्प व जिनपिंग की मुलाकात क्या रंग दिखाती है।

## श्रीमुख से...

### सड़कों पर उतरें जेन ज़ी



बहुत हुआ पेपर लीक, अब इस घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन जी को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़गा नेपाल और बांग्लादेश के जेन जी अपनी सरकार बदल सकते हैं, तो हमारे देश का जेन जी पेपर लीक कराने में शामिल मंत्रियों-नेताओं को जेल क्यों नहीं भिजवा सकता, हर बार पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंप दी जाती है, लेकिन आज तक किसी को सजा नहीं मिली, इस बार भी कुछ नहीं होने वाला है, ज्यादातर पेपर लीक भाजपा शासित राज्यों में क्यों होते हैं, क्या इस घिनौने खेल में भाजपा के नेता सीधे तौर पर शामिल हैं? कुछ लोग सिस्टम फेल होने की बात करते हैं, लेकिन वे लोग ऐसा कहकर अनजाने में पेपर लीक में शामिल टॉप पर बैठे व्यक्ति को बचा रहे हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, संयोजक, आम आदमी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**

# स्त्री को खुद लिखनी होगी अपनी परिभाषा





दिव्या त्यागी

स्त्री क्या है? यह सवाल जितना छोटा लगता है, जवाब उतना ही उलझा हुआ है। क्योंकि सदियों से इसे परिभाषित पुरुषों ने किया है। और जब परिभाषा लिखने वाला खुद एक पक्ष हो, तो निष्पक्षता कहां से आएगी? पुरुष की कलम से निकली स्त्री की तस्वीर में पक्षपात आना स्वाभाविक है पर सवाल यह है-स्त्री ने खुद को परिभाषित करने की कोशिश क्यों नहीं की? शायद इसलिए कि उसे बोलने का हक ही नहीं दिया गया। या फिर इसलिए कि उसे 'अबला' कहकर यह यकीन दिला दिया गया कि वो खुद को जान ही नहीं सकती।

**पुरुष ने स्त्री को दो ही खांचों में बांटा**

श्रद्धा या भोग। प्रेमिका हुई तो सिर्फ सुंदरता दिखी, दिमाग नहीं। मां-बहन बनी तो ममता दिखी, पर औरत होना भुला दिया। जबकि सच ए है कि वो एक ही स्त्री है। वही हाथ जो बच्चे को थपकी देते हैं, वही हाथ साज-श्रंगार भी जानते हैं। वही आंखें जो ममता बरसाती हैं, वही आंखें सपने भी देखती हैं। एक रूप को पूजकर दूसरे को नकार देना, यह उसके साथ सबसे बड़ा अन्याय है। पुरुष ने खुद को 'भंवरा' कहा - एक कली से दूसरी कली। ठीक है, मान लिया। पर भंवरे को पैदा किसने किया? स्त्री ने ही ना? तो फिर स्त्री ने ए क्यों नहीं कहा कि 'मेरा स्वभाव भी भंवरे जैसा है, मैं भी उड़ूंगी'। प्रकृति में भंवरा फूल का रस भोजन के लिए लेता है, संबंध के लिए नहीं। संबंध तो भंवरा भंवरी से ही बनाएगा, अपनी जाति की भंवरी से। फिर स्त्री को 'भोग की वस्तु' कहना प्रकृति के नियम के खिलाफ है, गलत है। समाज ने पुरुष की भटकन को 'मर्दानगी' का नाम दिया - 'बहक जाता है बेचारा'। और स्त्री की उड़ान को 'चरित्रहीनता' का। उसे 'अबला' कहकर पिंजरे में डाल दिया। जबकि वह अबला नहीं है, उसे अबला बनाया गया है। 'कामायनी' खोलकर देख लो। मनु सब छोड़कर चला जाता है। श्रद्धा अकेली रह जाती है, बच्चे के साथ। वह पूछती है-'मेरी क्या गलती थी'? उसकी कोई गलती नहीं थी। पर लेखक ने भी मनु के मुंह से कहलवा दिया -'मेरा तो स्वभाव ही ऐसा है, मैं रुक नहीं सकता'। वाह! पल्ला झाड़ लिया। 'स्वभाव' के नाम पर सारी जिम्मेदारी से छुट्टी। जबकि स्वभाव कोई आसमान से टपका हुआ नहीं होता।

हम सब वर्दी पहनते हैं। कोई पुलिस की, कोई डॉक्टर की, कोई जज की। कुर्सी पर बैठते ही स्त्री-पुरुष बराबर हो जाते हैं- कानून सबके लिए एक। पर वर्दी उतरते ही हम फिर 'मर्द' और 'औरत' बन जाते हैं। यानी पेशा बदला, पर इंसान वही रहा। तो फिर घर आकर 'मेरा स्वभाव ही ऐसा है' कहना कहां तक ठीक है? स्वभाव हम खुद चुनते हैं। जो गुण हमें भाते हैं, हम उन्हें अपनाते हैं। क्रोध भाता है तो क्रोधी, लालच भाता है तो लालची। तो 'बहकना' भी एक चुनाव है, मजबूरी नहीं। भगवान ने स्त्री-पुरुष को पूरक बनाया था, प्रतियोगी नहीं। विष्णु भगवान से जब पूछा गया कि 'कौन सा वर्ण सर्वश्रेष्ठ है?' तो उन्होंने चारों वर्णों के काम गिनाकर, उन्हें अपने शरीर के अंगों से जोड़ा - सिर, भुजा, उदर, पैर। फिर कहा -'जैसे शरीर का हर अंग जरूरी है, कोई छोटा-बड़ा नहीं, वैसे ही समाज में हर वर्ण जरूरी है।' ठीक उसी तरह सृष्टि में स्त्री और पुरुष दोनों जरूरी हैं। कोई कम नहीं, कोई ज्यादा नहीं। भगवान ने किसी को सुपीरियर नहीं बनाया। यह ऊंच-नीच का खेल हमने बनाया। और इसमें हमारी भी गलती कम नहीं।बेटी पैदा होते ही हम उसकी शादी के सपने देखने लगते हैं -'कहां ब्याहेंगे, कैसा घर मिलेगा'। बेटा पैदा हो तो कहते हैं-'पढ़-लिखकर बड़ा आदमी बनेगा, नाम रोशन करेगा'। हमने लड़की से उसका भविष्य छीनकर उसे 'पराया धन' बना दिया। उसे मौका ही कहां दिया कि वह साबित करे कि वह भी कलेक्टर बन सकती है या किसी अन्य ऊंची कुर्सी पर बैठ सकती है? मेरा मानना है कि अब वक्त आ गया है कि स्त्री अपनी खोज खुद करे। हालांकि यह आसान नहीं होगा। क्योंकि हजारों साल की जंजीरें एक दिन में नहीं टूटतीं। हमें हमेशा सिखाया गया -'पुरुषों के बराबर बनो'। स्कूल, कॉलेज, ऑफिस-हर जगह यही मंत्र। पर आज तक किसी पुरुष से ए क्यों नहीं कहा गया कि-बेटा, जरा मां या बहन ढ्ढस्त्रीऋ के बराबर बनकर दिखा'? 'उसके जैसा सब्र ला, उसके जैसी ममता ला, उसके जैसा घर और बाहर दोनों संभालकर दिखा'। सृष्टि का पहिया दो पहियों से चलता है। एक पहिए को मर्द का अहंकार और दूसरे पहिए को औरत का शरीर बनाकर रखोगे, तो गाड़ी लुढ़क ही जाएगी।

> भगवान ने स्त्री-पुरुष को पूरक बनाया था, प्रतियोगी नहीं। विष्णु भगवान से जब पूछा गया कि 'कौन सा वर्ण सर्वश्रेष्ठ है?' तो उन्होंने चारों वर्णों के काम गिनाकर, उन्हें अपने शरीर के अंगों से जोड़ा - सिर, भुजा, उदर, पैर। फिर कहा -'जैसे शरीर का हर अंग जरूरी है, कोई छोटा-बड़ा नहीं, वैसे ही समाज में हर वर्ण जरूरी है।' ठीक उसी तरह सृष्टि में स्त्री और पुरुष दोनों जरूरी हैं। कोई कम नहीं, कोई ज्यादा नहीं। भगवान ने किसी को सुपीरियर नहीं बनाया। यह ऊंच-नीच का खेल हमने बनाया। और इसमें हमारी भी गलती कम नहीं।

इसलिए अब कोई यह कहकर नहीं बच सकता कि 'मैं पुरुष हूं, मेरा खून ही गरम है'। दोनों एक ही मिट्टी से बने हैं, एक ही धूप में तपे हैं। 'स्वभाव' का बहाना अब नहीं चलेगा। आटा एक ही है। उससे पराठा बने या लड्डू, मोयन ज्यादा-कम हो सकता है, पर मूल गुण वही रहते हैं-गेहूं के। बस आकार और स्वाद हमने अपनी सुविधा से बदल दिया। पुरुष ने स्त्री को अपने हिसाब से ढाला-कभी देवी का रूप, कभी दासी का। अब वक्त है कि स्त्री खुद तय करे कि उसे क्या बनना है-पराठा, लड्डू या फिर पूरा भोजन। परिभाषा अब वो खुद लिखेगी। भविष्य की कलम उसके हाथ में है।

# दिन-प्रतिदिन विद्या मंदिरों में लगते ताले



निर्मल रानी

देश के लगभग 21 लाख छात्रों का भविष्य पिछले दिनों उस समय फिर दांव पर लग गया जबकि NEET अर्थात नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट की राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा, पेपर लीक हो जाने के कारण रद्द कर दी गई। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था NTA अर्थात नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस मामले में स्वयं को जिम्मेदार मानते हुए परीक्षा रद्द करने की घोषणा की। पेपर लीक होने के चलते देश में पहले भी नीट परीक्षाएं रद्द हो चुकी हैं।

इसके लिए जिम्मेदार कोई भी हो परन्तु इससे सबसे बड़ा नुक्सान उस मेहनतकश विद्यार्थी को हुआ है जिसने दिन रात एक कर परीक्षा दी और परीक्षा के परिणाम सुनने के बजाए उन्हें परीक्षा के रद्द होने जैसी मनहूस खबर सुनाई दी। इस घटना के बाद एक बार फिर हमारे देश की विद्या यहां के विद्यार्थियों तथा विद्यालयों के भविष्य को लेकर चर्चा छिड़ गई है। एक तरफ तो नीट परीक्षा देने वाले जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान के वे छात्र जो भविष्य में डॉक्टर, वैज्ञानिक, इंजीनियर आदि बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं, उनका भविष्य अधर में लटका दिखाई दे रहा है। तो दूसरी तरफ शिक्षा को लेकर सरकार का एजेंडा व उसकी प्राथमिकताएं भी कुछ और ही नजर आ रही हैं। आज देश के विभिन्न राज्यों के विद्यालयों में अब भारतीय ज्ञान प्रणाली के नाम पर धर्म,अध्यात्म,कर्म काण्ड व पंडितों की शिक्षा दी जाने लगी है। यहां सरकारी और कुछ निजी स्कूलों में हिंदू धर्म, अध्यात्म, नैतिक मूल्यों, भारतीय ज्ञान प्रणाली और संबंधित ग्रंथों (जैसे भगवद्गीता, रामायण, वेद) की शिक्षा दी जा रही है और इससे संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत,मूल्य-आधारित शिक्षा, नैतिकता और सांस्कृतिक जागरूकता के नाम पर हो रहा है। हालांकि भारतीय संविधान (अनुच्छेद 28) सरक. ारी फंड वाले स्कूलों में धार्मिक शिक्षा पर रोक लगाता है, लेकिन धर्मों के बारे में शिक्षा की अनुम. ति है जिसे आधार बनाकर धार्मिक शिक्षा दी जा रही है । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समर्थित व अन्य हिंदू संगठनों द्वारा संचालित स्कूलों में यह पहले से अधिक प्रचलित है। शिक्षा को लेकर हमारा देश इस समय एक ऐसे दुर्भागयपूर्ण दौर से गुजर रहा है जबकि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर बैठे अनेक लोगों की शिक्षा, उनकी डिग्रियां असली हैं या नकली, विधान निर्माता शिक्षित है या अशिक्षित,इसतरह के सवाल उठ रहे हैं। उधर उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए संपन्न लोग अपने बच्चों को पहले भी विदेश भेजा करते थे और आज भी भेजते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री व दुनिया के जाने माने अर्थशास्त्री स्व डॉ मनमोहन सिंह ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से 1957 में अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी ऑनर्स डिग्री हासिल की थी और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से 1962 में डी।फिल। की उपाधि ग्रहण की थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू व राजीव गांधी भी कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं।

इसी तरह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण,ज्योतिरादित्य सिंधिया, राहुल गांधी, जयराम रमेश, पी. चिदंबरम, कपिल सिब्बल, सुब्रमण्यम स्वामी, जयंत सिन्हा, रतन टाटा, आनंद महिंद्रा जैसे अनेकानेक राजनेता उद्योगपति व प्रतिष्ठित लोग हारवर्ड, कैम्ब्रिज, ऑक्सफोर्ड या अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। परन्तु हमारे प्रधानमंत्री की नजरों में शायद इन विश्वविद्यालयों की डिग्रियों या यहां की पढ़ाई की उतनी अहमियत नहीं। तभी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2017 को उत्तर प्रदेश में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि ष्एक तरफ वे लोग हैं जो हार्वर्ड की बात करते हैं, और दूसरी तरफ एक गरीब का बेटा है, जो अपनी कड़ी मेहनत से अर्थव्यवस्था को सुधारने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी उन्होंने तमिलनाडु में एक सभा में कहा था कि देश को विकास के लिए हार्वर्ड की नहीं, हार्ड वर्क की जरूरत है। प्रधानमंत्री के अनुसार हार्वर्ड वालों से ज्यादा दम श्हार्ड वर्कश वालों में है। जरा सोचिए कि क्या पढ़ाई करना हार्ड वर्क की श्रेणी में नहीं आता? जो बच्चा परीक्षा की तैयारी के लिए दिन रात एक किए रहता है,खाना पीना नींद आराम सब कुछ छोड़कर रोज 16 -18 घण्टे पढ़ाई करता है वह क्या हार्ड वर्क नहीं है ?

# सोने पर सरकारी नजर : वरदान या नियंत्रण का जाल





रजनीश कपूर

जब से प्रधानमंत्री ने देशवासियों को सोना न खरीदने की अपील की है सोशल मीडिया पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उनमें से एक वीडियो पोस्ट काफी वायरल हो रहा है, जिसमें सरकार की सोने से जुड़ी नई नीति पर गहरी चिंता जताई गई है। पोस्ट में कहा गया है कि सरकार अब आम घरों में पड़े सोने को वित्तीय संपत्ति बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। आयात के दबाव, रूपए पर तनाव और ई-गोल्ड को बढ़ावा देने के नाम पर यह कदम उठाया जा रहा है। वीडियो में स्पष्ट किया गया कि सोना अब सिर्फ जेवर या निवेश नहीं, बल्कि एक 'पावर' है। पर जब यह डिजिटल हो जाएगा तो नियंत्रण किसके हाथ में होगा? आपके, बैंक के या सिस्टम के? यह सवाल आज हर आम आदमी को सोचने पर मजबूर कर रहा है। वीडियो में सरकार की तर्कसंगतता को भी समझाया गया है। भारत में घरों, लॉकरों, जेवरों और सिक्कों के रूप में भारी मात्रा में सोना पड़ा हुआ है, लेकिन यह अर्थव्यवस्था में घूमता नहीं है। न बैंक इसका इस्तेमाल कर पाते हैं, न जेवराती। हर साल देश को नया सोना आयात करना पड़ता है, जिसके लिए डॉलर खर्च होते हैं और आयात बिल बढ़ता है। सरकार का तर्क है कि यदि यह निष्क्रिय सोना सिस्टम में आ जाए, तो आयात कम होगा, अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके लिए ई-गोल्ड यूनिट्स या गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें आप भौतिक सोना जमा करेंगे, डिजिटल यूनिट्स लेंगे, ब्याज कमाएंगे और लॉकर चार्ज बचाएंगे। वीडियो में सोने की शुद्धता जांच, बार-कॉइन-जेवर स्वीकार करने और रिनॉउन्ड रिफाइनर से टाई-अप जैसी सुविधाओं का जिक्र भी है।

लेकिन वीडियो सिर्फ सरकारी तर्क पर नहीं रुकता। यह चेतावनी देता है के कैश को 'यूपीआई' से डिजिटल बनाने, कागजी शेयरों को डीमैट में लाने के बाद अब सोने की बारी है। भौतिक सोना, जो लॉकर में 'अ.श्य' और 'निजीश्था, अब पंजीकृत, 'ट्रैकेबल' और नियमों के दायरे में आ जाएगा। वीडियो में 'सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड' का भी उदाहरण दिया गया है, जहां 1 लाख का निवेश 4.86 लाख हो गया, लेकिन अब फोकस घरेलू सोने पर है। सवाल उठाया गया है कि क्या यह सिर्फ आयात कम करने की रणनीति है या सिस्टम में पूर्ण नियंत्रण का खेल? यह पोस्ट आम आदमी की चिंताओं को छूता है। सोना भारतीय संस्कृति में सिर्फ संपत्ति नहीं, बल्कि सुरक्षा, विवाह और आपातकालीन फंड माना जाता है। महिलाओं के मंगलसूत्र से लेकर परिवार की पीढ़ी-दर-पीढ़ी की जमा पूंजी तक, यह भावनात्मक और आर्थिक रूप से जुड़ा है। वीडियो के संदेश को देखते हुए लगता है कि डिजिटल सोना बनने पर न सिर्फ रूप बदलेगा, बल्कि नियंत्रण, दृश्यता और भविष्य के नियम भी बदल जाएंगे। इस पोस्ट पर आए कमेंट्स इस चिंता को और गहरा करते हैं। एक यूजर ने लिखा, ह्बड़े-बड़े उद्योगपतियों का जेवर ले लो, आम जनता को बक्श दो। दूसरे ने कहा, डिजिटल इंडिया मतलब गुलामी, फंडामेंटल राइट्स खोना। कई कमेंट्स में डर जताया गया कि सरकार महिलाओं के मंगलसूत्र तक पर नजर रखेगी। एक ने चेतावनी दी, बैंक डूब गया तो क्या देंगे? फिजिकल गोल्ड ही अच्छा। कुछ यूजर्स ने इसे 'न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' या 'ग्लोबलिस्ट एजेंडे' से जोड़कर देखा, जहां सोना रजिस्टर कराने के बाद आम आदमी सड़क पर आ जाएगा। कुल मिलाकर, कमेंट सेक्शन सरकार पर अविश्वास, डिजिटल नियंत्रण के भय और व्यक्तिगत स्वायत्तता खोने की भावना से भरा पड़ा है। लोग याद दिला रहे हैं कि कैश और शेयरों की तरह सोना भी 'ट्रैकेबल' हो गया तो निजी संपत्ति पर सिस्टम की पकड़ मजबूत हो जाएगी। अब सवाल यह है कि यह नीति आम आदमी को कितना फायदा पहुंचाएगी? फायदों की बात करें तो यह निश्चित रूप से कुछ वर्गों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है। जो लोग अपना सोना लॉकर में बेकार पड़ा रखते हैं, उन्हें ब्याज कमाने का मौका मिलेगा। लॉकर चार्ज बचेंगे, सोने की शुद्धता की जांच होगी और जरूरत पड़ने पर इसे आसानी से लिक्विड किया जा सकेगा। अर्थव्यवस्था के स्तर पर आयात बिल कम होने से रूपया मजबूत होगा, महंगाई पर काबू रहेगा और विद. ेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित होगा। अप्रत्यक्ष रूप से आम आदमी को फायदा पहुंचेगा। यानी कि स्थिर अर्थव्यवस्था, बेहतर रोजगार और कम आयात निर्भरता। छोटे किसान, मध्यम वर्गीय परिवार या महिलाएं, जो सोने को सुरक्षित निवेश मानती हैं, बिना बेचे ब्याज कमा सकेंगी। गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम में शुद्धता जांच की सुविधा भी जेवरातों की विश्वसनीयता बढ़ाएगी, लेकिन नुकसान भी कम नहीं। सबसे बड़ा खतरा नियंत्रण का है। भौतिक सोना परिवार की स्वतंत्र संपत्ति है। डिजिटल होने पर बैंक या सरकार के पास डेटा होगा। कर चोरी, ब्लैक मनी या आपात स्थिति में सरकार इसका इस्तेमाल कर सकती है।



कुल्लू-मनाली। ग्रीष्म ऋतु के दौरान ब्यास नदी में रिवर रॉफ्टिंग का आनंद लेते पर्यटक।

## घातक फेंटानिल की आपूर्ति में भारतीय दवा विक्रेता वीजा प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत स्थित ऑनलाइन दवा विक्रेता केएस इंटरनेशनल ट्रेडर्स से जुड़े 13 करीबी व्यावसायिक सहयोगियों पर वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की है। अमेरिका ने इस नेटवर्क पर देश में घातक और अवैध फेंटानिल को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता थॉमस 'टॉमी' पिंगॉट ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई उन अंतर्राष्ट्रीय तस्करी अभियानों को ध्वस्त करने के एक आक्रामक अभियान का हिस्सा है, जो अमेरिका में परिवारों को तबाह करने वाली अवैध फेंटानिल के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश विभाग के अनुसार, केएस इंटरनेशनल ट्रेडर्स ने कथित तौर पर पूरे अमेरिका में खरीदारों को अवैध फेंटानिल युक्त लाखों जाली दवाएं बेचीं।

## रूस के बेलगोरोद में पटरी से उतरी ट्रेन

**मॉस्को।** रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में रेल की पटरी में लगभग 6.5 फीट का अंतर आने के कारण एक ट्रेन पटरी से उतर गई है। बेलगोरोद क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैदकोव ने बुधवार को कहा कि यह घटना किसी विस्फोटक उपकरण के कारण हो सकती है। ग्लैदकोव ने टेलीग्राम पर लिखा कि याकोवलेवस्की जिले में एक आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हुई है। राजुमनोए-तोमारोवका मार्ग पर जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई। प्रारंभिक सूचना से पता चलता है कि यह घटना पटरी में लगभग दो मीटर के अंतर के कारण हुई, जो किसी विस्फोटक उपकरण के फटने से हो सकता है। गवर्नर ने बताया कि ट्रेन चालक को आपातकालीन ब्रेक लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसके कारण डिब्बे का आधा हिस्सा पटरी से उतर गया।

# ईरान ने वॉशिंगटन पर साधा निशाना

### कहा: पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका के कदम शांति कायम होने में सबसे बड़ी बाधा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन के कदमों से भरोसे में कमी शांति कायम होने में सबसे बड़ी बाधा है। अराघची ने यह बात तेहरान में नार्वे के उप-विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान कही।

ईरानी सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी ने यह जानकारी दी। प्रेस टीवी के मुताबिक, अराघची ने अमेरिकी पक्ष के कथित अहंकारी रुख और धमकी भरी तथा भड़काऊ भाषा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका की नीयत में कमी और बेईमानी ही युद्ध को पूरी तरह खत्म करने में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमले ही मौजूदा स्थिति और होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव की मुख्य वजह हैं। उन्होंने यह भी कहा कि



अराघची ने यह बात तेहरान में नार्वे के उप-विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान कही

ईरान के समुद्री बंदरगाहों की लगातार नाकेबंदी करके कई बार युद्धविराम का उल्लंघन किया गया है। अराघची ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य के तटीय देश के रूप में ईरान अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार वहां की व्यवस्थाओं और नियमों को तय करने के लिए विचार-विमर्श कर रहा है। इस बीच, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल का हमला केवल जमीन, संसाधनों या भू-राजनीति का युद्ध नहीं है, बल्कि यह ऐसा युद्ध है जो वर्तमान और भविष्य में 'अच्छाई' और 'बुराई' के मायने तय करेगा। बघाई ने दोनों देशों पर युद्ध विराम के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष ईरान पर थोपा गया है।

### ईरान अमेरिका से पांच शर्तें पूरी करने पर बातचीत करेगा

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अमेरिका पांच शर्त पूरी करें तो वह उससे बातचीत करेगा। फार्स न्यूज एजेंसी ने एक सूत्र के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। मंगलवार को मिली रिपोर्ट के अनुसार इन शर्तों में सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करना (विशेषकर लेबनान में) ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना, ईरान की संपत्ति पर लगी रोक हटाना, नुकसान की भरपाई करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को मान्यता देना शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने पाकिस्तान को (अमेरिका के साथ ईरान की बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है) यह संदेश दिया कि नौसैनिक नाकेबंदी ने ईरान के इस विचार को और मजबूत कर दिया है कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय हे कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान के क्षेत्र पर हमले किए।

# ट्रम्प के रक्षा बजट पर मचा बवाल

## ईरान युद्ध पर अमेरिकी संसद में घमासान, हेगसेथ ने किया सैन्य अभियान का जोरदार बचाव, बोले: अब भी हमारे हाथ में सारे पत्ते

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान का जोरदार बचाव किया। उन्होंने कहा कि तमाम तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी संकट के बावजूद अमेरिका अब भी सभी पत्ते अपने हाथ में रखता है। सीनेट विनियोग उपसमिति के समक्ष रक्षा मामलों की सुनवाई के दौरान हेगसेथ ने डेमोक्रेट सांसदों के साथ तीखी बहस की। इस बैठक में जाइंट चीफ्स चेयरमैन डैन केन भी मौजूद थे।

सुनवाई का मुख्य मुद्दा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रस्तावित 1.5 ट्रिलियन डॉलर का रक्षा बजट, ईरान युद्ध की बढ़ती लागत, होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से बढ़ती तेल कीमतें और चीन-यूक्रेन को लेकर अमेरिकी रणनीति रही। हेगसेथ ने कहा कि ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने दावा किया कि 47 वर्षों से ईरान अमेरिका पर हमला करता रहा है और परमाणु हथियार कार्यक्रम को लेकर झूठ बोलता रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने आखिरकार कार्रवाई करने का साहस दिखाया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की पूरी पारंपरिक नौसेना अब फारस की खाड़ी के तल में पड़ी है और मौजूदा स्थिति में अमेरिका के पास पहले से ज्यादा दबदबा है। हालांकि डेमोक्रेट सांसदों ने ट्रम्प प्रशासन की रणनीति पर गंभीर



ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है: हेगसेथ

सवाल उठाए। सीनेटर क्रिस कून्स ने कहा कि यह युद्ध बिना किसी स्पष्ट लक्ष्य और अंत की योजना के लड़ा जा रहा है, जिसकी कीमत अमेरिकी जनता चुका रही है। वहीं सीनेटर पैटी मरे ने बढ़ती ईंधन और खाद्य कीमतों के बीच भारी रक्षा खर्च पर सवाल उठाए। पेंटागन के मुताबिक ईरान संघर्ष पर अब तक करीब 29 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं, हालांकि अमेरिकी सैन्य ठिकानों को हुए नुकसान का पूरा आकलन अभी बाकी है। सुनवाई के दौरान सबसे बड़ा सवाल होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने को लेकर उठा। वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद अहम इस समुद्री मार्ग में व्यवधान के कारण दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं। इस पर हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका के पास सैन्य विकल्प मौजूद हैं, लेकिन वाशिंगटन अब भी बातचीत के जरिए समाधान चाहता है ताकि ईरान अंतर्राष्ट्रीय जलमार्गों में समुद्री डकैती बंद करे। जाइंट चीफ्स चेयरमैन जनरल डैन केन ने भी माना कि ईरान अपनी सैन्य गतिविधियों के जरिए दुनिया की अर्थव्यवस्था को बंधक बनाए हुए है, लेकिन उन्होंने सैन्य योजनाओं पर सार्वजनिक रूप से ज्यादा जानकारी देने से इन्कार कर दिया। सुनवाई में मिच मैककोनेल ने नाटो सहयोगियों और यूक्रेन को समर्थन जारी रखने की जरूरत पर जोर दिया।

### एक्सपर्ट्स का दावा: ईरान युद्ध में 95 लाख करोड़ फूंक चुके ट्रम्प, बताया सिर्फ 2.77 लाख करोड़

**वाशिंगटन।** पिछले दो महीने से अमेरिका और ईरान में तनाव जारी है। इस युद्ध में अमेरिका के अब तक 2,77 लाख करोड़ खर्च हो चुके हैं। मंगलवार को पेंटागन के एक वरिष्ठ बजट अधिकारी अमेरिकी सांसदों को यह जानकारी दी। हालांकि यह आंकड़े पेंटागन की ओर से अमेरिकी कांग्रेस के समक्ष प्रस्तुत किए अनुमानित बजट से 2.39 लाख करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि ये अनुमान अमेरिकी युद्ध विभाग की ओर से खर्च को कम करके आंका गया अनुमान मात्र हैं। वहीं, कुल खर्च संभावित रूप से 95.67 लाख करोड़ रुपये तक जा सकता है। हार्वर्ड कैनेडी स्कूल द्वारा पिछले सप्ताह जारी एक शोध के अनुसार, युद्ध बजट विशेषज्ञ लिंडा बिल्मेस का कहना है कि उन्हें पूरा विश्वास है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अनुमानित लागत 95 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। उन्होंने बताया कि अल्पकालिक, अग्रिम लागतों में प्रतिदिन लगभग 19134 करोड़ रुपये खर्च होते हैं, जो उनके अनुसार हिमशैल का एक छोटा सा हिस्सा मात्र है।

## अमेरिका के हथियारों के जखीरे खाली होने के दावे गलत: हेगसेथ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान युद्ध में अमेरिका के हथियारों के जखीरे खाली होने की रिपोर्टें और राजनीतिक दावे मूर्खतापूर्ण एवं व्यर्थ रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हैं। हेगसेथ ने ईरान युद्ध के खर्च पर आयोजित संसदीय सुनवाई में इन दावों को सिरे से खारिज किया। हेगसेथ ने सदन विनियोग रक्षा उपसमिति के सामने कहा कि ईरान और पश्चिम एशिया में जारी तनाव से संबंधित मांग बढ़ने के बावजूद अमेरिकी सेना की पूरी परिचालन क्षमता बरकरार है। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिकी सेना के पास अपने अभियानों को अंजाम देने के लिए आवश्यक सभी हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध हैं। उन्होंने उन रिपोर्टों को खारिज किया जिनमें कहा गया था कि रक्षा मंत्रालय महत्वपूर्ण हथियार प्रणालियों की कमी का सामना कर रहा है।

## राष्ट्रपति शी के साथ उच्च स्तरीय बैठक के लिए चीन पहुंचे ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प स्थानीय समयानुसार आज सुबह बीजिंग पहुंचे और वह यहां अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। ईरान युद्ध छिड़ने के कारण इस साल की शुरुआत में जो बातचीत टल गई थी, उसे अब फिर से शुरू किया जा रहा है। ट्रम्प मंगलवार को ह्वाइट हाउस से रवाना हुए थे।

दोनों नेताओं के बीच बातचीत में व्यापार का मुद्दा सबसे अहम रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही, ईरान युद्ध और हॉर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति में आ रही बाधाओं पर भी गंभीर चर्चा होने की संभावना है। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि ऊर्जा सुरक्षा और ताइवान के मुद्दे भी चर्चा में शामिल होंगे। दरअसल, ताइवान का सवाल अमेरिका और चीन के रिश्तों के बीच सबसे संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है। अपनी यात्रा से

दानों नेताओं के बीच चर्चा के मुख्य विषय होंगे व्यापार, ताइवान और ईरान

पहले ट्रम्प ने सार्वजनिक बयानों में कई बार शी जिनपिंग की तारीफ की। सोमवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे एक महान व्यक्ति हैं। मुझे वे बहुत ही अद्भुत इंसान लगते हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपति शी के साथ मेरे रिश्ते बहुत अच्छे हैं। हम चीन के साथ काफी व्यापार करते हैं और बहुत पैसा कमा रहे हैं। ट्रम्प ने 'ट्रुथ सोशल' पर मजाक में यह भी लिखा कि जब दोनों नेता मिलेंगे, तो शी उन्हें 'गले लगाएंगे'। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, व्यापार, प्रतिबंधों और पश्चिम एशिया के संघर्ष के बावजूद विश्लेषकों का कहना है कि दोनों सरकारें रिश्तों को और बिगड़ने से रोकने तथा उन्हें बेहतर बनाने की कोशिश कर रही हैं।




# ट्रम्प ने वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बताया

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने मानचित्र साझा किया, मजाक में दे चुके थे संकेत

ट्रम्प ने वेनेजुएला के तेल पर नियंत्रण करने के अपने इरादे की भी घोषणा की थी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक मानचित्र साझा किया है जिसमें वेनेजुएला को अमेरिका के 51वें राज्य के रूप में दिखाया गया है। ट्रम्प ने मजाक में वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की ओर संकेत तब दिया जब उन्होंने मार्च में विश्व बेसबॉल क्लासिक सेमीफाइनल में इटली को हराने पर वेनेजुएला की राष्ट्रीय बेसबॉल टीम को बधाई दी थी।

उन्होंने इस त का श्रेय वेनेजुएला के अमेरिका के साथ सहयोग को दिया। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने सोमवार को सोमवार को इस दक्षिण अमेरिकी देश के अमेरिका का 51वां राज्य बनने की कभी भी संभावना को खारिज कर दिया। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ने के लिए जनवरी की शुरुआत में वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई के बाद अमेरिका और वेनेजुएला ने राजनयिक संबंधों को बहाल करना शुरू कर दिया था। ट्रम्प ने वेनेजुएला के तेल पर नियंत्रण करने के अपने इरादे की भी घोषणा की थी।

### ट्रम्प के दावों के बावजूद ईरान की 70 प्रतिशत मिसाइल क्षमता सुरक्षित: रिपोर्ट

**वॉशिंगटन।** ईरान ने अपनी मिसाइल क्षमता का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा सुरक्षित रखा है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास 33 में से 30 प्रक्षेपण स्थलों तक फिर से पहुंच बना ली है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी खुफिया आंकड़ों के हवाले से बताया कि ईरान के पास अभी भी अपनी मिसाइल प्रक्षेपण प्रणालियों का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अपने 90 प्रतिशत भूमिगत केंद्रों और प्रक्षेपण प्रणालियों तक पहुंच बहाल कर ली है जो आंशिक या पूर्ण रूप से उपयोग के लिए तैयार हैं। गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरानी क्षेत्र पर हमले शुरू किए थे। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य केंद्रों पर हमला किया। अमेरिका और इजरायल ने दावा किया कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से पैदा हुए खतरे का मुकाबला करने के लिए उनका 'निवारक' हमला आवश्यक था लेकिन उन्होंने जल्द ही यह स्पष्ट कर दिया कि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन देखना चाहते हैं। गत सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान ने युद्धविराम की घोषणा की थी।




# भारत-रूस के बीच है अटूट रणनीतिक दोस्ती: लावरोव

**नई दिल्ली।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को भारत-रूस संबंधों को 'गहरे भरोसे पर आधारित और लंबे समय से चले आ रहे रणनीतिक साझेदारी' करार देते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंध केवल तेल और रक्षा सहयोग तक सीमित नहीं हैं।

लावरोव ने आरटी इंडिया को दिए एक विस्तृत साक्षात्कार में भारत की स्वतंत्रता के समय से द्विपक्षीय संबंधों की शुरुआत का उल्लेख करते हुए कहा कि सोवियत संघ दौर के दशकों पुराने सहयोग ने आज की 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' की नींव रखी। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत-रूस संबंध मुख्य रूप से ऊर्जा और रक्षा व्यापार पर आधारित हैं, तो उन्होंने इस धारणा को खारिज करते हुए कहा कि यह केवल तेल और गैस तक सीमित नहीं है, यह इससे कहीं अधिक व्यापक है। उन्होंने परमाणु ऊर्जा, औद्योगिक उत्पादन, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे

गहरे भरोसे पर आधारित और लंबे समय से चल रही रणनीतिक साझेदारी करार दिया

क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग का उल्लेख किया। लावरोव ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग 'खरीदार-विक्रेता' मॉडल से आगे बढ़कर संयुक्त उत्पादन व्यवस्था में बदल चुका है। उन्होंने ब्रह्मोस मिसाइल के संयुक्त उत्पादन, भारत में टी-90 टैंक के लाइसेंस प्राप्त निर्माण और कलाश्निकोव असॉल्ट राइफल के उत्पादन जैसी परियोजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ए पहल दोनों देशों के बीच 'उच्च स्तर के विश्वास' को दर्शाती हैं और रक्षा सहयोग में गोपनीयता भी न्यूनतम स्तर पर है। लावरोव ने भारत के लिए रूस को 'विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता' बताते हुए तेल, गैस, कोयला और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग जारी रहने की बात कही।

